मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 41.5 | 28.5 |
| जमशेदपुर | 41.4 | 24.2 |
| डालटनगंज | 41.4 | 21.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* * *



www.lagatar.in  रविवार 05 मई 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 26  आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



# एक्सपडाईटस वर्कर्स फाउंडेशन

## के द्वारा बीमा एवं वाहन खरीद पर वितिय सहायता अभियान

जीवन बीमा खरीदे
हमारे NGO के सहयोग से



MOB: 9905076175

हमारे NGO के सहयोग से जीवन बीमा मे निवेश करे और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करें और बच्चो की उच्च शिक्षा, शादी, रिटायरमेंट प्लान इत्यादि को सुनश्चित करें।

हमारे NGO के माध्यम से मात्र एक साल का प्रीमियम भरे और 13 साल के बाद प्रीमियम राशी का 12 गुना गारेंटेड(1200% प्रतिशत तक) रकम प्राप्त करें।*

या

प्रथम वर्ष प्रीमियम की 35% (प्रतिशत) मुल्य की सहयोग राशी हमारे NGO के माध्यम से सीधे अपने खाते में तुरंत प्राप्त करें।*


स्वास्थ बीमा खरीदे
हमारे NGO के सहयोग से




MOB: 9234612182

भविष्य मे आनेवाली अचानक बिमारी के कारण अस्पताल के खर्चो से मुक्ति पाएं। हमारे NGO के सहयोग से स्वास्थ बीमा खरीदे और प्रिमियम राशी के 25% (प्रतिशत) मुल्य तक सहयोग राशी हमारे NGO के माध्यम से सीधे अपने खाते में प्राप्त करें।*

0% ब्याज पर वाहन खरीदे
हमारे NGO के सहयोग से



MOB: 7856095796

कोई भी दो पहिया वाहन और कमर्शियल वाहन पर आपके द्वारा लिए गए लोन पर लगने वाले ब्याज राशी का हमारे NGO के माध्यम से मासिक रूप से सीधे अपने खाते मे प्राप्त करें। *

नोट :- इस योजना का उदेश्य बीमा उत्पाद के प्रति समाज को जागरूक करने के साथ - साथ बिमा खरीदने के लिए लोगा को प्रोतसाहित करना और वितिय सहायता प्रदान करना है और कमर्शियल वाहन एवं दो पहिया वाहन लोन पर लिए गए ब्याज की राशी की पुर्ति करके जरूरत मंदो की मदद करना है।

* नियम व शर्तें लागु

# EXPEDITUS WORKERS FOUNDATION

(Reg. Under Section 8 Company Act, 80G & 12A Certified)

Corporate Office: 3rd Floor, M.R TOWER, Gayatri Nagar, Pipra Toli, Khunti, 835210

CIN - U85300JH2023NPL019930 / PAN NO. AAHCE4288N / TAN NO.RCHE00856C

Web: www.ewfngo.org / E-mail: exwfoundation@gmail.com/admin@ewfngo.org

### पश्चिमी सिंहभूम, साहिबगंज, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा, जामताड़ा, गुमला, खूंटी और लातेहार में स्थिति भयावह

# झारखंड के 10 जिलों में 30 फीसदी तक ही भू-गर्भ जल है रिचार्ज

रवि भारती। रांची

झारखंड में जलसंकट निरंतर गहराता ही जा रहा है. राज्य के 10 जिलों में भू-गर्भ जल की स्थिति भयावह हो गई है. इन जिलों में सिर्फ नौ से 30 फीसदी तक ही भू-गर्भ जल रिचार्ज हो पाया है. जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य के पश्चिमी सिंहभूम, साहिबगंज, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा, जामताड़ा, गुमला, खूंटी और लातेहार में भू-गर्भ जल की स्थिति भयावह बनी हुई है. सबसे कम पश्चिमी सिंहभूम में सिर्फ नौ फीसदी ही भू-गर्भ जल रिचार्ज हो पाया है.

**राज्य में 4292 मीट्रिक क्यूबिक मीटर भू-गर्भ जल उपलब्ध :** झारखंड में 4292 मीट्रिक क्यूबिक मीटर भू-गर्भ जल उपलब्ध है, जबकि सतही जल (सरफेस वाटर) 25876.98 मीट्रिक क्यूबिक मीटर उपलब्ध है. इसमें सिंचाई के लिए 3813.70 मीट्रिक क्यूबिक मीटर पानी की जरूरत है, जबकि उद्योगों के लिए 4338 मीट्रिक क्यूबिक मीटर पानी की जरूरत बतायी गयी है. वहीं शहरी आबादी को प्रति दिन 1616.32 लाख गैलेन पानी की जरूरत है. इसके एवज में शहरी क्षेत्रों में 734.35 लाख गैलेन पानी की ही आपूर्ति हो पाती है.

- शहरी क्षेत्रों में 1616 .35 लाख के एवज में 734 .35 लाख गैलन आपूर्ति
- पश्चिमी सिंहभूम में सिर्फ नौ फीसदी ग्राउंड वाटर ही रिचार्ज
- राज्य के शहरी इलाकों में 882 लाख गैलेन पानी की है कमी
- उद्योगों को चाहिए 4338 मीट्रिक क्यूबिक मीटर पानी
- सिंचाई के लिए चाहिए 3813 .70 मीट्रिक क्यूबिक मीटर पानी




### आंकड़ों के अनुसार पूर्वी सिंहभूम में सबसे अधिक पानी का दोहन

जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक पूर्वी सिंहभूम में 131.39 % पानी का दोहन हो चुका है. इसके अलावा गोड्डा में 117.39 %, रांची के कांके में 112.4 % और धनबाद के झरिया में 105.63 % पानी का दोहन हो चुका है. इन सभी जगहों को ओवर एक्सप्लोएटेड की श्रेणी में रखा गया है. वहीं बोकारो के चास में 75.92 और रांची के रातू में 72.49 % पानी का दोहन हुआ है. इन दोनों जगहों को सेमी-क्रिटिकल श्रेणी में रखा गया है. इसके अलावा धनबाद में 92.15 और रामगढ़ में 94.29 % पानी का दोहन हुआ है. इस दोनों जिलों को क्रिटिकल श्रेणी में रखा गया है.

### किस जिले में कितना भूगर्भ जल रिचार्ज

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| पश्चिमी सिंहभूम | 09 |
| साहिबगंज | 22 |
| दुमका | 27 |
| पूर्वी सिंहभूम | 21 |
| सरायकेला | 12 |
| सिमडेगा | 27 |
| जामताड़ा | 27 |
| गुमला | 26 |
| खूंटी | 28 |
| लातेहार | 26 |
| बोकारो | 31 |
| चतरा | 35 |
| देवघर | 33 |
| धनबाद | 52 |
| गढ़वा | 35 |
| गिरिडीह | 36 |
| गोड्डा | 39 |
| हजारीबाग | 33 |
| कोडरमा | 33 |
| लोहरदगा | 40 |
| पलामू | 32 |
| रामगढ़ | 39 |
| रांची | 40 |

### 2025 तक किस जिले को कितने पानी की होगी जरूरत

| जिला | पानी (क्यूबिक मी.) |
|---|---|
| बोकारो | 4121 |
| चतरा | 2197 |
| देवघर | 2605 |
| धनबाद | 5780 |
| दुमका | 2455 |
| पूर्वी सिंहभूम | 4966 |
| गढ़वा | 2510 |
| गिरिडीह | 5099 |
| गोड्डा | 2128 |
| गुमला | 1670 |
| हजारीबाग | 3392 |
| जामताड़ा | 1293 |
| खूंटी | 963 |
| कोडरमा | 1342 |
| लोहरदगा | 818 |
| लातेहार | 1288 |
| पाकुड़ | 1582 |
| पलामू | 3761 |
| रामगढ़ | 1633 |
| साहेबगंज | 1976 |
| सरायकेला | 1731 |
| सिमडेगा | 1118 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 2562 |
| रांची | 5080 |

### भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने झामुमो नेताओं पर किया तीखा हमला, कहा

# दिशोम गुरु की बगिया उजाड़ फेंकी

**लगाया आरोप**

- झामुमो ने दिशोम गुरु को निर्णय समिति से किया दरकिनार
- गंदी और तुच्छ राजनीति पर उतर आये हैं झामुमो के नेता

मुख्य संवाददाता। रांची

दुमका लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन ने झामुमो पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट कर कहा है कि झामुमो द्वारा झारखंड आंदोलन के एक मजबूत सिपाही, राजनीति के भीष्म पितामह, हमारे दुखहर्ता और पालनकर्ता आदरणीय बाबा जी का जो अपमान किया जा रहा है, उससे झारखंड का कोई भी गांव अछूता नहीं है. झामुमो सुप्रीमो की तबीयत खराब होने के बावजूद झामुमो के मुखौटे में बैठे सत्ता की लालसा लिये शीर्ष नेताओं ने उलगुलान के नाम पर अपने स्वार्थ के लिए उनको कभी चिलचिलाती धूप में बैठाया, तो कभी उन्हें संसद ले गये. यही नहीं परम पूज्य दिशोम गुरु जी को निर्णय लेने वाली समिति से भी दरकिनार किया गया.






#### भाजपा प्रत्याशी ने लिखा : मेरे लिए राजनीति के द्रोणाचार्य हैं बाबा जी

दुमका से भाजपा प्रत्याशी ने आगे लिखा है कि दुर्गा सोरेन जी के देहावसान के बाद मुझे और मेरी बेटियों को जब मेरे ही परिवार ने दरकिनार किया, तब मुझ जैसे अबोध का बाबा जी ही एकमात्र सहारा बने रहे. उनके संरक्षण में मैंने राजनीति का क, ख, ग, घ सीखा है. मेरी बेटियों ने अपने बाबा जी की उंगली पकड़ कर चलना और अपने पैरों पर खड़ा होना सीखा. पूज्यनीय ससुर होने के साथ-साथ बाबा जी मेरे लिए राजनीति के द्रोणाचार्य हैं, जिनका अपमान करना मेरे लिए खुद के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करना है.

#### जब कोई मुद्दा नहीं बचा, तो गंदी और तुच्छ राजनीति कर रहे हैं

सीता सोरेन ने कहा है कि अब जब झामुमो के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, तो वह गंदी और तुच्छ राजनीति को जनता के सामने परोसने की कोशिश कर रहे हैं. मेरे गुरुजी, मेरे पितातुल्य बाबा जी के नाम पर राजनीति करनेवालों, उनका अनादर करनेवालों उनके बिगड़ते स्वास्थ्य का भी तनिक ख्याल कर लो, सिर्फ सत्ता की राजनीति करने से आपको सत्ता तो जरूर मिल सकती है. लेकिन ऐसी तुच्छ राजनीति से दिशोम गुरुजी जैसी कोमलता, मृदुलता, उपलब्धि और महारत कदापि नहीं मिलेगी.

#### बाबा के कदमों की धूल को माथे पर लगाकर लिया है संकल्प

सीता ने सोरेन ने यह भी लिखा है कि झारखंड के लोगों के दिलों में जितना प्रेम बाबा जी के लिए है, उतना ही या उससे कहीं ज्यादा मेरे दिल में भी है. मेरी बेटियां इस बात की गवाह हैं कि बाबा जी सिर्फ मेरे ससुर भर नहीं, बल्कि मेरे गुरु, मेरे पिता, मेरी छोटी राजनीतिक पारी के मार्गदर्शक और सूत्रधार भी हैं. उनके कदमों की धूल को अपने माथे में लगा कर ही मैंने दुमका की सेवा करने का संकल्प लिया है. इन रास्तों में चलने पर विरोधियों के बिछाये कांटे तो जरूर आयेंगे, पर आपको बताना चाहती हूं कि कांटों पर चलना बाबा जी का इतिहास रहा है और इस परंपरा को आगे बढ़ा कर अपने पैरों के छालों को भुला कर उन्हीं के रास्तों पर चल कर दुमका की सेवा करना मेरा प्रथम कर्तव्य है.

#### झामुमो ने बाबा जी के संघर्षों को भुला दिया

सीता सोरेन ने कहा कि जिन्होंने अपने खून पसीने से झामुमो पार्टी रूपी वृक्ष को सींचा और खड़ा किया, आज उसी पार्टी ने बाबा जी (शिबू सोरेन) के संघर्षों को भुला दिया है. उनकी बनायी गयी बगिया को उजाड़ कर पहले फेंका गया. फिर बंजर बना कर छोड़ दिया गया. ऐसे संस्कारहीन, नैतिकता की सारी हदें पार करने वाले झामुमो के नेता आज खुद को बगिया का मालिक समझने की भूल कर बैठे हैं.

## एक दिन पूर्व सीता के एक्स हैंडल पर पोस्ट से मचा था बवाल

**सीता ने कहा था- बाप-बेटे की जोड़ी ने झारखंड को लूट का अड्डा बना दिया**

विशेष संवाददाता। रांची

एक दिन पूर्व दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के 'एक्स' हैंडल से किये गये पोस्ट पर जमकर बवाल हुआ था. दसअसल, उस पोस्ट में कहा गया था कि परिवारवादी शहजादे और बाप-बेटे की जोड़ी ने झारखंड को लूट का अड्डा बना कर छोड़ दिया है. लेकिन अब जनता ने ठान लिया है कि इस बार महाठगबंधन का पूरी तरह से सफाया होगा और 14 की 14 सीटों पर झारखंड की जनता कमल खिलाएगी. हालांकि, बाद में सीता ने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया था और माफी मांगते हुए 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा था कि उन्हें पता चला है कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट से एक असंवेदनशील पोस्ट किया गया है. इसके लिए वह क्षमा प्रार्थी हैं. चुनावी व्यस्तताओं के कारण उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट को चलाने की जिम्मेदारी एक सोशल मीडिया टीम को दी थी, जिनकी तरफ से यह चूक हुई है. उन्होंने कहा कि जिनलोगों ने भी उनकी राजनीति को देखा है, वह जानते हैं कि मैं बाबा का कितना सम्मान करती हूं.



**झामुमो ने सीता को दिया था करारा जवाब :** झामुमो की ओर से शिबू सोरेन की बड़ी बहू और दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को करारा जवाब दिया गया. पार्टी ने एक्स हैंडल के जरिए कहा कि दिशोम गुरु एवं आपके अपने पिता तुल्य ससुर जी आदरणीय शिबू सोरेन जी के लिए ऐसी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल तो भाजपा के पुराने से पुराने नेता भी नहीं करते.

### झारखंड में राजद के स्टार प्रचारकों में तेजस्वी यादव और तेजप्रताप भी शामिल

रांची। प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने झारखंड में 38 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है. सभी लोग राजद व 'इंडिया' गठबंधन के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे. इनमें बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, तेज प्रताप यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मनोज झा, श्याम रजक, भोला प्रसाद यादव, जयप्रकाश नारायण यादव, उदय नारायण चौधरी, इसराइल मंसूरी, सत्यानंद भोक्ता, संजय कुमार सिंह यादव, गौतम सागर राणा, सुरेश पासवान, संजय प्र यादव, मो. नेहालुद्दीन, स्वीटी सीमा हेंब्रम, अनीता देवी, फैयाज अहमद, श्यानदास सिंह, कैलाश यादव, डॉ. मनोज कुमार, अर्जुन यादव, आबिद अली, मो. कारी सोएब, समता देवी, अभय कुमार सिंह, अनीता यादव, रंजन कुमार यादव, जमरूद्दीन अंसारी, नरेश सिंह, मनोज पांडेय, चंद्रिका यादव, रानी कुमारी, विजय राम, गिरधारी गोप, सुरेश पासवान-देव, लक्ष्मण यादव, घनश्याम चौधरी हैं. कैलाश यादव ने कहा कि लिस्ट में शामिल सभी लोगों को मुख्य चुनाव आयोग से आए स्टार प्रचारक का अनुमति कार्ड वितरण कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि लिस्ट में कुछ और लोगों का विस्तार संभव है.

**38** स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है.

### पीएमएलए कोर्ट में ईडी और बचाव पक्ष की ओर से लिखित बहस जमा

## हेमंत की जमानत पर 10 को आयेगा फैसला

संवाददाता। रांची

लैंड स्कैम केस के आरोपी व झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई. इस दौरान हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया. अब कोर्ट 10 मई को अपना फैसला सुनायेगा. इससे पहले 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की बेल पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी. बहस के दौरान बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयीं. दूसरी तरफ ईडी ने उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया.

#### हेमंत ने तीन-तीन कोर्ट में लगायी है जमानत की गुहार



जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है. हेमंत सोरेन ने रांची पीएमएलए कोर्ट के अलावा झारखंड हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी जमानत की गुहार लगायी है. बता दें लैंड स्कैम केस के प्रमुख आरोपी हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं. हेमंत सोरेन को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 30 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था. वहीं इसी केस में अफसर अली, अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी गिरफ्तारी कर चुकी है.

## 29 % उम्मीदवारों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

प्रमुख संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- 20 प्रतिशत के खिलाफ दर्ज हैं गंभीर आपराधिक मामले
- पांच करोड़पति उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में लगा रहे जोर

झारखंड में पहले (देश के पांचवे) चरण का मतदान 13 मई को होना है. इसमें कुल 45 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है. एडीआर की रिर्पोट के मुताबिक, कुल 29 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं. इसमें से 20 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. भाजपा के दो और कांग्रेस के एक उम्मीदवार के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामला है.

चुनाव से पहले सभी उम्मीदवारों ने अपनी सभी जानकारियां चुनाव आयोग के सामने पेश कर दी है. खूंटी से कुल सात उम्मीदवारों ने नामांकन किया है. वहीं लोहरदगा सीट से 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है. सिंहभूम सीट से 14 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है और पलामू से नौ उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा भरा है. रिर्पोट के अनुसार, भाजपा से करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या सबसे ज्यादा है. भाजपा के तीन उम्मीदवार करोड़पति हैं. वहीं जेएमएम और कांग्रेस के एक-एक उम्मीदवार करोड़पति हैं.

### झारखंड : 14204 हथियार धारकों का आर्म्स लाइसेंस जमा कराया

## 18577 लाइसेंस में से 897 रद्द

सौरभ सिंह। रांची

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आर्म्स लाइसेंस को जमा करवाया जाता है. चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में 18577 आर्म्स लाइसेंस है, जिसमें 14204 लाइसेंस धारकों ने अपना लाइसेंस जमा कराया है. वहीं 897 हथियारों के मालिकों ने लाइसेंस का सत्यापन नहीं कराया. हथियार धारकों के आर्म्स लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की गई है. साथ ही 35 लाइसेंस को जब्त भी किया गया है. वहीं 1491 लाइसेंसधारियों को विशेष परिस्थिति पर छूट दी गई है. राज्यभर में आर्म्स लाइसेंस से जुड़े 1950 मामले पेंडिंग हैं. बता दें कि गिरिडीह जिला में सबसे अधिक आर्म्स लाइसेंस रद्द किया गया है. यहां 921 में 270 आर्म्स लाइसेंस रद्द किया गया है. लोहरदगा में 675 में से 229 और बोकारो से 1136 में से 159 आर्म्स लाइसेंस रद्द किया गया है.



#### राज्यभर में आर्म्स लाइसेंस से जुड़े 1950 मामले पेंडिंग

**झारखंड में आर्म्स लाइसेंस का विवरण**

| जिला | कुल लाइसेंस | जमा | जब्त | रद्द | छूट | पेंडिंग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 3417 | 2288 | 04 | 12 | 525 | 588 |
| खूंटी | 322 | 290 | 00 | 01 | 08 | 23 |
| गुमला | 528 | 506 | 00 | 14 | 01 | 07 |
| लोहरदगा | 675 | 428 | 01 | 229 | 17 | 00 |
| सिमडेगा | 254 | 195 | 03 | 42 | 14 | 00 |
| जमशेदपुर | 1509 | 1178 | 05 | 65 | 115 | 146 |
| चाईबासा | 338 | 245 | 01 | 01 | 86 | 05 |
| सरायकेला | 748 | 627 | 00 | 02 | 27 | 92 |
| पलामू | 1457 | 1050 | 00 | 02 | 78 | 327 |
| गढ़वा | 703 | 624 | 01 | 46 | 07 | 25 |
| लातेहार | 262 | 185 | 00 | 64 | 00 | 13 |
| हजारीबाग | 979 | 909 | 00 | 03 | 25 | 42 |
| रामगढ़ | 318 | 256 | 00 | 00 | 60 | 02 |
| चतरा | 506 | 426 | 00 | 00 | 00 | 80 |
| गिरिडीह | 921 | 621 | 18 | 270 | 72 | 00 |
| कोडरमा | 296 | 268 | 00 | 00 | 15 | 13 |
| बोकारो | 1136 | 896 | 00 | 159 | 81 | 00 |
| धनबाद | 1241 | 911 | 00 | 28 | 251 | 51 |
| दुमका | 228 | 178 | 00 | 00 | 21 | 29 |
| देवघर | 1063 | 760 | 00 | 16 | 20 | 267 |
| गोड्डा | 992 | 749 | 00 | 00 | 32 | 211 |
| पाकुड़ | 191 | 163 | 02 | 03 | 03 | 20 |
| जामताड़ा | 140 | 127 | 00 | 00 | 13 | 00 |
| साहेबगंज | 353 | 324 | 00 | 00 | 20 | 09 |
| कुल | 18577 | 14204 | 35 | 897 | 1491 | 1950 |

### कोयला कारोबारी पर गोलीबारी मामले में शामिल थे तीनों अपराधी

# अमन गिरोह के तीन अपराधियों को एटीएस ने दबोचा

संवाददाता। रांची

- गुप्त सूचना पर गिरफ्तारी, हथियार व कारतूस भी बरामद

कोयला कारोबारी सिद्धांत बाउरी पर गोलीबारी और रंगदारी मांगने वाले अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. एटीएस की टीम ने रामगढ़ जिले के पतरातू इलाके से तीनों अपराधियों को दबोचा है. इनके पास से दो पिस्तौल और आठ कारतूस भी बरामद हुए हैं. गिरफ्तार अपराधियों की पहचान विकास कुमार, गुलशन कुमार और महताब आलम के रूप में की गयी है.

जानकारी के अनुसार, एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा को गुप्त सूचना मिली थी कि अमन साहू गिरोह के तीन अपराधी पतरातू के सांकुल और जयनगर क्षेत्र में छिप कर रह रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी टीम का गठन किया गया और टीम ने छापेमारी कर तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद अपराधी विकास ने बताया कि गोलीबारी की घटना में उपयोग होने वाला पल्सर बाइक इम्तियाज अंसारी के घर पर है. विकास की निशानदेही पर पुलिस ने बाइक को भी बरामद कर लिया है.



#### कई बड़े आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं तीनों अपराधी

गिरफ्तार तीनों अपराधियों ने कई बड़े आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था. रामगढ़ जिले के बासल थाना क्षेत्र में बीते 20 फरवरी को दिनदहाड़े माइंस क्षेत्र में गोलीबारी, कोयला कारोबारी सिद्धांत बाउरी के घर पर गोलीबारी और ओरमांझी थाना क्षेत्र में भारतमाला सड़क निर्माण के कार्य स्थल पर गोलीबारी मामले में इन अपराधियों की संलिप्तता थी.

## 105 पुलिसकर्मी गढ़वा जिला बल में प्रतिनियुक्त

संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण को लेकर सीआईडी में पदस्थापित 105 पुलिसकर्मियों को गढ़वा जिला बल में प्रतिनियुक्त किया गया है. इसको लेकर सीआईडी मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि 13 मई को होने वाले चौथे चरण के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के लिए सीआईडी इकाई से सशस्त्र बल के रूप में 105 पुलिसकर्मियों को गढ़वा जिला बल में प्रतिनियुक्त किया जाता है. सभी हवलदार और आरक्षियों को आठ मई को गढ़वा जिला बल में योगदान देने का आदेश दिया गया है.



**सर्राफा**
सोना (बिक्री) 66,800
चांदी (किलो) 83,000

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in रांची, रविवार 05 मई 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 26 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### चुनावों पर नजर रखेंगे 23 देशों के प्रतिनिधि




**नयी दिल्ली।** भारत में हो रहे लोकसभा चुनावों पर करीब से नजर रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया, रूस, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित 23 देशों के निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि यहां पहुंचे हैं. आयोग ने भागीदारी के पैमाने के मामले में विदेशी प्रतिनिधियों की इस यात्रा को पहली यात्रा करार दिया. भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपीन, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया के निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं

### रेप मामले में देवगौड़ा के बेटे रेवन्ना गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** सैकड़ों महिलाओं के यौन शौषण के मामले में फंसे पूर्व पीएम देवेगौड़ा के बेटे जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है. उनसे एक पीड़ित महिला के अपहरण के मामले में पूछताछ की जानी है. बीते गुरुवार की रात मैसूरु में रेवन्ना के करीबी सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में केस दर्ज कराया गया था. वो महिला भी यौन शोषण की शिकार है. केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने बबन्ना को गिरफ्तार कर लिया था. एसआईटी द्वारा दो बार नोटिस दिए जाने के बाद भी हाजिर नहीं होने पर रेवन्ना को हिरासत में लिया गया है.

### कांग्रेस नेता लवली भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए. उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.

### वेमुला की मां ने तेलंगाना के सीएम से मांगा न्याय

**हैदराबाद।** रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का अनुरोध किया. सीएम ने कहा कि राज्य सरकार पूरे मामले की फिर से जांच कराएगी.

### पुंछ में आतंकियों ने किया हमला,पांच जवान घायल

**जम्मू।** पुंछ में शनिवार को आतंकियों ने भारतीय वायु सेना के वाहन सहित सुरक्षाबलों के काफिले पर गोलीबारी की, जिसमें पांच जवान घायल हो गए. यह हमला शनिवार शाम शशिधर के पास हुआ जब जवान सुरनकोट में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहे थे. इस हमले में पांच जवान घायल हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है.

---

**रिपोर्ट कार्ड : संसद में सवाल पूछने और बहस में हिस्सा लेने में पीछे रहे झारखंड के सांसद**

# गीता कोड़ा ने सिर्फ 14 और विजय हांसदा ने 15 बार डिबेट में लिया हिस्सा

रवि भारती। रांची

17वीं लोकसभा में झारखंड के सांसद सवाल पूछने और बहस में हिस्सा लेने में पीछे रहे. वर्तमान में सिंहभूम लोकसभा से भाजपा की उम्मीदवार और वर्तमान सांसद गीता कोड़ा ने सिर्फ 14 बार बहस में हिस्सा लिया और पांच साल के दौरान 274 बैठक और 15 सत्र में 279 सवाल पूछे. वहीं झामुमो सांसद विजय कुमार हांसदा ने सिर्फ 15 बार सदन के अंदर बहस में हिस्सा लिया और सिर्फ 27 सवाल ही पूछे. दुमका से भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने एक भी सवाल नहीं पूछा. सिर्फ 10 बार बहस में हिस्सा लिया. वहीं राज्यसभा सांसदों में धीरज साहू ने सबसे अधिक 660 सवाल पूछे.




### सवाल पूछने में टॉप टेन में रहे विद्युत

जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो सवाल पूछने में टॉप टेन सांसदों में शामिल हैं. महतो ने 632 सवाल पूछे और 87 बार बहस में हिस्सा लिया. उनकी उपस्थिति 90 फीसदी रही. वहीं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सिर्फ 15 बार बहस में हिस्सा लिया और 162 सवाल पूछे.

### कोड़ा व हांसदा की उपस्थिति भी कम

सदन में सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा की उपस्थिति भी कम रही. गीता कोड़ा की उपस्थिति 69 फीसदी रही. वहीं राजमहल से झामुमो सांसद विजय कुमार हांसदा की उपस्थिति 65 फीसदी रही. विजय कुमार हांसदा इस बार भी राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो के उम्मीदवार हैं.

### संसद में किस सांसद की परफॉर्मेंस

| सांसद | उपस्थिति (%) | सवाल | डिबेट |
|---|---|---|---|
| अन्नपूर्णा देवी | 79 | 97 | 31 |
| बीडी राम | 89 | 317 | 79 |
| विद्युत वरण महतो | 90 | 632 | 87 |
| चंद्रप्रकाश चौधरी | 74 | 162 | 15 |
| गीता कोड़ा | 69 | 279 | 14 |
| निशिकांत दुबे | 76 | 375 | 193 |
| संजय सेठ | 87 | 211 | 77 |
| विजय हांसदा | 65 | 27 | 15 |

### टिकट से वंचित सांसदों की परफॉर्मेंस

| सांसद | उपस्थिति (%) | सवाल | डिबेट |
|---|---|---|---|
| जयंत सिन्हा | 91 | 266 | 39 |
| पीएन सिंह | 89 | 122 | 19 |
| सुदर्शन भगत | 94 | 107 | 31 |
| सुनील सिंह | 93 | 425 | 67 |
| सुनील सोरेन | 92 | 00 | 10 |



### राज्यसभा सांसदों की परफॉर्मेंस

| सांसद | उपस्थिति (%) | सवाल | डिबेट |
|---|---|---|---|
| आदित्य साहू | 93 | 79 | 09 |
| दीपक प्रकाश | 92 | 192 | 52 |
| धीरज साहू | 66 | 660 | 04 |
| महुआ माजी | 83 | 47 | 48 |
| समीर उरांव | 88 | 106 | 53 |
| शिबू सोरेन | 39 | 00 | 00 |

---

**पलामू की जनसभा में बोले पीएम मोदी** **चुनावी समर 2024** **चंपाई ने चक्रधरपुर में जोबा मांझी के लिए मांगा वोट**

# पूरी दुनिया कर रही भारत के लोकतंत्र को सलाम

- कांग्रेस छीन लेना चाहती है एससी, एसटी व पिछड़ों का आरक्षण

शुभम संदेश टीम। /मेदिनीनगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र को पूरी दुनिया सलाम कर रही है. 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया... ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लग गई है. भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है. पीएम मोदी शनिवार को यहां आयोजित जनसभा में बोल रहे थे.

मोदी ने कहा कि कांग्रेस वालों से नक्शा दिखाकर पूछ लीजिए कि पलामू कहां है, तो बता भी नहीं पाएंगे. पलामू को पिछड़ा कहकर अपमानित किया जाता था. आपने मुझे सेवा का मौका दिया, तो मैंने पिछड़े जिलों को आकांक्षी जिला घोषित कर दिया. पहले अफसर ऐसे जिलों में आने से डरते थे. मैंने देश के अच्छे अफसरों को पलामू भेजा. पलामू में आकांक्षी जिला कार्यक्रम शुरू होने से बड़ा फर्क आ गया. गांव में कहीं भी अगर कच्चा मकान दिखे, उनका नाम पता लेकर मुझे भेज दीजिए. मैं गारंटी देता हूं कि उनका पक्का मकान बनाकर भेज दूंगा. मेरे लिए आप ही मोदी हैं जाकर गारंटी दे देना.

**मैं आपको सतर्क करने आया हूं :** पीएम ने कहा, आज हर घर डिजिटल क्रांति का हिस्सा है. मैं आपके बच्चों के लिए कर रहा हूं. सतर्क करने आया हूं. मोदी आपके जीवन में खुशहाली लाना चाहता है.कांग्रेस-झामुमो को कुछ नजर नहीं आता. कांग्रेस ने बड़ी खतरनाक बात कही है कि ये लोग अब एसटी, एससी और पिछड़ों का आरक्षण छीन लेना चाहते हैं. जब संविधान बन रहा था तभी तय हुआ था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिलेगा. लेकिन ये कांग्रेसी आपका आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं.




### मैं नहीं छीनने दूंगा आपका हक

जब तक मोदी जिंदा है, तक आपका हक नहीं छीनने दूंगा. मैं संविधान पर कोई छेड़छाड़ नहीं करने दूंगा. मेरा सौभाग्य है कि मैं देश का पहला पीएम हूं जो उलिहातू गया. भगवान बिरसा मुंडा के गांव गया. साल 2025 में बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती है. हिंदुस्तान के हर कोने में गौरव से मनायी जाएगी. बीते 10 सालो में मोदी ने आपको पक्का घर दिया है. जिन लोगों को इसका लाभ नहीं मिला है उनको अब मिलेगा.

**सिसई में बोले पीएम**

## झारखंड सरकार के लोग सुधरने वाले नहीं मुझे दिल्ली से ही डंडा चलाना पड़ेगा

**सिसई (गुमला)।** लोहरदगा लोस क्षेत्र के सिसई की चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कहा है कि आने वाले पांच साल में ऐसे सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा. गरीब आगे बढ़ता है तो उसके लाख दुश्मन बन जाते हैं. इंडिया गठबंधन वालों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि एक गरीब मां का बेटा पीएम कैसे बन गया. मोदी 10 साल से आया हुआ है. शान से सरकार चला रहा है. मैंने संविधान की 10 साल से रक्षा की है. खुद इनके चेहरे से मोदी ने नकाब उतार दिया है. 60 साल के शासन में कांग्रेस ने देश को परिवारवाद दिया, भ्रष्टाचार दिया. और अब तुष्टीकरण दे रहे हैं. कांग्रेस जो चश्मा पहनती है, उसमें एक ही वोट बैंक दिखता है मुस्लिम वोट बैंक. जबकि भाजपा सबका साथ सबका विकास की बात करती है. मोदी शनिवार को झारखंड दौरे के दूसरे दिन गुमला के सिसई में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे.

**जहां सरकारें भ्रष्ट हैं, कितना भी बजट दें, फायदा नहीं होता :** पीएम ने कहा कि जहां सरकारें भ्रष्ट हैं, वहां कितना भी बजट दिया जाए, कोई फायदा नहीं होता. जिस बाल्टी में छेद हो, उसमें पानी कैसे रह सकता है. इस राज्य में कोई परीक्षा ऐसी नहीं होती, जिसका पेपर लीक न होता हो. झारखंड सरकार के लोग सुधरने वाले नहीं हैं, इसके लिए मुझे दिल्ली से ही डंडा चलाना पड़ेगा.कांग्रेस के एक सांसद के घर से नोटों के ढेर बरामद हुए. बताइए ये किसका पैसा है, आपका पैसा है या नहीं? उन्हें चोरी करने का अधिकार किसने दिया? एक मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है. -शेष पेज 11 पर

# भाजपा करती है झूठ की राजनीति : सीएम

- पीएम मोदी देश में बढ़ रही बेरोजगारी और महंगाई पर नहीं बोलते

संवाददाता। चक्रधरपुर

भाजपा झूठ की राजनीति करती है. ये बातें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कही हैं. सीएम चक्रधरपुर के बुढीगोड़ा मैदान में सिंहभूम सीट से प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी झूठ बोल कर लोगों को धोखा देने का काम करते हैं. महंगाई, बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन मोदी इस बारे में बात नहीं करते हैं. भाजपा जुमलेबाजी करने वालों की सरकार है. उन्हें वोट मांगने का अधिकार नहीं है.

राज्य की हेमंत सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना लागू कर यहां के सभी वृद्धों को पेंशन देने का काम किया, जब केंद्र सरकार ने आवास योजना का पैसा देना बंद कर दिया, तो राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना का लाभ देकर सबको तीन कमरों का पक्का मकान दिया. सरकार द्वारा 125 यूनिट बिजली फ्री दी जा रही है. हम जो कहते हैं, पूरा करते हैं. केंद्र सरकार मानकी मुंडा व्यवस्था खत्म कर देना चाहती है. हम मानकी मुंडा के बैठने के लिए भवन का निर्माण कराएंगे.

**मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है :** केंद्र सरकार द्वारा वन एक्ट को शिथिल किया जा रहा है. हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग दिल्ली तक हो रही है, लेकिन केंद्र सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही. सरना धर्म कोड को लागू नहीं किया जा रहा है. इस लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित कर सरकार बनाना है. उन्होंने सिंहभूम लोकसभा सीट से प्रत्याशी जोबा मांझी को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की. इस दौरान उन्होंने स्थानीय भाषा में भी संबोधित किया.



बुढीगोड़ा मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन.

### यह लोकसभा चुनाव हमारे अस्तित्व की लड़ाई है: जोबा मांझी

बुढीगोड़ा मैदान में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के संबोधन के पहले महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने कहा की यह लोकसभा चुनाव हमारे अस्तित्व की लड़ाई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित किया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कोल्हान के लिए कौन से विकास कार्य किए गए. ईचा खरकई डैम के विस्थापितों के बारे में प्रधानमंत्री ने कुछ भी बात नहीं की. हमारे मुखिया हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया गया. इस चुनाव में इंडिया गठबंधन को जीत दिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनता मजबूत करें.

### जनसभा में सीएम को सुनने भारी भीड़ उमड़ी

चक्रधरपुर के बुढीगोड़ा मैदान में जनसभा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी. चक्रधरपुर,बंदगांव प्रखंड के विभिन्न गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी थी.

### धर्म के नाम पर लड़ाना जानती है भाजपा: बन्ना

चुनावी सभा के दौरान मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ना जानती है.युवाओं को झूठ सपने दिखाए जाते हैं. केंद्र की सरकार से हर कोई परेशान है, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है. भाजपा झूठ बोलकर लोगों से वोट लेना जानती है.

### मंच पर ये थे मौजूद

मंच पर मंत्री बन्ना गुप्ता, चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, झामुमो के जिला सचिव सोनाराम देवगम, झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह लोकसभा चुनाव के विधानसभा प्रभारी सौरव अग्रवाल, मानकी मुंडा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गणेश पाट पिंगुवा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेम मुंडरी, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रीतम बांकिरा,कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह सामड, जिला के संगठन सचिव कालिया जामुदा, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, मानकी, मुंडा व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

**बाइक रैली में उमड़ी भीड़ :** इससे पूर्व चक्रधरपुर के बुढ़ीगोड़ा मैदान में लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की चुनावी सभा से पहले झामुमो, कांग्रेस,राजद के संयुक्त तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकाली. इसमें बड़ी संख्या लोगों की भीड़ उमड़ी.

---

**सुप्रीम ऑर्डर** **पुलिस नहीं है पति-पत्नी के झगड़ों का रामबाण इलाज, संयम से बचाएं शादी**

# महिलाएं नहीं कर सकेंगी पति और ससुराल पर झूठे केस

एजेंसी। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए एक महिला के द्वारा अपने पति के खिलाफ दायर दहेज उत्पीड़न के केस को रद्द कर दिया. इस दौरान जज ने कहा कि सहिष्णुता और सम्मान एक अच्छे विवाह की नींव हैं और छोटे-मोटे झगड़ों को बढ़ा-चढ़ा कर नहीं बताया जाना चाहिए.

कोर्ट ने कहा, एक विवाह की नींव सहिष्णुता, समायोजन और एक-दूसरे का सम्मान है. एक- दूसरे की गलतियों को एक सीमा तक सहन करना हर विवाह में अंतर्निहित हो. छोटी-मोटी नोक-झोंक, मतभेद सांसारिक मामले हैं, इन्हें बढ़ा-चढ़ा कर पेश नहीं किया जाना चाहिए. इससे पहले पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने अपने आदेश में पति की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उस पर दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने की मांग की गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया. कहा कि कई बार विवाहिता के माता-पिता और रिश्तेदार बहुत बड़ी बात बना देते हैं. -शेष पेज 11 पर

### सरकार करे कानून में बदलाव

कोर्ट ने केंद्र सरकार और संसद से आग्रह किया है कि नई भारतीय न्याय संहिता में पत्नी को प्रताड़ित करने संबंधी आइपीसी की धारा 498ए की जगह लेने वाले प्रावधानों में आवश्यक बदलाव किए जाने चाहिए. जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि बीएनएस की धारा 85 और 86 ने आइपीसी की धारा 498ए को शब्दशः शामिल कर लिया गया है. संसद से आग्रह है कि व्यावहारिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए और पत्नी के झूठे आरोपों के बारे में सुप्रीम कोर्ट के 2010 के एक निर्णय के संदर्भ में नए कानून को लागू करने से पहले ही इस धारा में जरूरी बदलाव करने चाहिए. विचारणीय मामले में कोर्ट ने पत्नी की एफआईआर को पति द्वारा घरेलू हिंसा व क्रूरता की शिकायत का बदला लेने जैसी बताते हुए रद्द कर दिया.



**गार्जियन की सहमति बगैर नाबालिग को ले जाने के मामले में फैसला**

## तो अपहरण का दोषी माना जाएगा आरोपी: हाईकोर्ट

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है कि नाबालिग लड़की को अलग-अलग स्थानों पर ले जाना प्रलोभन है. उसे उसके अभिभावकों की सहमति के बिना ले जाना या फुसलाना अपहरण के समान होगा. इसके परिणामस्वरूप भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत आरोपी को अपहरण के लिए दोषी ठहराया जाएगा. यह फैसला एक आपराधिक अपील में आया है, जिसमें आईपीसी की धारा 366 (ए) के तहत अपीलकर्ताओं को दोषी ठहराने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी. पीड़िता की मां द्वारा दर्ज करायी गयी एफआईआर के मुताबिक, उनकी 15 वर्षीय बेटी को उनके पड़ोसी सकिंदर बैठा बहला-फुसला कर 30 जून 2004 की सुबह चार बजे अपने साथ ले गया. कई प्रयास के बावजूद उसका पता नहीं लगाया जा सका. -शेष पेज 11 पर

---

**प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव ने साधा पीएम पर निशाना**

## शहजादा 4000 किमी देश में पैदल चला है...

**बनासकांठा (गुजरात)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी को शहजादा कहने के लिए पीएम मोदी पर निशाना साधा और उन पर शहंशाह जैसा जीवन जीने का आरोप लगाया. प्रियंका ने कहा, वो मेरे भाई को शहजादा बोलते हैं. मैं उनको बताना चाहती हूं, वो देश में शहजादा 4000 किलोमीटर तक पैदल चला है. कन्याकुमारी से कश्मीर तक आपकी समस्याओं को सुनने के लिए पैदल चला है. मेरे भाइयों, बहनों, किसानों, मजदूरों से मिले हैं. और सबसे मिलकर पूछा कि तुम्हारी क्या मुश्किलें हैं, तुम्हारे जीवन में क्या समस्याएं हैं और हम उन्हें कैसे हल कर सकते हैं. और एक तरफ आपके शहंशाह... नरेंद्र मोदी हैं. महलों में रहते हैं. आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है? वो कैसे समझ पाएंगे आपकी मजदूरी, आपकी खेती. कैसे समझ पाएंगे कि आप किस दलदल में धंसे हुए हो. महंगाई से आप दब चुके हो. -शेष पेज 11 पर



## ... तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव 1990 के दशक के बॉलीवुड नंबर तुम तो धोखेबाज़ हो, वादा करके भूल जाते हो गाने की पैरोडी बनाकर पीएम मोदी पर निशाना साध रहे हैं. इस गाने की पैरोडी को वह अपनी सभाओं में गा रहे हैं और लोग उनके साथ गाते भी नजर आ रहे. वह हर चुनावी रैली में यह गाना गा रहे हैं. इतना ही नहीं वह पीएम मोदी के पिछले भाषणों की ऑडियो क्लिप भी चला रहे हैं. तेजस्वी बिना ज्यादा व्यक्तिगत हुए मोदी पर हमला करने में सफल रहे हैं. फिलहाल, तेजस्वी पीएम मोदी, शाह और अन्य नेताओं या नीतीश के खिलाफ अकेले चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं. तेजस्वी, नीतीश का सवाल आते ही, कहते हैं, वह मेरे लिए आदर्श हैं. वह मेरे अभिभावक हैं. वो जो भी कहेंगे, मेरे लिए आशीर्वाद होगा. तेजस्वी ने पांच लाख सरकारी नौकरियां दीं और यही वजह है कि वे युवा मतदाताओं के बीच काफी लोकप्रिय हो गए हैं. तेजस्वी अब तक बिहार में 92 चुनावी रैलियां कर चुके हैं.



### कांग्रेस प्रत्याशी ने गिनाईं अपनी प्राथमिकताएं, कहा- रांची का उतना विकास नहीं हुआ, जितना होना चाहिए था

# महिलाओं के पास सुरक्षा नहीं, युवाओं के पास नौकरी नहीं: यशस्विनी

संवाददाता। रांची

रांची से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा है कि आज महिलाओं के पास सुरक्षा नहीं है. युवाओं के पास नौकरी नहीं है, लेकिन, अब लोगों को दिख रहा है सच क्या है. जनता त्रस्त है, शिक्षित युवा के पास नौकरी नहीं है. महिलाओं को घर चलाने में दिक्कत हो रही है. कम से कम पैसा घर आ रहा है. महंगाई आसमान छू रही है. मोदी जी ने मार्केटिंग तो अच्छी की थी, बातें बहुत बड़ी-बड़ी की गई थीं, लेकिन प्रोडक्ट वैसा नहीं दे पाए. रांची की बात करें तो झारखंड राज्य बने हुए 24 साल हो गए हैं. 18 साल तक यहां बीजेपी का शासन था. इन सालों में रांची का जितना विकास होना



चाहिए था, नहीं हुआ. अगर मैं सांसद बनती हूं, तो मैं पार्टी के बड़े नेताओं के साथ मिल कर केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय स्थापित करूंगी. एक ब्रिज बनूंगी, तभी जाकर रांची का विकास हो पाएगा.

**यूसीसी मौलिक अधिकार नहीं, इसमें और संशोधन की जरूरत :** यूनिफार्म सिविल कोड अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है. और जरूरत है कि देश में अलग-अलग तरह के लोग रहते हैं. उसे देख कर हमें आगे का निर्णय लेना चाहिए. युवाओं के पेपर लीक के मामले हो रहे हैं उसके लिए कांग्रेस के न्याय पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सरकार आने के बाद एक सशक्त क़ानून बनाया जाएगा.

**पीएम ने मार्केटिंग अच्छी की, लेकिन प्रोडक्ट खराब**

यशस्विनी ने कहा कि हम महिलाओं के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे. रांची के विकास पर बात की जाएगी. पिछले दस साल में जो मोदी जी ने मार्केटिंग की थी, उसपर से विश्वास उठ गया है. मार्केटिंग के माध्यम से प्रोडक्ट का प्रचार-प्रसार किया गया था. वह प्रोडक्ट पूरी तरीक़े से खराब हो गया है. झारखंड बने 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ. कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था, लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे बंद होने लगे हैं. इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लड़ा जाएगा. राजधानी का विकास सही तरीके से नहीं हुआ है. रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के गैप को भरने की ज़रूरत है. अगर जनता ने मुझे मौका दिया, तो इस गैप को ब्रिज के माध्यम से भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया जाएगा.

**हम सबको एचईसी को बचाने की जरूरत है**

उन्होंने कहा कि एचईसी को बेचने की तैयारी चल रही है. एचईसी को हमें बचाने की ज़रूरत है. कई साल से कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिली है. इसके लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है. एक पूर्व सीएम की गिरफ्तारी से जुड़े एक सवाल के जबाब में कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी गलत है. क्या सही है, यह क़ानून तय करेगा. यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है. और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है.

## राहुल का पीएम के खिलाफ सड़क छाप भाषा बोलना निंदनीय : महतो

संवाददाता। रांची

विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने कहा कि राहुल गांधी अपनी मानसिक दिवालियापन का हर समय देश की जनता के सामने परिचय देते रहते हैं. राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सड़क छाप व्यक्ति की तरह भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि मोदी समुद्र के अंदर पानी में डर गया था. उसका चेहरा देखो डरा हुआ लगेगा.

राहुल के इस बयान की जितनी निंदा की जाए कम है. महतो ने शनिवार को बताया कि राहुल गांधी को अपना संसदीय क्षेत्र बचाने के लिए वहां की जनता का हृदय जीतने के लिए कार्य करना चाहिए. कांग्रेस को अपना विजन जनता के सामने प्रस्तुत करना चाहिए न कि केवल हिंदू मान बिंदुओं, हिंदू सभ्यता, हिंदू संस्कृति का माखौल उड़ाने से या केवल मलेच्छों को खुश करने से ही वायनाड और रायबरेली सीट आ जाएगी? महतो ने कहा कि कांग्रेसियों के पास अब केवल एक ही मुद्दा रह गया है मोदी हटाओ और मोदी हटाने के लिए इन्हें राष्ट्र विरोधियों से भी गलबहियां लगने से कोई गुरेज नहीं लेकिन जनता अब समझ चुकी है कि क्यों आतंकवादियों की और कांग्रेस की भाषा एक होती है. राहुल गांधी आज जनता को जिस संविधान को बचाने का डर दिखला रही है, उसे कांग्रेस ने और राहुल गांधी के पुरखों ने जब चाहा जैसे चाहा बदल चुका है. इसलिए उनका यह बयान हास्यास्पद है.

### ब्रीफ खबरें

**यशस्विनी सहाय का जनसंपर्क अभियान**

**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय शनिवार को वार्ड 39 व अन्य क्षेत्रों में इंडिया की ओर से आयोजित जनसंपर्क अभियान में शामिल हुईं. वह जगन्नाथपुर, एचईसी यूनियन कार्यालय में बैठक में शामिल हुईं. उन्होंने वोटरों से समर्थन देने की अपील की. लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी का अभिनंदन किया. मौके पर निशा भगत, आरुषि वंदना, नीतू देवी, रेखा सांगा, रीता देवी, सुंदरी तिर्की, शिवंती देवी, हीरामणि सांगा, बसंती देवी, किरण देवी, शांति तिर्की, प्रणव राज, पवन सिंह, मंजू देवी, संगीता सिंह, सुनीता देवी, कोमल देवी, रानी देवी, प्रकाश कुमार सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे.

**13 मई को बाघमारा में प्रचार करेंगी प्रियंका**

**रांची।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी 13 मई को धनबाद के बाघमारा पहुंचेंगी. वह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी. उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य सहयोगी दलों के नेता मंच साझा करेंगे. यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दी. प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बताया कि धनबाद से कांग्रेस की अनुपमा सिंह और गिरिडीह से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो मैदान में हैं.

### इंडी गठबंधन के लोग झारखंड और विकास के विरोधी हैं

# अपनी करनी से जेल में बंद हैं हेमंत सोरेन: बाबूलाल मरांडी

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी झारखंड विरोधी रही है. झारखंड वासियों की भी विरोधी रही है. विकास की भी विरोधी रही है. झारखंड अलग राज्य नहीं बनने दिया. उल्टे अलग राज्य की मांग करने वाले लोगों को खरीद लिया. पहले उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा को खरीदा. उसके बाद शिबू सोरेन को खरीदा. भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जाएगा. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर उन्होंने झारखंड अलग राज्य का गठन कर दिया. भाजपा जो कहती है वह करती है.

**दलित विरोधी है इंडी एलायंस: अमर कुमार बाउरी :** पलामू में आयोजित जनसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधान सेवक बनाने के लिए खड़े हैं. कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या सत्ता में आने के साथ ही शुरू कर दी. उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का



कभी सम्मान नहीं किया. गरीब, आदिवासी, दलित और वंचितों को संविधान में उठाने की बात करने वाले बाबा साहब को भुला दिया. भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सम्मान देने का काम किया. पूरे विश्व में स्थापित करने का काम किया. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में करोड़ों गरीबों को सिर पर छत मिला है. सत्ता में इंडी गठबंधन की सरकार आने पर झारखंड को लूट लिया. जल, जंगल, जमीन, पहाड़ और बालू की रक्षा करने का नारा देने वाली सरकार ने हर तरफ लूट मचा दिया. भ्रष्टाचारियों पर डंडा मोदी जी के नेतृत्व में चल रहा है. पूरे देश में भ्रष्टाचार रहित शासन देकर लोगों के कल्याण करने का काम किया जा रहा है. वर्तमान झारखंड सरकार दलित, आदिवासी विरोधी है. उसने एक भी दलित को मंत्री बनाने का काम नहीं किया है. सरकार ने बैजनाथ राम का वारंट निकालकर उन्हें शपथ नहीं लेने दिया. इससे बड़ा दलितों का अपमान नहीं हो सकता है.

**खास बातें**

- मौजूदा झारखंड की सरकार आदिवासी-दलित विरोधी है
- मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचारियों पर चलाया जा कानून का डंडा

**राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया**

आज झारखंड में कांग्रेस, राजद और जेएमएम की सरकार चल रही है. इन लोगों ने राज्य को सिर्फ लूटने का ही काम किया है. जितने भी खनिज हैं, यहां तक की नदी के बालू को भी नहीं छोड़ा. मरांडी ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं. वे हर बार कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी वालों ने उन्हें फंसा दिया. ईडी वालों ने हमें फंसा दिया. कल झारखंड हाइकोर्ट का निर्णय आया. झारखंड हाइकोर्ट ने साफ-साफ कह दिया कि उन्हें कोई फंसाया नहीं है. वह अपनी करनी से आज जेल में बंद हैं.

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

प्रमुख संवाददाता। रांची

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया. उनके नामांकन के मौके पर विशेष रूप से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय सहित भारतीय जनतंत्र मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता, स्थानीय बुद्धिजीवी सहित विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठनों के वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे.

इससे पूर्व तिवारी ने सुबह 11 बजे मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर में पूजा की, फिर 11:15 बजे अलबर्ट एक्का चौक पर अमर शहीद परमवीर अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित की. तत्पश्चात तिवारी 11.30 बजे रांची विश्वविद्यालय गेट के पास से जुलूस की शक्ल में पहले से मौजूद अपने समर्थकों के साथ रांची समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और अपना पर्चा दाखिल किया. नामांकन दाखिल करने के बाद तिवारी ने बिरसा चौक जाकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की.



**महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे हैं : तिवारी**

मोर्चा प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि वे लोकसभा का चुनाव बढ़ती महंगाई एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि हम व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर रांचीवासियों से वोट मांगेंगे. हमारा बूथ मैनेजमेंट जनता करेगी, पोलिंग एजेंट भी जनता ही होगी. तिवारी ने कहा कि समाज के हर वर्ग से उन्हें समर्थन मिल रहा है. एनडीए और इंडिया दोनों के ही प्रत्याशी के पास रांची के विकास का कोई रोड मैप नहीं है. वे केवल अपनी-अपनी पार्टी की कठपुतली हैं.

## मानव तस्करी से जुड़े मामले पर सीआईडी डीजी ने की बैठक

संवाददाता। रांची



मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए डीजी अनुराग गुप्ता ने मानव तस्करी से सम्बंधित काम कर रहे एनजीओ के साथ बैठक की. यह बैठक शनिवार को डोरंडा स्थित नेपाल हाउस के सभागार में हुई. बैठक में राज्य के सभी मानव तस्करी को लेकर कार्य कर रहे सभी एनजीओ संचालक ने भाग लिया. बैठक में झारखंड राज्य में कार्यरत सभी एनजीओ के साथ गुमशुदा बालक, बालिका, महिला अत्याचार और अवैध मानव व्यापार पर चर्चा की गई. बैठक में सीआईडी डीजी के अलावा सीआईडी के डीआईजी, डीएसपी सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी और एक दर्जन से ज्यादा एनजीओ संचालक शामिल हुए.

## उप प्रशासक ने दो बायोगैस प्लांट में वेस्ट निष्पादन का किया निरीक्षण



- कंपनी के प्रतिनिधियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का दिया निर्देश

संवाददाता। रांची

राज्य सरकार की पहल पर रांची शहर के रिंग रोड स्थित झिरी में दो बड़ी योजनाएं प्रगति पर है. जिसमें पहला गेल इंडिया के 150 मीट्रिक टन के दो बायोगैस प्लांट का निर्माण तथा दूसरा लगभग 33 एकड़ में डंप 18 लाख मीट्रिक टन लेगेंसी वेस्ट का निष्पादन कार्य शामिल है. शनिवार को उप प्रशासक रवींद्र कुमार ने झिरी में दोनों योजनाओं की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया.

बायोगैस प्लांट के निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों ने बताया कि रांची नगर निगम द्वारा वर्तमान में 90 फीसदी सेग्रेटीहेड वेस्ट करीब 15 टन की औसत से दिया जा रहा है तथा निगम और ज्यादा क्वांटिटि बढ़ाने के लिये प्रयासरत है. उप प्रशासक ने निगम क्षेत्र के लोगों से गीला और सूखा कचरा को अलग करने की अपील की. टीम को इसको लेकर लोगों में जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया.लेगेंसी वेस्ट के निष्पादन के लिये चयनित कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि बायोरेमेडिएशन तकनीक के माध्यम से लेगेंसी वेस्ट का निस्तारण करते हुए रिफ्यूज्ड ड्राइव फ्यूल एवं कंपोस्ट तैयार करने के लिये प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है, जिसमें बायोसोल अलग किया जा रहा है. उप प्रशासक ने इस कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने का निर्देश संबंधित कंपनी के प्रतिनिधियों को दिया है. मौके पर नगर प्रबंधक, गेल इंडिया तथा एम/एस गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि तथा अन्य कर्मी शामिल थे.

**लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बर्दाश्त नहीं : पत्रकार यूनियन**

**रांची।** झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन रांची इकाई ने एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा द्वारा पत्रकार सौरभ शुक्ला के साथ किए गए व्यवहार को लेकर निंदा की है. पत्रकार को कार्य करने से रोकने व उनके हाथ से माइक आईडी छीनने को सरासर गलत ठहराया है. यूनियन की ओर से कहा गया कि जिस तरह से एसएसपी सरकार के आदेश के अनुसार अपना कार्य कर रहे थे, उसी प्रकार पत्रकार भी अपने संपादक के आदेश के अनुसार कार्य कर रहे थे. कहा कि यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है. झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने झारखंड सरकार से मांग की है कि, ऐसे पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से दूसरी जगह पदस्थापित करें. ऐसे कार्य कर झारखंड सरकार को बदनाम करने की साजिश है. झारखंड सरकार लगातार पत्रकार हित में कार्य करने का प्रयास कर रही है. पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन और सचिव अजय सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि जरूरत पड़ी तो आत्म सम्मान के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन भी करेंगे. लेकिन पत्रकारों के दुर्व्यवहार को सहन नहीं करेंगे.

### गर्मियों में यात्रियों की बल्ले -बल्ले, चलेगी स्पेशल ट्रेन

## रांची-नई दिल्ली के लिए एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन, बरकाकाना होकर चलेगी ट्रेन

संवाददाता। रांची

गर्मियों में होने वाली छुट्टी को खुशनुमा बनाने के लिए भारतीय रेल भी कई तरह की योजना तैयार करता है. इस बार के समर स्पेशल ट्रेन में रामगढ़ के यात्रियों की भी बल्ले बल्ले होगी. रांची से नयी दिल्ली तक जाने वाली समर स्पेशल ट्रेन बरकाकाना से होकर गुजरेगी. जिले के यात्री उस समर स्पेशल ट्रेन से अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं. यात्री सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु रांची- दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी. गाड़ी संख्या 02877/ 02878 रांची- नई दिल्ली - रांची समर स्पेशल मुरी- बरकाकाना- टोरी- लातेहार- डाल्टनगंज- गढ़वा रोड- जपला- सासाराम- डीडीयू- प्रयागराज- कानपुर के रास्ते से होकर गुजरेगी.



गाड़ी संख्या 02877 रांची- नयी दिल्ली समर स्पेशल 10 मई से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से 23.55 बजे खुलकर शनिवार को 02.40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहां से 02.45 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 03.53 बजे टोरी पहुंचेगी और यहां से 03.55 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 04.20 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहां से 04.22 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 05.13 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहां से 05.15 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 06.00 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी और यहां से 06.05 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं शनिवार को ही 22.20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी.

गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली - रांची समर स्पेशल 11मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को नयी दिल्ली से 23.45 बजे खुलकर रविवार को 17.08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी और यहां से 17.10 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 17.40 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहां से 17.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 18.40 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहाँ से 18.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 19.10 बजे टोरी पहुंचेगी और यहां से 19.12 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 21.25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहां से 21.30 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं सोमवार को 00.15 बजे रांची पहुंचेगी. इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे. इसकी जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने दी.

## बसंत लोंगा को झामुमो ने छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया

संवाददाता। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है. झामुमो ने खूंटी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़ने को लेकर यह कार्रवाई की है. पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इस आशय का पत्र जारी किया है. जारी पत्र में कहा गया है कि सिमडेगा जिला समिति की चिट्ठी, मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के मुताबिक बसंत लोंगा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर गठबंधन धर्म के विरुद्ध कार्य किया है.

बसंत लोंगा पर पार्टी कार्यकर्ताओं को भी दिग्भ्रमित करने का आरोप लगा है. विनोद कुमार पांडेय ने लिखा है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देश पर बसंत लोंगा को पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अगले 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है.



**झामुमो ने तीन केंद्रीय समिति सदस्यों से भी मांगा स्पष्टीकरण**

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य राकेश लकड़ा, सैमुअल टोपनो और नारायण मांझी से स्पष्टीकरण मांगा है. इन पदाधिकारियों पर बसंत लोंगा के पक्ष में प्रचार करने और कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित करने का आरोप है. जारी पत्र में कहा गया है पत्र प्राप्ति के सात दिन के अंदर अपना लिखित पक्ष पार्टी कार्यालय में रखें, नहीं तो पार्टी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी.

### गहन जांच | कोयला खनन कार्यों में नियमों और मानकों का पालन होगा सुनिश्चित

# सीसीएल की सतर्कता टीम ने किया खदानों का औचक निरीक्षण

संवाददाता। रांची

कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) सीसीएल पंकज कुमार के नेतृत्व में सतर्कता विभाग महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है. इसी क्रम में सतर्कता विभाग द्वारा गठित टीम ने आम्रपाली ओपन कास्ट प्रोजेक्ट और रजरप्पा प्रोजेक्ट में औचक निरीक्षण किया. किसी भी विसंगति की पहचान करने और सुधारात्मक उपायों को तुरंत लागू करने के लिए इन दोनों परियोजनाओं की गहन जांच की गई. यह पहल कोयला खनन क्षेत्र के भीतर अखंडता और अनुपालन



की संस्कृति को बढ़ावा देने में सीसीएल के सक्रिय प्रयास को दर्शाती है. इस पहल का उद्देश्य कोयला खनन कार्यों के भीतर नियमों और नैतिक मानकों के पालन सुनिश्चित कराना है.

**टीम ने कोयले के स्टॉक का भी लिया जायजा**


वहीं एमओसी, सीवीओ सीआईएल और सीवीओ सीसीएल की देखरेख में सतर्कता टीम ने सीएमपीडीआई, सीसीएल मुख्यालय और सीसीएल के कमांड क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ स्टॉक, वे-ब्रिज, रेलवे साइडिंग और डिजिटल टूल्स के प्रयोग व दक्षता सहित संचालन के विभिन्न पहलुओं का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया. सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किये गये, इस अभियान के तहत औचक सतर्कता जांच से परिचालन में सत्यनिष्ठा, उत्कृष्टता और जिम्मेदार खनन प्रथाओं को सुनिश्चित किया जाता है. कोयला मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप, सीसीएल अपनी गतिविधियों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने में अपनी भूमिका की पुष्टि करता है. सतर्कता विभाग द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण और जांच प्रयास किये जाते हैं. साथ ही निवारक सतर्कता पर आधारित अभियान भी चलाये जाते हैं. इस पहल के फलस्वरूप संचालन, कार्य निष्पादन एवं गुणवत्ता में पारदर्शिता के साथ बेहतरी आएगी, जो इस वित्तीय वर्ष के निर्धारित कोयला उत्पादन लक्ष्य की पूर्ति में सहायक होगी.

### जेपीएससी की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

# सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट

संवाददाता। रांची

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने शनिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया. सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दायर चार्टशीट में कुल 37 लोगों को आरोपित बनाया गया है. इनमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद , वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी, राधा गोविंद नागेश सहित अन्य पदाधिकारी के नाम शामिल हैं, जो वर्तमान में कहीं ना कहीं राज्य के जिलों में पदस्थापित हैं. इस मामले की सीबीआई जांच 12



साल से अधिक समय से चल रही है लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं हुई. इसे लेकर झारखंड हाई कोर्ट में कई बार सुनवाई भी हुई है. अदालत ने जांच में हो रही देरी को लेकर सीबीआई से जवाब तलब भी किया था. हालांकि, जांच एजेंसी पहले मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है.

उल्लेखनीय है कि प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था. इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने 2012 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था. इसके बाद परीक्षा में नियुक्त पदाधिकारियों के वेतनमान पर रोक लगा दिया गया था. बाद में हाई कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दी गयी. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए इस फैसले को पलट दिया. कुछ दिन पूर्व झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया था. बुद्धदेव उरांव की ओर से दायर जनहित याचिका में अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान बताया गया कि 12 साल से अधिक बीत जाने के बाद भी सीबीआई ने जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की और ना ही इस मामले में आरोप पत्र दायर किया है. इस पर सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि गड़बड़ी मामले की जांच अब तक जारी है.

तापमान
38.4° अधिकतम | 21.5° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, रविवार 05 मई 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 26 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र







## मुख्य सचिव हॉकी मैच देखने पहुंचे

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते और खेल विभाग के निदेशक सुशांत गौरव ने शनिवार को रांची में चल रहे राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 ( चरण 1) के तहत हॉकी मिजोरम और मणिपुर हॉकी के बीच खेले गए रोमांचक मैच का अवलोकन किया. भारतीय हॉकी के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनका स्वागत किया. राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में अब तक दोनों टीमों ने तीन-तीन मैच खेले हैं और उन्होंने अभी तक जीत का खाता नहीं खोला है.

# हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने रोमांचक शूटआउट में हॉकी झारखंड को पीछे छोड़ा

**आकर्ष अनिकेत। रांची**

हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 (चरण एक) में शूटआउट थ्रिलर में हॉकी झारखंड पर रोमांचक जीत दर्ज की. ओडिशा की ओर से 33वें मिनट में एक्का सोनाली ने पहला गोल दागा. झारखंड की रोशनी आइंद ने असाधारण धैर्य का परिचय देते हुए 49वें मिनट में अपनी टीम के लिए बराबरी का गोल दागा और खेल को 1-1 से बराबरी पर ला दिया. निर्धारित समय में कोई भी पक्ष गतिरोध तोड़ने में कामयाब नहीं हो सका और मैच रोमांचक शूटआउट में चला गया. तनाव तब और बढ़ गया जब दोनों टीमों ने दो-दो गोल किए, जिससे शूटआउट अचानक थ्रिलर की ओर बढ़ गया. चुनौती की ओर कदम बढ़ाते हुए ओडिशा की धनवार मरियम ने विजयी गोल दागा और अपनी टीम के लिए रोमांचक जीत हासिल की.

## हॉकी हरियाणा ने हॉकी बंगाल के खिलाफ दर्ज की जीत

हॉकी हरियाणा ने हॉकी बंगाल को 4-3 से हरा कर लगातार तीसरी जीत दर्ज की. हॉकी बंगाल की सिलबिया नाग ने खेल के आरंभ में दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया. इसके बाद सेलेस्टिना होरो ने दूसरे क्वार्टर के 19वें मिनट में नल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी. इसके बाद हॉकी हरियाणा की कप्तान नीलम ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए 20 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर घाटे को कम किया. हाफ टाइम तक हॉकी बंगाल 2-1 से आगे थी. नंदनी ने 41वें मिनट में हॉकी हरियाणा के लिए एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया. इसके बाद शशि खासा ने 43वें मिनट ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर हॉकी हरियाणा को बढ़त दिलाने में मदद की. पिंकी ने अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में 46 वें मिनट में फील्ड गोल करके हॉकी हरियाणा को 4-2 की बढ़त दिला दी. शांति होरो ने 51वें मिनट ने हॉकी बंगाल के लिए फील्ड गोल करके वापसी की संभावना पैदा की, लेकिन हॉकी हरियाणा ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए 4-3 से मैच जीत लिया.

## हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से दी मात

हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से मात देकर जीत दर्ज की. बिना किसी गोल के पहले हाफ के बाद, तीसरे क्वार्टर में हॉकी मध्य प्रदेश की ओर से आंचल साहू ने 45 वें मिनट में फील्ड गोल कर गतिरोध तोड़ते हुए बढ़त बना ली. फिर हॉकी महाराष्ट्र की कप्तान अश्विनी कोलेकर ने अंतिम क्वार्टर के 50वें मिनट में एक फील्ड गोल कर के स्कोर बराबरी पर ला कर खड़ा दिया. हालांकि, स्वाति ने 54वें मिनट में फील्ड गोल कर हॉकी मध्य प्रदेश को फिर से बढ़त दिला दी. इसके बाद मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने कड़ी रक्षा करते हुए अपनी एक गोल की बढ़त बरकरार रखी और गेम 2-1 से जीत लिया.

---

### ब्रीफ खबरें

## रांची से सात प्रत्याशियों ने किया नामांकन, अब तक 17 का पर्चा दाखिल



**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के छठे दिन अब तक कुल 17 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है. शनिवार को 7 प्रत्याशियों ने नामांकन किया. समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया. निर्दलीय अभ्यर्थी देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन उनके प्रस्तावकों द्वारा दाखिल किया गया. **प्रत्याशियों ने नाम:** 1. बिरेंद्र नाथ मांझी (अबुआ झारखंड पार्टी) 2. धर्मेंद्र तिवारी (भारतीय जनतंत्र मोर्चा) 3. निपु सिंह (राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी) 4. देवेंद्र नाथ महतो (निर्दलीय) 5. प्रवीण कच्छप (संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी) 6. कामेश्वर प्रसाद साव (निर्दलीय) 7. सर्वेश्वरी साहू (एकल सनातन भारत दल).

## निर्दलीय सैयद आलम आज करेंगे नामांकन



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार शिक्षक पत्रकार सैयद आलम छह मई को नामांकन दाखिल करेंगे. मौके पर इनके सैंकड़ों समर्थक, विद्यार्थी, कई संस्था के प्रतिनिधि शामिल होंगे. सैयद आलम ने कहा कि क्षेत्र में विकास की गति को रफ्तार देना हमारा लक्ष्य है. नौजवान देश के रीढ़ के हड्डी है. इसलिए पढ़े लिखे को चुने ताकि वो देश को तरक्की की राह पर ले जा सके.

---

### चिराग तले अंधेरा... कांके डैम से एक किमी की दूरी पर जल संकट

# प्यासी है हातमा बस्ती

**बंसत मुंडा। रांची**

पूरे शहर में कांके रोड ऐसी जगह है, जहां पर दिन भर में दो दफा जलापूर्ति होती है. कांके डैम से पूरे कांके रोड से लेकर रिनपास, सीआईपी तक पानी की सप्लाई होती है. मगर कांके डैम से करीब एक किमी की दूरी पर स्थित हातमा बस्ती में 10 हजार की आबादी पानी के लिए तरस रही है. सप्लाई वाटर कनेक्शन तो है, लेकिन शुद्ध पीने का पानी नहीं मिल पाता. यदि कभी मिला भी, तो इतना मटमैला व गंदा पानी होता है कि लोग उसका उपयोग ही नहीं कर सकते हैं. हातमा बस्ती के निकट ही मुख्यमंत्री आवास, चीफ जस्टिस आवास, स्पीकर आवास सहित अन्य वीआईपी के आवास हैं, लेकिन यहां के लोगों की प्यास नहीं बुझ पा रही हैं. यानी चिराग तले अंधेरा.

**कांके डैम से एक किमी की दूरी, पर प्यासी है बस्ती :** कांके डैम से महज एक किलोमीटर और मुख्यमंत्री आवास व मुख्य न्यायाधीश आवास से महज 200 मीटर की दूरी पर बसी हातमा बस्ती के लोगों को शुद्ध सप्लाई का पानी मिलता ही नहीं है. कुएं-चापानल दम तोड़ चुके हैं. मजबूरन लोग पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं. बस्ती के लोगों का पूरा दिन पानी के जुगाड़ में बीत जाता है. आधी रात तक पानी के जुगाड़ में ही लगे रहते हैं लोग. नगर निगम की ओर से बोरिंग कराई गई है, जिसके भरोसे बड़ी आबादी है. लेकिन उनकी पानी की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है. सप्लाई पानी नहीं आने के कारण लोग जार वाला पानी खरीदने को विवश हैं.

## 10 हजार की आबादी को नहीं मिलता पीने का शुद्ध पानी

- कुएं सूखे, चापानल बेकार हुए, जार का पानी खरीद कर बुझा रहे हैं प्यास
- सीएम हाउस, विस अध्यक्ष और चीफ जस्टिस आवास के पास की बस्ती के लोग झेल रहे **जलसंकट**



### क्या कहते हैं लोग

**अधिकांश घरों में वाटर कनेक्शन नहीं: राजू राम**

स्थानीय निवासी राजू राम ने बताया कि पीने के लिए जार का पानी खरीदना पड़ता है. सप्लाई पानी दिन में दो बार आता है, लेकिन पीने लायक नहीं होता. गंदा, मटमैला होता है. अधिकांश लोगों के घरों में वाटर कनेक्शन नहीं है. लोग चौक-चौराहों पर लगाया गये मिनी एचवाईडीटी से पानी लाते हैं.

**खरीद कर पानी पीने की मजबूरी है: लक्ष्मण रावत**

मुहल्ले के लक्ष्मण रावत ने बताया कि मुहल्ला में सरकारी बोरिंग है. लेकिन मोटर खराब हो गया है.10 हजार की आबादी है. इसमें तीन बोरिंग है, जिसमें दो ठीक और एक खराब हो गयी है. लेकिन जो चालू हालत में है, उससे पानी की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है. खरीद कर पानी पीने की मजबूरी होती है.

**पास में कांके डैम, पर नहीं मिलता साफ पानी: विकास**

विकास पासवान ने बताया कि बगल में कांके डैम है. इसके बावजूद साफ पानी नही मिलता है. सप्लाई पानी केवल नहाने औऱ कपड़ा धोने में ही उपयोग किया जाता है. बोरिंग से मिनी एचवाईडीटी में पानी आता है. उसके बाद दुबारा पानी उपर चढ़ता नहीं है. इससे आसपास के लोगों को पानी के लिए काफी जूझना पड़ता है.

**गर्मी में पानी के लिए जूझना पड़ता है : रोहित सिंह**

हातमा बस्ती के रोहित सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी के लिए जूझना पड़ता है. सप्लाई पानी पर पूरी तरह से निर्भर है. लेकिन सप्लाई वाटर काफी गंदा आता है. बदबूदार भी होता है, जिससे पीना मुश्किल होता है.

# आज 11 जिलों में महसूस होगी ज्यादा गर्मी

**संवाददाता। रांची**

- कल से बारिश के आसार, गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद
- 8 व 9 मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना

झारखंड के कुछ जिलों में रविवार सबसे गर्मी और उमस भरा हो सकता है. मौसम विज्ञान केंद्र ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है. मौसम विज्ञान केंद्र की मानें, तो पांच मई को राज्य के कुछ हिस्सों में गर्मी और उमस का अधिक असर देखा जाएगा. इसमें सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, गोड्डा, देवघर, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज में गर्म हवाओं के साथ ही उमस का असर देखा जाएगा. जबकि 6 मई से राज्य के मौसम में बदलाव देखा जाएगा और गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है. मौसम विज्ञान केंद्र की मानें, तो छह से नौ मई तक राज्य के उत्तर पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है. राज्य के बारिश होने की संभावना है. बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जाएगा. वहीं, 8 और 9 मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना है.

---

# झामुमो का भाजपा पर हमला- चुनाव भारत में, तो पाकिस्तान व मुसलमान की बात क्यों?

**दो टूक**

- दो चरणों के मतदान के बाद 400 पार का नारा गुम हुआ
- किसी के घोषणा पत्र में नहीं सुना हिंदू-मुस्लिम का कोई जिक्र

**विशेष संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के दौरान पलामू में पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण पर झामुमो ने आपत्ति जतायी है और राज्य निर्वाचन आयोग से इसकी शिकायत भी की है. झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकतंत्र में सभी को अधिकार है कि वो अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करें और अपनी उपलब्धियों को गिनायें. लेकिन जिस तरह से दो चरणों के चुनाव तक 400 पार का नारा भाजपा लगा रही थी, वह अब बदल गया है. अब भाजपा पाकिस्तान और मुसलमान की बात करने लगी है, जो कहीं से भी सही नहीं है.

**भारत में हो रहे चुनाव में पाकिस्तान की बात क्यों :** दूसरे चरण के चुनाव के बाद सांप्रदायिकता के तहत अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम एवं पाकिस्तान की बात भाजपा देश भर में कर रही है. चुनावी सभाएं भारत में हो रही हैं न कि पाकिस्तान में. हिंदुस्तान की तरक्की एवं हमारे देशवासियों के हक और अधिकार में बातें होने चाहिए, मगर भाजपा देशवासियों को भ्रम की स्थिति में रखने का काम कर रही है, जो नहीं होना चाहिए.

**अपने घोषणा पत्र की बात करे भाजपा :** सुप्रियो ने कहा कि चुनावी भाषण को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है. उन्होंने कहा कि लात मई को जब तीसरे चरण का मतदान हो जाएगा, तब पूरे देश को सचेत रहना चाहिए. अभी तो जुबान से बात हो रही, कहीं देश विभाजन, भाषा विभाजन की बात न होने लगे. चुनाव आयोग को चेतावनी देनी चाहिए कि यहां जो भी आये जहर ना उगले, अपने घोषणा पत्र की बात करे, दूसरे के घोषणा पत्र की नहीं.

**फूलो झानो जैसी वीरांगनाओं को भाजपा भूल गयी**




सुप्रियो ने कहा कि भाजपा नहीं जानती थी कि पोटो हो क्या है? पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पोटो हो खेल शुरू किया था. चाईबासा में इस खेल की शुरुआत हुई. लेकिन कोई भी योजना शहीदों के नाम से शुरू नहीं हुई. भाजपा ने फूलो झानो विरांगनाओं को भुलाने का काम किया है.

**इंडिया गठबंधन ने जाति के आधार पर टिकट नहीं दिया**

सुप्रियो ने कहा कि इंडिया गठबंधन में जाति के आधार पर कोई टिकट नहीं दिया गया है. जो उम्मीदवार जनता के बीच रहता है और जनता के लिए काम करेगा, उसे ही टिकट दिया गया है.

## पांचवे चरण की स्क्रूटनी के बाद 57 प्रत्याशी मैदान में

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को पांचवे चरण के नॉमिनेशन फॉर्म की स्क्रूटनी की गयी. इसमें 11 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया. अब कुल 57 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं. उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने जानकारी दी कि झारखंड में पांचवे चरण में कुल 148 नामांकन फार्म जमा हुए, जिसमे 68 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था. स्क्रूटनी के बाद 57 प्रत्याशी मैदान में बचे है. चतरा से 23, हजारीबाग और कोडरमा से 17-17 प्रत्याशी मैदान में है. सबसे अधिक 8 प्रत्याशियों का नॉमिनेशन फॉर्म चतरा लोकसभा से रद्द हुआ है. वहीं, छठे चरण के लिए अब तक गिरिडीह से 13, धनबाद से 18 ,रांची से 17 व जमशेदपुर में 20 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है.

# भ्रामक विज्ञापनों से परहेज करें कंपनियां: जेसीपीडीए

**संवाददाता। रांची**

झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (जेसीपीडीए) के अध्यक्ष संजय



अखौरी ने कहा कि बहुराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों द्वारा उत्पादों के भ्रामक विज्ञापन प्रचारित करने और इसपर कार्रवाई होने से डिस्ट्रीब्यूटर्स को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. हाल में ही न्यायालय द्वारा एक बड़ी एफएमसीजी कंपनी पर इस मामले में संज्ञान लिया गया है. बहुराष्ट्रीय कंपनियों को ऐसे भ्रामक विज्ञापन से परहेज करना चाहिए, यदि विज्ञापन के अनुरूप उत्पाद नहीं होता है, तो इसका सीधा प्रभाव डिस्ट्रीब्यूटर व छोटे रिटेलर पर पड़ता है. उन्होंने कहा कि सरकार को भी इस पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है.

जेसीपीडीए के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति शृंखला में डिस्ट्रीब्यूटर्स/वितरक ही वह कड़ी है, जहां से ग्राहकों का सीधा संबंध होता है. वे उनसे रोजाना मिलते हैं. उत्पादों के भ्रामक विज्ञापन से होनेवाली परेशानी के कारण डिस्ट्रीब्यूटर्स को ग्राहकों का जवाब देना पडता है.

---

**आक्रोश** आवासीय विद्यालय की 280 छात्राओं ने नाराज होकर स्कूल छोड़ने की चेतावनी दी, कहा-

# छात्राओं को गरीब कह कर प्रताड़ित करती हैं पीटी टीचर

**संवाददाता। रांची/गुमला**

अक्सर सुर्खियों में रहने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की पीटी टीचर कमला कुमारी के खिलाफ आखिरकार रायडीह के कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाली करीब 300 छात्राओं ने मोर्चा खोल दिया है. सभी छात्राओं ने एक साथ स्कूल छोड़ने की धमकी भी दे डाली है. जनप्रतिनिधियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कान में यह बात आने के बाद बीते सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को स्कूल में बैठक कर छात्राओं को समझाया गया.

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गुमला का मामला**



फिलहाल स्कूल छोड़ने की बात से छात्राएं पीछे हट गई हैं. मगर स्कूल से पीटी टीचर को हटाने की मांग पर अड़ी हुई हैं. बताया जाता है कि स्कूल में नामांकित 350 छात्राओं में से 70 छात्राएं पीटी टीचर की कार्यशैली से नाराज होकर अपनी बीमारियों का हवाला देते हुए अपने घर चली गई हैं. छात्राओं ने बताया कि पीटी टीचर ने जब से यहां योगदान दिया है, तब से उनका व्यवहार ठीक नहीं है. वे छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करती हैं. अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट करती हैं और गरीब कह कर प्रताड़ित भी करती हैं. पीटी टीचर द्वारा उनसे कपड़ा धुलवाया जाता है. इनकार करने पर प्रताड़ना बढ़ जाती है.

छात्राओं की इन बातों को सुनने के बाद शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी भी स्कूल पहुंचे थे. वे भी छात्राओं के मान मनौवल पर जुटे हुए थे. छात्राएं अधिकारियों के समक्ष रोने लगीं. इसके बाद अभिभावकों ने अधिकारियों से उक्त पीटी टीचर को हटाने की मांग की, कार्रवाई नहीं होने पर बच्चों को अपने साथ ले जाने की चेतावनी दी. इसके बावजूद विभाग के अधिकारी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं. इस बीच कुछ अभिभावक अपने चार पांच बच्चों को घर ले गए.

**आरोप बेबेनियाद, छात्राओं को भड़काया गया:** पीटी टीचर कमला कुमारी से जब पूछा गया तो पहले उन्होंने पत्रकारों पर ही रौब दिखाने की कोशिश की. मोबाइल में छात्राओं की कैद की गयी बातों को डिलीट करने को कहा. फिर कहा कि मेरे ऊपर लगाये गये सारे आरोप गलत हैं. बच्चों को भड़काया गया है.

### अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा-

# पहली पंक्ति में होंगे आदिवासी

**संवाददाता। रांची**

वोटिंग का दिन करीब आते ही केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने खूंटी जिले के कई गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों के साथ संवाद किया. जनसंपर्क के दौरान अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासी समाज की चिंता की है.

इससे पहले 60 साल तक राज करने वाली कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था. आदिवासी समाज को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 20 एकलव्य विद्यालय खोलने का

**खूंटी में 20 एकलव्य विद्यालय खोलने का काम शुरू**



काम प्रारंभ हो चुका है. जल्द ही यहां पर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होगा, जहां 12वीं तक बच्चों को शिक्षा भी दी जाएगी और उनके रहने-खाने का इंतजाम भी हमारी सरकार करेगी. खूंटीवासियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में एक खास जगह है. अपने भाषणों में वे भगवान बिरसा मुंडा का जिक्र हमेशा करते हैं. उन्हीं के नेतृत्व में चल रही सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित किया. यह खूंटीवासियों के लिए गर्व की बात है. वहीं, कांग्रेस ने हमेशा से आदिवासी समाज के योगदान को भुलाने का काम किया.

मेकॉन लिमिटेड के अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन ने श्रोताओं को खूब हंसाया

# जीत गये तो बल्ले-बल्ले हार गये तो क्वारेंटीन : हेमंत

संवाददाता। रांची



मेकॉन लिमिटेड रांची के तत्वावधान में शनिवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अखिल श्यामली के मेकॉन कम्युनिटी हॉल में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भाग ले रहे हास्य कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को हंसा कर लोटपोट कर दिया.

कवि सम्मेलन में कानपुर से पधारे हास्य कवि हेमंत पाण्डेय ने वर्तमान के चुनावी मौसम पर कटाक्ष कर लोगों का मनोरंजन किया. उन्होंने कहा-नेता जी घर आये हैं, हलवा पूड़ी लाये हैं, आजकल हैं खुद में लीन, जीत गये तो बल्ले-बल्ले हार गये तो क्वारेंटीन. हास्य रस के वातावरण में अपने बाराबंकी से आये हास्य कवि विकास बौखल ने अपनी चुटीली रचनाओं से लोगों को हंसाते-हंसाते चुपके से यह सीख भी दे दी-किसी खंजर न तलवार से जोड़ा जाये, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाये. ये किसी शख्स को दोबारा न मिल पाये, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाये. अपने कुशल संचालन से रांची के कवि कुमार बृजेंद्र ने कवि सम्मेलन में चार चांद लगा दिया. कविताओं के अनुरूप श्रोताओं के बीच वातावरण तैयार करने में कुमार बृजेंद्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. इस क्रम में उनके द्वारा प्रस्तुत ये पंक्तियां उल्लेखनीय रहीं-हमको अपना गांव छोड़ कर जाना पड़ता है, तब जाकर बच्चों के मुंह में दाना पड़ता है. सीहोर से पधारी कवयित्री मनिका दूबे ने कहा- एक काजल की डिबिया अच्छी लगती है और माथे की बिंदिया अच्छी लगती है. घर में बेटी आयेगी तो क्या होगा. तब क्या होगा मिट्टी की गुड़िया लगती है. सम्मेलन में रीवां से पधारे कवि अमित शुक्ल ने बेटियों के महत्व पर इन शब्दों में प्रकाश डाला-डर है तुमको तो मत आना,, बिटिया तुम बस दानी बन कर आना. तुमको आना हो धरती पर तो तुम आओ, मरदानी बनकर आना. सभी कवियों की प्रस्तुतियों से श्रोतागण मंत्रमुग्ध रहे.

### गृह पत्रिका मेकॉन भारती का लोकार्पण

कार्यक्रम का शुभारंभ मेकॉन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार वर्मा, निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार, निदेशक (तकनीकी) अमित राज एवं आमंत्रित कवियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ. इसके बाद जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र के प्रतिभागियों द्वारा सरस्वती वंदना की गई. मेकॉन लिमिटेड की छमाही राजभाषा गृह पत्रिका 'मेकॉन भारती' के मार्च, 2024 अंक का विमोचन किया गया. कार्यक्रम के दौरान मेकॉन लिमिटेड के शीर्ष प्रबंधन, कार्मिकगण तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), रांची के सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में फ्रेशर्स आगाज 2024 का आयोजन



संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के तत्वावधान में शनिवार को नए बैच के फ्रेशर्स आगाज 2024 का आयोजन किया गया. इस समारोह में मिस्टर फ्रेशर्स राज सिन्हा तथा मिस फ्रेशर्स रिया शर्मा को चुना गया. यह समारोह बड़े धूम धाम से आईएलएस के सभागार सभा में मनाया गया, जिस में इंस्ट्यूट के डॉयरेक्टर प्रो.एसएन मिश्र , संयोजक प्रो. नीतीश राज, डॉ. मो. जाकिर, डॉ. हैप्पी भाटिया, डॉ. प्रिंस पांडे, अजय राज, अंगिका जायसवाल, रिमझिम, सुरभ, बिमल, अजीत, निशिकांत आदि शिक्षक गण व छात्र उपस्थित थे. छात्रों ने कई अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगाया व खूब मनोरंजन किया.

खाटूवाले श्याम का हुआ शृंगार-पूजन, देर रात तक बहती रही भजनों की गंगा

# श्याम मंदिरों में रही वरुथिनी एकादशी की धूम

संवाददाता। रांची

राजधानी के दोनों श्याम मंदिरों में शनिवार को वरुथिनी एकादशी के अवसर पर वातावरण श्रद्धा-भक्ति से भरपूर रहा. अनुष्ठानों और समारोहों की धूम रही. वहीं रात में भजनों का सिलसिला प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चलता रहा. वरुथिनी एकादशी वैशाख माह के कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि को मनायी जाती है. हरमू रोड के खाटू श्याम मंदिर में संजय और उषा चमडिया ने अपने परिवार जनों के साथ बाबा श्री श्याम के अखंड ज्योति प्रज्वलित की. इस अवसर पर कोलकाता से मंगाई गई विभिन्न प्रकार के फूल मालाओं से बाबा श्याम को सजाया गया. दोपहर के बाद पट लगाकर एकादशी का विशेष शृंगार किया गया. एकादशी का कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ. संजय, उषा, हर्षिता तथा निपुण चमड़िया ने बाबा श्याम को विशेष शृंगार, पंचमेवा और नवीन पोशाक की सेवा निवेदित की. अन्नपूर्णा सरावगी ने राबड़ी प्रसाद की सेवा निवेदित की. भजनों के कार्यक्रम में मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, सलज अग्रवाल, मोहित सोमानी, पवन शर्मा, मदन सोनी तथा तनय कटपाल ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर बाबा श्याम को रिझाया. रात्रि 12:15 बजे बाबा की आरती कर एकादशी कीर्तन का समापन किया गया.



### श्रद्धा-भक्ति के साथ 110 वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन



श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में संपूर्ण श्रद्धा-भक्ति के साथ 110 वां श्री श्याम भंडारा संपन्न हुआ, जिसमें 2500 से ज्यादा भक्त जनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया. भंडारे में पालक पुड़ी आलू कद्दू परवल मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी आमरस का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था. इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष एवं उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में संतोष देवी फोगला, कमल ईशा फोगला, विमल खुशबू फोगला एवम परिवार ने खाटूनरेश सहित सभी देवी-देवताओं को प्रसाद अर्पित किया. इस अवसर पर श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया पूर्व सांसद अजय मारू, वेद भूषण जैन, पप्पू रंजना जैन, अभिषेक सरावगी, कौशल चौधरी, रतन शर्मा, अनुज मोदी अमित सरावगी कमलेश सावा अंकित सिंह मनोज खेतावत आदि ने भंडारा वितरण में सहयोग किया.

### मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ


श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 7 मई को संध्या 4 :30 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 100 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ का आयोजन होगा. वहीं खाटू नरेश का अमावस्या महास्नान उत्सव 8 मई को विधि पूर्वक करवाया जाएगा.

## हमें तो जो कुछ भी मिला है वो श्याम बाबा ने ही दिया है

**रांची।** हमें तो जो कुछ भी मिला है वो श्याम बाबा ने दिया...आयो सांवलियो सरकार...दरबार है निराला खाटू श्याम का....खाटू को श्याम रंगीलो रे खाटू को... इस प्रकार के भजन अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शनिवार को देर रात तक गूंजते रहे. अवसर था वरुथिनी एकादशी महोत्सव का. इन भजनों पर वहां मौजूद श्याम भक्त झूमते रहे. इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, रजनीगन्धा, जरबेरा, गुलदाऊदी, बेला, गेंदा से मनमोहक शृंगार किया गया. साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी इस अवसर पर विशेष शृंगार किया गया. रात्रि नौ बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्रद्धालु भक्तों ने कतार में लगकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल की कामना की. इसके बाद श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया. इससे पूर्व श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, रबड़ी व मगही पान का भोग अर्पित किया गया. रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनियां, अमित जालान, प्रदीप अग्रवाल, अरुण धानुका, विकास पाड़िया, अनुराग पोद्दार, सुदर्शन चितलांगिया, विवेक ढांढनियां, नितेश केजरीवाल आदि का विशेष सहयोग रहा.



# मैकी रोड में थोक वस्त्र विक्रेता संघ के प्याऊ का उद्घाटन हुआ



संवाददाता। रांची

मैकी रोड स्थित लालजी एनक्लेव में झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के ऑफिस कार्यालय के पार्किंग स्थल पर शनिवार को अस्थायी घड़े के ठंडे पानी के प्याऊ का विधिवत उद्घाटन किया गया.इस अवसर पर झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत ने इसका उद्घाटन किया. संघ के मानद सचिव प्रमोद सारस्वत ने बताया कि उक्त ठंडे शुद्ध घड़े का जल यहां से आने जाने वाले लोगों को इस गर्मी के अवसर पर प्यास बुझायेगा. आसपास में रहने वाले छोटे दुकानदार, सब्जी मंडी के दुकानदार, रिक्शा चालक, ठेला चालक सहित मजदूर श्रमिक व दूर दराज से आने वाली महिलाएं और बच्चे इसका लाभ ले सकेंगे. प्रतिदिन प्रात 9:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक प्याऊ लोगों के लिए खुला रहेगा. इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत, उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी, मानद सचिव प्रमोद सारस्वत, कोषाध्यक्ष सौरभ कटारुका, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण लोहिया, अनिल जालान, उमाशंकर कनोडिया, मुन्ना सिंह, राजेश कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे.

# आराध्य स्थल का अपमान हिंदू समाज को बर्दाश्त नहीं : वीरेंद्र

संवाददाता। रांची

विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने राहुल गांधी के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म का अपमान करने वाली विचारधारा के लोगों को जड़ से मिटाना आवश्यक है. हिंदू समाज जिस द्वारिका नगरी के दर्शन करने मात्र को सौभाग्य समझता है, उस परम आराध्य स्थल का अपमान करना हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा. लोकतंत्र के इस महापर्व में हिंदू समाज इसका उत्तर अवश्य देगा. डॉ साहू ने बताया कि भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी को काल्पनिक कहने वाले और भगवान श्रीकृष्ण का अपमान करने वाले को इस देश के शासन व्यवस्था में रहने का कोई अधिकार नहीं है. डॉ साहू ने हिंदू समाज से अपील की है कि भारतीय धार्मिक- सांस्कृतिक संरक्षण, मानबिंदुओं की सुरक्षा, देश की गरिमा और भारतीय सीमा को कड़ी सुरक्षा देने वाले देशभक्ति से ओतप्रोत व्यक्तियों को शतप्रतिशत मतदान करके राष्ट्र को परम वैभवशाली बनाने का कार्य करें.

# गो परिक्रमा मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव आज, तैयारियां पूरी



संवाददाता। रांची

गो माता सेवा समिति रांची के तत्वावधान में सुकरहुटू कांके गोशाला में नवनिर्मित श्री गोपाल कृष्ण के गो परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव 5 मई को हर्षोल्लास एवं भक्ति पूर्वक मनाया जाएगा.

गो माता सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद बजाज, सचिव मुकेश पोद्दार, महोत्सव संयोजक अशोक गाड़ोदिया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि गौ परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव 5 मई को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. महोत्सव का शुभारंभ 5 मई को सुबह नौ बजे श्री गणेश जी के आवाहन एवं भगवान के पूजन के साथ किया जाएगा. भगवान का विग्रह एवं मंदिर परिसर का सुगंधित फूलों से नयनाभिराम शृंगार किया जाएगा. तत्पश्चात श्री गोपाल प्रभु का धार्मिक अनुष्ठान एवं पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर फल, मेवा एवं मिठाई का भोग अर्पित किया जाएगा. एवं महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा. सुबह 11 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित कर, श्री हनुमान मंडल सहित कई भजन गायको द्वारा अपनी सुमधुर भजनों से भगवान के श्री चरणों में अर्पित करेंगे. अपराह्न 12:30 बजे से महाप्रसाद भोग भंडारा का आयोजन किया गया हैं. उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई है. उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि सभी कार्यक्रमों की अमृतबेला में उपस्थित होकर भगवत कृपा पात्र होने का सौभाग्य प्राप्त करें.

# गोस्सनर कॉलेज औऱ शोतोकान कराटे फेडरेशन के बीच एमओयू



संवाददाता रांची

छात्र-छात्राओं के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को लेकर गोस्सनर कॉलेज प्रबंधन गंभीर है. इसी को लेकर शनिवार को गोस्नर कॉलेज औऱ शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के बीच एक एमओयू किया गया है. शोतोकान कराटे फेडरेशन द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस अवसर पर शोतोकान कराटे फेडरेशन के जेनरल सेक्रेटरी व प्रशिक्षक मानस सिन्हा ने कहा कि देश दुनिया में हर दिन अपराध बढ़ रहा है. इसलिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अनिवार्य है. इससे शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी विकास होगा. साथ ही विद्यार्थियो के लिए नये रोजगार के अवसर भी सामने आएंगे. मौके पर कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. इलानी पूर्ति, प्रो. प्रवीण सुरीन, आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. अजय कुमार, रंजीत मेहता, प्रोफेसर अमरदीप टोपनो, डॉ. प्रदीप गुप्ता, डॉ. प्रशांत गौरव समेत अन्य शामिल थे.

# टेंडर हार्ट स्कूल के 12 विद्यार्थियों को 76 हजार की स्कॉलरशिप

संवाददाता। रांची

टेंडर हार्ट स्कूल के 12 विद्यार्थियों ने भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित क्विज एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 76 हजार रुपये की स्कॉलरशिप ली. वार्षिक पत्र लेखन प्रतियोगिता में कक्षा नौ के आनंद कुमार ने पूरे राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. उसे 10 हज़ार रुपये की छात्रवृत्ति दी गयी.

दूसरी ओर भारतीय डाक टिकटों पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में स्कूल के 11 विद्यार्थियों को छह हजार रुपये दिये गये. जिसमें शिवानी, आयुषी, ऋचा, स्तुति, श्रेया, मनन, नमन, कुशाग्र, लकी, अगस्त्य एवं श्रेया शामिल है. मालूम हो कि पूरे राज्य से 40 विद्यार्थियों का चयन डाक टिकट संग्रहण क्विज में किया गया था. जिसमें टेंडर हार्ट से 11 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है.



सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया. स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन सुधीर तिवारी और निदेशक जे मोहंती ने सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया.

**हाल-बेहाल** रांची विवि के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के कैंपस में सरना स्थल व अखरा उपेक्षित

# खुले सांस्कृतिक मंच की नहीं होती है साफ-सफाई

बसंत मुंडा। रांची

रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के परिसर में अवस्थित सरना स्थल अखड़ा कूड़ों-कचरों के अंबार का दंश झेल रहा है. ऐसी स्थिति इस स्थल की सफाई के प्रति सक्षम पदाधिकारियों की लापरवाही के चलते हो गयी है. यह वह स्थल है, जहां झारखंड में मनाये जानेवाले लगभग सभी जनजातीय पर्व-त्योहारों को मनाया जाता है. सरहुल और करमा जैसे त्योहारों पर झारखंड की सांस्कृतिक झांकियों का प्रदर्शन इसी स्थल से होता है. सच पूछा जाये तो यह स्थल झारखंड की जनजातीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक है, लेकिन इसके रखरखाव पर किसी का ध्यान नहीं रहता.



उल्लेखनीय है कि इस परिसर में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के शिक्षकों के साथ हजारों छात्र-छात्राओं का आगमन होता है. उनकी ओर से भी इस स्थल पर साल में कई बार कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद इस स्थल की दुर्दशा पर किसी का ध्यान नहीं जा पाता. इस स्थल की सफाई के लिए भी किसी को चिंता या परवाह नहीं है. लाखो रुपये खर्च कर जनजातीय विभाग के विद्यार्थियो के लिए सरना स्थल औऱ खुले सांस्कृतिक मंच का निर्माण करया गया है, ताकि सरहुल औऱ कर्मा पर्व में होने वाले विशेष पूजा पाठ को छात्र देख-समझ सकें, क्योंकि यह भी उस विभाग में पढ़नेवाले छात्र-छात्राओं के लिए पाठ्यक्रम का ही विषय है.इस सरना स्थल पर सीढीनुमा चबूतरा बनाया गया है. जिस पर इतना धूल जमा रहता है कि वहां किसी का बैठना तो असंभव ही हो जाता है. अख़डा आदिवासी समाज का पवित्र स्थान माना जाता है. सरहुल पर्व के अवसर पर राज्य के राज्यपाल सरना स्थल पर माथा टेकने पहुंचते हैं और लोगों को प्रकृति पर्व का संदेश देते हैं.

यह रांची का सबसे बड़ा जनजातीय विभाग है, जहां चार क्षेत्रीय औऱ पांच जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई होती है. जनजातीय पर्व त्योहार में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अखडा पर विशेष बैठक होती है. इतना महत्वपूर्ण विभाग होने के बावजूद यहां की व्यवस्था दयनीय है. विभाग में रात में पहरा देने के लिए भी कोई गार्ड नहीं है. कॉलेज प्रांगण में सेमिनार हॉल का भी अभाव है. कॉलेज में लाइब्रेरी भी नही है.

### छात्रों ने कहा

छात्र एतवा उरांव ने बताया कि इस स्थान पर प्रतिदिन सफाई होनी चाहिए. आदिवासी समाज के लिए अखडा का विशेष महत्व होता है. साफ सफाई होगी तो यहां पर बैठकर हम अपने विषय पर डिस्कशन भी कर सकते हैं. इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का तैयारी भी कर सकते हैं.

छात्र मुकेश कुमार ने बताया कि अखडा और चबूतरा को साफ सुथरा होना चाहिए. चबूतरे साफ सफाई नहीं रहने से यहां पर बैठने का मन भी नहीं करता है. सफाई होने पर हम आपस में डिस्कशन भी आकर कर सकते हैं.लेकिन यहां पर इतनी गंदगी और धूल आकर बैठ जाती है कि यहां पर कोई आकर बैठने से कतराता है.

# शहर के शहीद स्मारक स्थल के सौंदर्यीकरण का काम शुरू



संवाददाता। रांची

जिला स्कूल के पास स्थित शहीद स्मारक स्थल को सुंदर बनाया जाएगा. इसको लेकर नगर निगम ने शनिवार को मजदूर लगाकर शहीद स्मारक स्थल के सुंदरीकरण का काम शुरू कराया. स्मारक के चारो ओर पुराने निर्माण को तोड़कर नया निर्माण शुरू कर दिया गया है. स्मारक स्थल को मार्बल और लाइट लगाकर सुंदर बनाया जाएगा.

“ हर व्यक्ति दिखने में अलग और स्वभाव से भी अलग होता है. कोई दिखने में गोरा है, कोई काला है, कोई सीधा है, तो कोई क्रूर है, परंतु सभी में इश्वर तत्व विद्यमान है. अतः सभी में ईश्वर की छवि देखनी चाहिए. मनुष्य को जीवन में त्याग की भावना रख कर जीवन यापन करना चाहिए. – स्वामी रामकृष्ण परमहंस ”

# गर्मी का मौसम है आया, गर्म हवा ने खूब सताया!



**कविता कलम**

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

**एक** तो गर्मी है, ऊपर से हवाओं की बेशर्मी है, जो लहराती हैं, तन-बदन को झुलसाती हैं. पेड़-पौधों के हलक भी सूख रहे हैं. पशु-पक्षी बेचैन हैं. हवाओं की शरारत देखकर लोग-बाग हैरान हैं, परेशान हैं. कहते हैं बहुत गर्मी है. उन्हें क्या कहें वैशाख महीने में गर्मी नहीं पड़ेगी तो क्या ठंड से शरीर ठिठुरेगा? वैशाख की शोभा है गर्मी. इसका भी है अपना मनोरम छन्द. सबकुछ भूल कर धैर्य के साथ लीजिए गर्मी का भी आनंद. यही गर्मी एक दिन लेकर आएगा सावन की फुहार, फिर ठंडी हवाओं की सिहरन और फिर फागुन की बहार. झारखंड की राजधानी रांची तो इस मामले में भाग्यशाली है कि यहां गर्मी का मौसम भी नहीं सताता. जैसा कि झारखंड के अन्य जिलों में होता है. कुछ भी हो गर्मी ने कवियों को भी काफी प्रभावित किया है. इस बात का प्रमाण है रांची की कवयित्री **रंजना वर्मा उन्मुक्त** यह रचना, जिसका शीर्षक है-गर्मी.



गर्म आग का गोला बरसे.
जीव-जंतु पानी को तरसे..
गर्मी का मौसम है आया.
गर्म हवा ने खूब सताया..
सूर्य सुबह से आंख दिखाये.
और दोपहर तन झुलसाये ..
शहर कंक्रीट मिले न छाया . गर्म हवा ने खूब सताया...
कहर गर्म होकर बरपाये. कूलर एसी रोक न पाए..
ठंडा शरबत जी को भाया.
गर्म हवा ने खूब सताया...
मची दौड़ आगे बढ़ने की.
हालत ऐसी अब डरने की..
देख आधुनिकता की माया .
गर्म हवा ने खूब सताया...
कटे पेड़- पौधे हैं सारे. दिखे नहीं पर्वत की कतारें..
कर्म मनुज का आगे आया. गर्म हवा ने खूब सताया...



मनुष्यों के स्वार्थ के चलते कटते जा रहे पेड़-पौधे, ढहते पहाड़, बालू विहीन होती नदियों ने पर्यावरण को संकट में डालना शुरू कर दिया है तो उसका प्रभाव जनजीवन पर पड़ना स्वाभाविक ही है. हमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सचेत होना पड़ेगा, वर्ना जनजीवन की मुश्किलें बढ़ती ही चली जाएंगी. ग्रीष्म की तपिश का भी अपना आनंद है. यह किसी से भेदभाव नहीं करती है. सबके लिए एक समान ही रहती है. इस संदर्भ में पठनीय है रांची की कवयित्री **कंचन सिंह** की यह कविता, जिसका शीर्षक है ग्रीष्म की तपिश.

ग्रीष्म की तपिश में सड़क पर निकले
तो पसीने से लथपथ होते शरीर दोनों के
उसके भी जिसके पांव जमीन पर टीके नहीं.
उसके भी जिसका वजूद जमीन से उठे नहीं.
सूरज आग उगलता है सबके लिए बराबर
उसके लिए भी जो सड़क पर बेखौफ सरपट दौड़ते हैं.
उसके लिए भी जो कभी एयर-कंडीशन से नहीं निकलते.
सूरज सबके लिए समय से निकलता-
उसके लिए भी जो सूरज की
पहली लालिमा से पहले घर से निकल जाता.
उसके लिए भी जो सिर्फ सूरज को
विटामिन डी का स्रोत है मानता.
लेकिन जब पहला इंसान शाम को हाथ में
फोड़े व पैर में छाले लिए घर को लौटता तो
सूरज की लालिमा कल फिर
मिलने का वादा कर रही हो उसे.
जैसे शीतल ठंडी हवा मरहम लगा रही हो उसे.
जैसे पेड़ों की डालियां पंखा कर रही हो उसे.
जैसे चांद की चांदनी सहला रही हो उसे.
और अचानक नभ से गिरता एक बूंद
गर्मी की तपिश में जैसे शाबाशी दे रही हो उसे.

## बूंदों पर तो छंद लिखे


बूंदों पर तो छंद लिखे हैं ग़ज़ल लिखी बौछारों पर ।
तारीफों के बंद लिखे हैं गीत लिखे त्योहारों पर ।।
किंतु लेखनी सूखी रहती निर्धन की कठिनाई पर ,
चिंता है किंतु न चिंतन बढ़ती हुई महंगाई पर ।
एक बार तो लिख कर देखो ठग वायदा बाज़ारों पर ।।
खंड हुए अभिलेख पुराने नहीं लगाम महंगाई पर,
हर्षित नेता श्रेष्ठी हैं सब करते मौज कमाई पर ।
एक बार अब हटा के फेंको ऐसी ठग सरकारों को
तपे जेठ की घोर दुपहरी, बे-घर रह मैदानों में ,
लथपथ रहे पसीना तन पर, करते काम खदानों में ।
एक बार तो छूकर देखो उन दिल की दीवारों पर ।।
जाड़ों में तन रहे ठिठुरता अधनंगे रह सड़कों पर ,
छोटी कथरी खींच तान कर डाल रहा जो लड़कों पर ।
एक बार तो हाथ रखो अब इन मजबूरी के तारों पर ।।

**- प्रदीप मानोरिया**

अभी एक ओर से आसमान से बरसती सूरज की गर्मी है तो दूसरी ओर चुनाव महापर्व के चलते राजनीति की गर्मी. राजनीतिक दलों के बीच हलचल मची है. राजनेता अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में वोट देने के लिए तरह-तरह की तिकड़मे और जुगत भिड़ाने में लगे हैं. उनकी कलाबाजियों में फंस न जाएं, इसके लिए आवश्यक है कि मतदाता देश के वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रख कर मतदान करें और अवश्य ही करें. कुछ ऐसी ही प्रेरणा दे रही हैं रांची की कवयित्री **रेणु बाला धार**. इनकी कविता का शीर्षक है-एक मत की कीमत पहचान.



एक मत की कीमत पहचान सोच समझकर कर मतदान.
चक्र सुदर्शन सा काम करता उंगली का यह छोटा निशान .
एक मत की कीमत पहचान. हमें चाहिए ऐसी सरकार
मां भारती से करे प्यार नारी का हो आदर सत्कार
रहे न कोई भूखा लाचार योग्य नेता को चुनते ही
होगी समस्या का समाधान एकमत की कीमत पहचान.
कथनी करनी में ना हो अंतर विकास कार्य कर रहे निरंतर
उस दल को समर्थन मत देंगे कर्तव्य निष्ठा हो जिसके अंदर.
आन बान और शान से बढ़कर बढाते जाएं देश का मान.
एक मत की कीमत पहचान हम भारत की सर्वश्रेष्ठ नारी
निभाए घर बाहर जिम्मेदारी झूठे नेता के झांसे में न आएं
रोकेंगे मत की खरीदारी. आधी आबादी का भी होगा
नवनिर्माण में पूरा योगदान. एक मत की कीमत पहचान.



एक प्रेरणादायी कहावत है- पहले मतदान, फिर जलपान. मतदान के बाद जलपान की बात निकलेगी तो जलपान के लिए टिफिन के डब्बे का ध्यान आयेगा ही. विशेषकर तब, जब आप किसी ऑफिस में काम करते हों और किसी ने बड़े ही प्यार से आपके लिए टिफिन का डब्बा आपके हाथ थमा दिया हो. एक टिफिन के डब्बे में केवल जलपान ही नहीं होता. और भी बहुत कुछ होता है. इसको भली-भांति समझने के लिए जमशेदपुर की कवयित्री **सविता सिंह मीरा** की इस रचना का अनुशीलन आवश्यक है. इनकी कविता का शीर्षक है-टिफिन का डब्बा.

क्या कहूं तुझको प्रिये
जब भी जाऊं ऑफिस तो
ध्यान रहता है बस उधर,
कब बजे दोपहर के डेढ़
निकालूं कब अपनी मैं टिफिन.
भूख की नहीं है कोई तड़प
बस तीन डिब्बों में दिखता मेरे अपनों का स्नेह दुलार
बहन मां भार्या देती जब टिफिन, हो जाता मन भाव विभोर.
चाहे ठिठुरन भरी हो ठंड
या फिर झुलसती गर्मी
पर जब तैयार करती वह टिफिन
तब मौसम नहीं होता हावी.
पुत्र, पुत्री, भाई, पति का प्रेम
सेहत ही होता प्रमुख.
कैसे बंध जाती यह डोर
कैसे कोई देता इन्हें तोड़
एहसान भी नहीं जताती बस वो अपना फर्ज निभाती.
जब आता हूं लौट कर घर खुशियां तैर जाति उनके चेहरे पर,
हाथों से लेती वह टिफन का डब्बा
खोल कर देखती झांकती
कहीं कोई खाना तो नहीं छूटा.
जब पाती वह डब्बा खाली
चेहरे पर मुस्कान तैर जाती
महसूस करता हूं उनकी भावनाएं
मन ही मन प्रभु की लेता बलाएं
कितना मोहक यह रिश्ता बनाए खुशी से बांछें मेरी खिल जाए
दूर करें ईश्वर अपशकुन सारे इन्हें किसी की नजर न लग जाए.

जहां इतना मोहक रिश्ता है, वहां कोई अपशकुन कैसे पहुंच सकता है. किसी की नजर लगने का तो सवाल ही नहीं है. ईश्वर करें, सबके रिश्ते ऐसे मोहक हों. सबके जीवन में आनंद ही आनंद हो. कोई किसी से रूठे नहीं, कभी किसी का दिल टूटे नहीं. इन्हीं शब्दों के साथ चाहूंगा आपकी आज्ञा. जय हिंद! जय झारखंड!!



# हमारी चिकित्सा व्यवस्था और हम



**चौराहा**

**प्रमोद कुमार झा**

**आज** 5 जून को पूरे देश में मेडिकल कॉलेज में दाखिले केलिए (नीट) प्रवेश परीक्षा होने जा रही है. लगभग चौबीस लाख छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं. इसमें तेरह लाख से अधिक परीक्षार्थी महिलाएं हैं. कुल मेडिकल सीट एक लाख दस हज़ार के आस पास उपलब्ध सीटें हैं. इनमें देश में सारे सरकारी मेडिकल कॉलेज मिलाकर छप्पन हज़ार से कुछ ज्यादा सीटें हैं. बाकी सीटें प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के हैं. सरकारी मेडिकल कॉलेज की सालाना फीस एक लाख रुपये के आस पास है. बहुत राज्यों में तो काफी कम भी है. प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सामान्यतः फीस पंद्रह लाख से बाइस-तेईस लाख रुपये है. उनकी होस्टल फीस, रूम रेंट, मेस फीस इत्यादि भी सरकारी कॉलेज से कई गुना ज्यादा हैं. अलबत्ता यह बात जरूर है कि सरकारी कॉलेज के होस्टल की पूरी व्यवस्था, रख रखाव और मेस की व्यवस्था बहुत कारुणिक दृश्य उत्पन्न करता है. पर फिर भी भारत के सभी प्रतिष्ठित अस्पतालों में इन्हीं मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में शिक्षित डॉक्टर कार्यरत हैं और प्रतिवर्ष करोड़ों देशवासियों की सेवा कर रहे हैं. इतना ही नहीं पूरी दुनिया में इन्हीं सरकारी कॉलेज के छात्र लाखों की संख्या में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं. विडंबना यह है कि एक अरब चौवालीस करोड़ जनता के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए उचित संख्या में अब भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं. सरकारी अस्पतालों में पूरे देश के किसी क्षेत्र में जाकर देखें तो लगेगा वहां बीमारों का विशाल मेला लगा रहता है. ऐसा लगता है कि भारत बीमारों का देश है! देश में प्रतिवर्ष इतने कम डॉक्टर क्यों निकल रहे हैं, आवश्यकतानुसार मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं खोला जा रहा है सरकारी क्षेत्र में! किसी एक माननीय जन प्रतिनिधि या वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के इलाज पर दसों करोड़ रुपये खर्च कर दिए जाते हैं. आवश्यकता हो न हो, हरेक शहर में फ्लाई ओवरों का जाल बिछाया जा रहा है. सैकड़ों अरब रुपये खर्च किये जा रहे हैं, पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए, वरिष्ठ डॉक्टर, अध्यापक, पारा मेडिकल स्टाफ, नर्सों की नियुक्ति के लिए आर्थिक स्रोतों की कमी रहती है! शायद आश्चर्य हो कि लगभग तीन करोड़ की आबादी वाले झारखंड राज्य में एमबीबीएस प्रवेश हेतु की आठ सौ पांच सीटें हैं मात्र. मेडिकल कॉलेज में समुचित वरिष्ठ शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं. बहुत स्थानों पर बहुत विषयों में पीजी की पढ़ाई नहीं होती है. जूनियर और सीनियर रेजिडेंट का पद भी स्वीकृत नहीं है अब तक. प्रशासकीय और राजनीतिक उदासीनता के कारण अन्य तकनीकी सुविधाओं का घोर अभाव रहता है. राज्य के राजनीतिज्ञों को राजनीति चमकाने का एक अड्डा बनकर रह जाते हैं मेडिकल कॉलेज. गंदगी और दुर्व्यवस्था की तो चर्चा ही बेकार है. प्रतिवर्ष मेडिकल कॉलेज में सीट घटने और मान्यता समाप्त होने का खतरा मंडराता रहता है. और यहां स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत जो भी डॉक्टर हैं, वे पहला मौका मिलते ही राज्य और देश से पलायन को तैयार रहते हैं. चुनाव तो आते जाते रहते हैं, लेकिन क्या आम आदमी और उसकी स्वास्थ्य आवश्यकता भी चुनाव का गंभीर मुद्दा बनेगा?

# बसाढ़ गढ़ के नाम से प्रसिद्ध राजा विशाल का गढ़



**यायावर**

**डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय**

**गौतमबुद्ध** गौतमबुद्ध की उपदेश भूमि और महावीर की जन्मभूमि होने के साथ-साथ यह रामायण कालीन राजा विशाल की राजधानी होने के कारण वैशाली आज वैश्विक धरातल पर प्रतिष्ठित है. क्षत्रिय राजा विशाल ने अपने शासन काल में अपनी राजधानी को वाणिज्य पुर में स्थानांतरित किया. उसने दूसरी जगह एक दूसरा नगर बसाया, भव्य राजमहल बनवाया और उसका नाम विशाल पुरी रखा. निश्चित रूप से वही स्थान आज वैशाली गढ़ की धरती है, जिसे वैशाली या बसाढ़ गढ़ के नाम से जाना जाता है. यह ईंटों से भरा आयताकार ऊंचा स्थान है. इसकी परिधि एक किलो मीटर से अधिक है. उत्तर से दक्षिण यह करीब 500 मीटर लंबा है और पूरब से पश्चिम 250 मीटर चौड़ा है. इसके चारों ओर खाई है, जिसमें खेती होती थी.


उक्त गढ़ के संदर्भ में जनरल कर्निंघम साहब ने लिखा है कि उत्तर से दक्षिण इसकी लंबाई 1700 फीट और पूरब से पश्चिम तक इसकी चौड़ाई 800 फीट तक थी. गढ़ के चारों कोनों पर सोने चांदी के चार गुम्बद थे. पूरा गढ़ चारों ओर से चौड़ी दीवारों से घिरा था, जिसके चारों ओर गहरी सुरक्षा खाई थी, जिसमें सालों भर पानी भरा रहता था. सुरक्षा की दृष्टि से यह व्यवस्था की गई थी. दक्षिण से खाई के ऊपर एक बांधवाला रास्ता था, जिससे होकर लोग महल में जाते थे.

बसाढ़ गढ़ की पुरातात्विक खुदाई से प्राचीन काल की कई वस्तुएं प्रकाश में आई हैं. ईंट के बने छोटे छोटे कमरे मिले हैं, जिसके फर्श पर ईंट से सोलिंग किया हुआ है. एक कमरे में 1100 अदद मिट्टी की मोहरें मिली हैं. ये मोहरें 320 ईस्वी से 525 ईस्वी तक की हैं, जिसपर महाधिराज चंद्र गुप्त और महारानी ध्रुव स्वामिनी आदि के नाम अंकित है. अधिकतर कमरों में मिट्टी और तांबे के टूटे फूटे बर्तनों के साथ जली हुई लकड़ियां तथा मानव हड्डियां बिखरी हुई हैं, जो उस समय के किसी विशेष संघर्ष की ओर संकेत कर रही हैं. बाढ़ गढ़ की खुदाई के दौरान कहीं चांदी तो कहीं तांबे के सिक्के मिले हैं. तांबा के एक चकोर सिक्के पर हाथी और पेड़ का चित्र अंकित है. कहीं पत्थर की बनी बुद्ध की मूर्ति मिली है तो कहीं मूल्यवान पत्थर के दाने से बनी मालाएं मिली हैं. अंग्रेज विद्वान डॉ. स्मिथ ने अपने लेख लिखा है कि आज का बसाढ़ ही वह भूमि है, जिसने सर्वप्रथम गणतांत्रिक व्यवस्था को जन्म दिया. बसाढ़ गढ़ ही थोड़ा विकृत होकर वैशाली के रूप में प्रसिद्ध है. उक्त वैशाली गढ़ के संदर्भ में अपनी लेखनी को इतना ही कहकर विराम देना चाहूंगा कि -



डूबा है दिनमान इसी खंडहर में, डूबी राका.
छिपी हुई है यहीं कहीं , धूलों में राज पताका.


# झूठ की महिमा न्यारी है



**नश्तर**

**सुधीर राघव**

**झूठ** की महिमा न्यारी है. झूठ से दुनिया चल रही है. विद्वानों ने जगत को मिथ्या कहा है. उपनिषद कहते हैं कि असत्य पांच भौतिक तत्वों से बना है, जबकि जगत का सत्य नेति नेति अर्थात न इति न इति मायने कुछ भी नहीं है। जगत झूठा और नेति नेति ही परम सत्य है. यही वेदांत का ज्ञान मार्ग है. अद्वैत दर्शन है. अगर जगत मिथ्या और झूठा है तो उसके साथ झूठ बोलने में क्या बुराई है? इसलिए सबसे कामयाब नेता कभी सत्य नहीं बोलता. या यों कहें कि सबसे झूठा और मक्कार नेता ही इस जगत में सबसे कामयाब नेता हो जाता है. मारा वह जाता है जो सत्य बोलता है. इस झूठे जगत में सारे कष्ट सत्यवादी को ही उठाने पड़ते हैं. बायगॉड, गॉड भी हर सच्चे इंसान की ही परीक्षा लेता है कि इस झूठे जगत में यह सच कैसे बोल रहा है? क्या इसके सॉफ्टवेयर प्रोग्राम में कोई वायरस है? या इसके दिमाग में कोई कीड़ा है? उधर, झूठा पूरी मौज मारता है. उसकी कोई परीक्षा नहीं लेता. वह खुद सबके लिए परीक्षा है. वह हर सच को हराने के लिए हजार झूठ खड़े कर देता है. एक परम झूठा यह अच्छी तरह से जानता है कि एक सच सौ झूठ पर भारी है. सच को भगवान से इतनी ही ताकत मिली है. बेचारा सच कभी हजार झूठ से मुकाबला नहीं कर सकता. हजार झूठ के संख्याबल के आगे सच मर्दाना कमजोरी का शिकार हो जाता है. वैसे भी जब हर मर्द का बच्चा झूठ बोल रहा हो तो सच में मर्दाना ताकत बचेगी ही कितनी. यही वजह है कि झूठा नेता कामयाब है. वह सब समस्याओं का समाधान एक झूठ से चुटकी में कर देता है. जब जनता रोती है कि रसोई गैस बहुत महंगी हो गई है तो वह झट से यह कहकर चुप करा देता है कि नाले से गैस बना लो. बिल्कुल मुफ्त बनती है. जब जनता नाले से गैस नहीं बना पाती तो वह उसे ए स्केयर और बी स्केयर के ऐसे गलत फार्मूले में उलझा देता है कि बेचारे बीज गणित की किताब फट जाती है. झूठा नेता सिर्फ दो आदमियों का विकास करता है और कहेगा कि पूरे देश का विकास हो रहा है. वह सिर्फ दो लोगों की नौकरी करेगा मगर खुद को पूरे देश का सेवक कहेगा.



इस ज़माने में सच का साथ कोई नहीं देता. मगर झूठ का साथ देने निर्लज्जता पहुंच जाती है. अधर्म पहुंच जाता है. पाप पहुंच जाता है. धोखा तो उसका जुड़वां भाई है. झूठ स्मृति के जरिए रचा जाता है और विस्मृति में विलीन हो जाता है. झूठ कोई भारतीय, ब्रिटिश या अमेरिकी विद्या नहीं है, वह पूरी तरह ईरानी है. झूठ एक जादू है और जादू का जन्म मेसोपोटामिया में हुआ. झूठ के फायदे ही फायदे हैं. मगर दुनिया में सबसे ज्यादा बुराई और निंदा झूठ की हुई है. सारे महान ग्रंथ झूठ की निंदा से भरे हैं. इसीलिए कोई पढ़ाकू इस दुनिया में कभी कामयाब नहीं हो पाता, जबकि एक अनपढ़ अपने इशारे पर एंटायर पॉलिटिक्स चलाता है. झूठ की निंदा करने वाले को यह मिथ्या जगत कभी बर्दाश्त नहीं करता. हर झूठ में नया झूठ खोज लेना ही सबसे बड़ी रिसर्च है. झूठी दुनिया झूठ की तरफ खड़ी है. सब चिल्ला रहे हैं, झूठ का बोलबाला और सच का मुंह काला.


# कला में बनी अधिवक्ता अंबिका चरण की पहचान



**कला-संवाद**

**मनोज कुमार कपरदार**










**भारतीय** कला दृष्टि की यात्रा महान संकल्प की अनवरत यात्रा है और यह संकल्प जब हमारे सृजन मूल्यों में प्रतिष्ठित रहेगा, भारतीय कला दृष्टि की यात्रा अविराम बनी रहेगी. भारतीय कला भले ही दूर से एकांतिक और उदासीन लगे, लेकिन उसमें जीवन के विविध रंग और उनकी खिलती छटाओं के बोल सुने जा सकते हैं. भारतीय कला में यह सामर्थ्य है कि इसमें रंग और रेखाएं तथा देह के अंगों की भंगिमाएं केवल दिखायी नहीं देतीं, बल्कि बोलती भी हैं. भारतीय कला में अंतर्विरोध नहीं है, बल्कि उसके अंतर्संबंध हैं. कला का अंतर्संबंध कानून के साथ भी है. कला और कानून के बीच का संबंध आंतरिक जुनून का प्रतीत होता है तभी तो अम्बिका चरण पाणी जैसे व्यक्ति अधिवक्ता होते हुए भी अपनी कला धर्म को साथ- साथ लेकर चल रहे हैं. क्योंकि अम्बिका चरण पाणी का मानना है कि हम अपनी कानून प्रथाओं में व्यस्त हैं, कलात्मक प्रयास अक्सर ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते हैं, जबकि हम दूसरों की मदद करने के बारे में चिंतित रहते हैं. हमारे कलात्मक पक्ष की उपेक्षा, हमें जितना हम जानते हैं, उससे कहीं अधिक नुकसान पहुंचा सकती है. यदि हम उस कलात्मक पक्ष का अनुसरण करते हैं, तो हम वास्तव में अधिवक्ता के रूप में लाभान्वित हो सकते हैं. इसीलिए ये अपनी वकालत के पेशे से जुडे रहने के बावजूद कला को साथ लेकर चलते हैं.

अम्बिका चरण पाणी को बचपन से ही कला के प्रति लगाव रहा है. एक समय था, जब ये पेंटिंग करते थे तो बड़ी डांट पड़ती थी, परंतु जब परिवार वालों ने भी इनके हुनर को पहचाना तो इनको काफी प्रोत्साहित किया. उसी प्रोत्साहन के चलते आज कला की दुनिया में वह भी एक सुपरिचित नाम हो गया है. कला प्रेमी इनकी कलाकृतियों को काफी पसंद करते हैं और सराहना भी करते हैं. पेंटिंग्स के कारण ही इन्हें अपने कार्य क्षेत्र में भी आज एक अलग पहचान मिल पाई है. इन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कला प्रतियोगिताओं और प्रदर्शनियों में भाग लिया और कई पुरस्कार भी जीते हैं. हाल ही में कोलकाता में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में उनकी पेंटिंग ओल्ड स्टोन ब्रिज को टॉप 30 पेंटिंग्स में चुना गया है. महाराष्ट्र की संस्था प्रफुल्ल धनु कर आर्ट फाउंडेशन द्वारा इनकी पेंटिंग स्माइल को पुरस्कृत किया गया है. बिंदास आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी में उनकी पेंटिंग शाइनिंग स्माइल को मेरिट अवार्ड मिला था. इनकी पेंटिंग बैक टू वर्क इंटरनेशनल वाटर कलर समिति बांग्लादेश द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के लिए 2018 में चुनी गई थी. इसी प्रकार 2017 में आर्टेरियन संस्था द्वारा इनकी पेंटिंग ओल्ड एंड रस्टेड को बेस्ट आर्टवर्क के रूप में प्रथम पुरस्कार मिला था. 2021 में बी आर्ट फाऊंडेशन द्वारा लैंडस्केप पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार मिला था.

2020 में अंतस संस्था द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में इनकी पेंटिंग सनशाइन को टॉप 13 पेंटिंग्स में चुना गया था. 2021 में शिल्प राज अकैडमी द्वारा उनके लैंडस्केप पेंटिंग को टॉप टेन पेंटिंग्स में चुना गया था. उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार जीते हैं. अम्बिका चरण वाटर कलर से रियलिस्टिक स्टाइल में पेंटिंग करते हैं. इनकी पेंटिंग में ग्रामीण परिवेश का सजीव चित्रण देखा जा सकता है.

# गंवार लेखकों का उज्जड-गंवार लेखन

आलेख





राकेश सिंह

हाशिए का साहित्य (सबाल्टर्न लिटरेचर) वह लेखन है जो साहित्य की राजधानियों से दूर, साहित्य के मठों-गढ़ों की छाया से बहुत दूर गांव-देहात में लिखा जा रहा है. हाशिए पर वह सब लिखा जाता है जो मुख्य स्पेस में लिखने से रह गया होता है. छूटे तथ्य, भूली चीजें, स्मरणीय पंक्तियां, मार्जना के औजार आदि-आदि हाशिए की सामग्री होते हैं. हाशिए पर लिखी सामग्री की अनिवार्यता हाशिए को मुख्य स्पेस के महत्वपूर्ण स्थानों पर बिठाने को बाध्य कर देती है और यही सामग्री विश्रृंखलता को अर्थवान रचना में ढालती है. हाशिए के इस लेखन को कभी "गांव से आए गंवार रचनाकारों द्वारा लिखी उज्जड रचनाएं" ( रूपसिंह चंदेल/ दस्तावेज : जुलाई 1997) कह कर साहित्य से बहिष्कृत करने के अभियान हुए थे, यह भूल कर कि हाशिए की भी अपनी एक सत्ता होती है.

### आंचलिकता और घटनाएं छूत का रोग!

आलोचना के नागरीय अभिजात्य ने ग्राम्य लेखन को कभी 'आंचलिक' तो कभी 'सूचनापरक' कह कर खारिज करने की कोशिशें की मानो आंचलिकता और घटनाएं छूत का रोग हों और इन्हें खारिज कर ऐसी रचनाओं को ज्यादा तरजीह दी जिनका कोई घटना-संसार ही नहीं होता. यदि घटनाएं या सूचनापरकता रचना का अवगुण हैं तो फिर हेमिंग्वे की कहानियां तो मात्र सांडों के युद्ध (बुल फाइटिंग) या युद्ध की रपटें भर रह जानी थीं (विजयमोहन सिंह/राष्ट्रीय सहारा:12अप्रैल 1998) परंतु ऐसा तो है नहीं. गांव-कस्बों में जो बेहतर लिखा जा रहा है उस खांटी जनवादी-मानवतावादी सृजन को या तो हमारी निरी बौद्धिक नागरीय आलोचना ने पहचाना ही नहीं या फिर 'मुंदहूं आंख कतहूं कुछ नाहीं 'की नीति अपनाती रही. जो कृतियां ऐसी आलोचना को अतिक्रमित करती दिखीं, पद्य के औजारों से गद्य का शवोच्छेदन करने वाले ऐसी कृतियों के समक्ष निःशस्त्र, विरथ और निरूपाय दिखने लगे. फलस्वरूप अनभिज्ञता की कंठी और उपेक्षा की रामनामी ओढ़े अपने साहित्य संपर्कोत्सवों के यज्ञ में मारण-कीलन के जाप करने लगे. कविता के औजारों से कथा-उपन्यास की आलोचना करने के कारण आलोचकों की दृष्टि दीवार में खिड़कियां तो देखती रही पर गांव के गगन पर घहराती घटाएं नहीं देख सकीं. गांव से हट कर बाईपास से गुजरने वालों को 'सहपुरवा' ही नहीं दिखा तो सुदूर बीहड़ झारखंड के 'धपेल' क्यों कर दिखते? साहित्य की विविध विधाओं पर बात करने हेतु यहां स्थान कम है अस्तु फिलहाल सिर्फ कहानी की बात...

### तमाम षड्यंत्रों के बाद भी मिला मान

कभी शहरी बनाम गंवई कहानी का वितंडा खड़ा कर हाशिए के साहित्य को आलोचना से भी बाहर धकेलने के प्रायोजित अभियान हुए थे. फणीश्वरनाथ रेणु की 'पंचलाइट', 'रसप्रिया', 'तीसरी कसम उर्फ मारे गए गुलफाम' जैसी कहानियों ने सशक्त प्रतिरोध प्रस्तुत किया था. फिर गंवई रचनाशीलता का विस्फोट था 'मैला आंचल'! आगे फिर शेखर जोशी (दाज्यू/कोशी का घटवार), रांगेय राघव (गदल), मार्कंडेय (गुलरा के बाबा/हंसा जाई अकेला), उपेंद्रनाथ अश्क (डाची), शिवप्रसाद सिंह (नन्हों/कर्मनाशा की हार), शैलेश मटियानी (सुहागिन/प्रेतमुक्ति), मधुकर सिंह (भाई का जख्म/दुश्मन) आदि-आदि ने इस प्रतिरोध की जड़ों को सींचा.

इस बिरवे को परवान चढ़ाने वाली अगली पीढ़ी के साथ गांव-कस्बे के साहित्य का भरा-पूरा संसार सामने आया. रामधारी सिंह दिवाकर (माटी पानी/जहां जोत बरय दिन-राती), अरुणप्रकाश (जलप्रांतर/भैया एक्सप्रेस), प्रेम कुमार मणि (घास के गहने/स्वेटर), संजीव (अपराध/सागर सीमांत), मिथिलेश्वर (बाबूजी/हरिहर काका), चंद्रकिशोर जायसवाल (मर गया दीपनाथ/हींगवा घाट में पानी रे), शैवाल (दामूल/कालसूत्र), अवधेश प्रीत (मुलुक/अली मंजिल), अनंत कुमार सिंह (और लातूर गुम हो गया/कालदंश), जयनंदन (कस्तूरी पहचानो वत्स/माटी के बलमुआं), चंद्रमोहन प्रधान (मौला करे सो सब ठीक), सुरेश कांटक (एक बनिहार का आत्मनिवेदन), वसुदेव(इस जंगल के लोग), विजयकांत, विजेन्द्र अनिल...इस समृद्ध परंपरा की लंबी सूची है.इन रचनाकारों ने महानगरीय जीवन शैली और उलझाऊ पैंतरेबाजियों से खुद को बचाते हुए विविध कथानक, भाषा, शिल्प आदि के स्तर पर खुद को मांजते-गोड़ते-तोड़ते हुए साहित्य को जो शक्ति प्रदान की उसके प्रमाणों पर पूरी किताब बन सकती है. ऐसी रचनाएं कंक्रीट के जंगलों में नहीं उग सकती थीं पर कुलीनतावादी आलोचना को यह कतई स्वीकार नहीं था कि गांव-जंगल-कीचड़-धूसरित पगडंडियों को साहित्य में अधिक महत्व मिले. इस तथाकथित 'उज्जड-कस्बाई' लेखन को कुलीन साहित्यिक बिरादरी में स्थान और मान मिले.

### जिन्होंने छोड़ी राह

कुछ अतिमहत्वाकांक्षी रचनाकार जिन्होंने कुलीनतावादियों की शर्तों से समझौते कर लिए, अपने तथाकथित गंवारूपन, भदेसपन और उज्जडता को तिलांजलि देकर साहित्यिक मठों के परिसर में झोंपड़े डाल कर कीर्तन करना स्वीकार किया, किलेदारों - मठाधीशों की अल्पाधिक कृपा प्राप्त करने में सफल भी रहे परन्तु अपनी मिट्टी से प्राप्त जीवन-रस के सूखते ही उनका हश्र मूंगफली के छिलकों-सा हो गया. जड़ों से उखड़े लोगों की संवेदनाएं,धार और उर्जा छीजती चली गई और अंततः वे साहित्यिक रोटियां सेंकने हेतु समिधा बनने को अभिशप्त हुए.

# दुःख-प्रेम और संघर्ष की कहानियां

समीक्षा



मीनाधर पाठक

अनिता रश्मि समकालीन हिंदी साहित्य में एक जाना-पहचाना नाम है. उनका कहानी संग्रह 'हवा का झोंका थी वह' मैंने अभी-अभी पढ़कर समाप्त किया है. संग्रह की कहानियां विविधवर्णी हैं. दुःख-प्रेम ईर्ष्या संघर्ष, प्रतिशोध तथा समर्पण आदि भाव इन कहानियों की विशेषता है.

संग्रह की पहली कहानी 'हवा का झोंका थी वह', एक आदिवासी स्त्री मीनवा की पूरी कहानी उसकी मालकिन के माध्यम से आगे बढ़ती है. साधारण नाक-नक्श की आदिवासी स्त्री मीनवा अपनी मालकिन के घर का कार्य करते हुए जब अति उत्साह में होती है तब काम के साथ अपनी बातें भी मालकिन से साझा करती है. वह बताती है कि उसने कैसे दो पतियों को त्याग कर तीसरा विवाह किया है.

"क्यों छोड़ा उन दोनों को? मालकिन के पूछने पर वह कहती है कि पहला पति दूसरी के घर जाने लगा था. तब एक ही झटके में उसे त्याग, दूसरे का दामन थाम लिया उसने. दूसरे पति की क्रूरता के बारे में मिनवा कहती है," आपन छऊआ को कसाई लेखि मारत रहे दीदी. बोल का लखे नय छोड़ते!' हाथ गोड़ जला देता था." जितनी आसानी से कह दिया था मीनवा ने उतनी ही आसानी से तीसरी बार ब्याह भी रचा लिया था. इस बार उसका पति झारखण्ड राज्य की अलग मांग की लड़ाई करने वाला सिपाही या नेता था. मालकिन के पूछने पर कि अलग राज्य की मांग करना क्या उचित है? मीनवा तपाक से कहती है, "कैसेन उचित नखे! उ कहेला झारखण्ड अलग होई तो हमन सोउबे के आपन हक मिली. हमीन सोउब खुसी से रहेंगे. यहां के एतेक संपदा बहरे नीं जाई."

मीनवा स्वयं भी हाथों में तीर-धनुष ले कर अपने नए पति के साथ जुलूस में शामिल होती और "झारखंड अलग करोअलग करो" का नारा बुलंद करती. समय बदलता है. आधुनिकता की बयार सुदूर रहवासियों तक भी पहुंचती है और खेती छोड़ लोग आजीविका तलाशने शहर की ओर निकल पड़ते हैं. बस में चढ़ी मीनवा अपने साथ बदसलूकी करते एक व्यक्ति को ऐसा सबक सिखाती है कि वह अपना सा मुंह लिए पीछे की सीट पर जा बैठता है. एक दिन मालकिन के द्वारा पुराना ब्लाउज दिए जाने पर मीनवा कहती है, "अब सोउब पींधो. आपन नज़र में तो नय, देखकवाला कर नाइजर में खोट आय गेलक (अब सब पहनते हैं. अपनी तो नहीं, दूसरे की नजर में खोट आ गई है.)" अचानक एक दिन मीनवा काली दुर्गा सी अवतरित होती है और फिर गुमनामी के अँधेरे में गुम हो जाती है.




समीक्षा : हवा का झोंका थी वह (कहानी संग्रह)
लेखिका : अनिता रश्मि
प्रकाशक : प्रभात प्रकाशन की अनुसंगी इकाई विद्या विहार, नई दिल्ली – 110002;
संस्करण : 2023 मूल्य : 300/-

कहानी का अंत एक प्रश्न के साथ होता है. 'आंखें' कहानी में अपने माता-पिता को लड़ते-झगड़ते देख पायल लिव इन रिलेशनशिप को अपनाती है. परन्तु कुछ समय के बाद वह महसूस करती है कि सुमंत उसके पापा जैसा और वह स्वयं अपनी मां जैसी होती जा रही है. किसी रिश्ते का बने रहना टूटने से ज्यादा मायने रखता है. संभवतः इसी लिए कहानीकार ने कहानी का ऐसा अंत चुना है कि पायल सुमंत से शादी का फैसला कर लेती है. 'कोलतार की तपती सड़क' पर जिंदगी कैसे मुस्कुराती है ये जानने के लिए कहानी पढ़नी चाहिए. दूसरे के खेतों में मजदूरी कर के जीने वाले किसानों की जब अगली पीढ़ी आती है तब वह उसी व्यवस्था में जीने का विरोध करती है. वे जीवन भर दूसरों के खेत में मजदूरी करते जीना नहीं चाहती. वे कर्ज में दब कर आत्महत्या नहीं करना चाहती न ही किडनी बेंच कर कर्ज उतरना चाहती है. तब वह अफ़ीम की खेती का रास्ता चुनती है परन्तु क्या इस राह पर चल कर वह अपना और अपने परिवार का भला कर पाई? 'सबका साथ सबका विकास' की पोल खोलती कहानी है, 'एक नौनिहाल का जन्म'. 'एक उदास चिट्ठी' पूरी कहानी पत्र शैली में लिखी गई है. एक बेटी के द्वारा अपनी मां को लिखा गया मार्मिक पत्र. 'चीखेंसन्नाटा' में अपनी मां की मृत्यु का बदला लेने के लिए अमृत क्रूरता में रसिक से भी दो कदम आगे निकल गया. कहानी समाप्त करने के बाद कई प्रश्न पाठक मन को व्यथित करते हैं.

रश्मि जी की कहानियां पात्रों के साथ बड़ी सहजता से आगे बढ़ती हैं. संग्रह की कुछ कहानियां माटी की महक से सराबोर हैं. कहीं गीत गाती धान रोपती स्त्रियां हैं तो कहीं तपती धूप में सड़क पर काम करते हँसते-खिलखिलाते चेहरे. कहीं जंजीर में बंधा बचपन तो कहीं भूख से बिलबिलाते अपने मासूम बच्चों की हत्या करते पिता! हरेक कहानी की अपनी-अपनी तासीर है तथा भाषा की अपनी मिठास जो पढ़ते समय पाठक के अंतस में उतर जाता है.

कहानी

# ग्रैंड पेरेन्ट्स



राज लक्ष्मी सहाय

हॉस्टल में. मेरे भइया भी हॉस्टल में ही रहता है.

"अच्छा! फिर कब आते है हॉस्टल से?"

"वह नहीं आते. पापा कहते हैं छुट्टी नहीं मिलती. लेकिन भइया आता है." बैठने के पश्चात भी सरला के साथ वार्तालाप जारी रहा- भइया क्यों गया हॉस्टल में? सरला ने कहा, घर में नहीं पढ़ता. फिर पूछा उन्होंने- और दादा ?

"मम्मी कहती है डिसीप्लीन सिखने के लिए उन्हें भेज दिया."

"उन्हें डिसीप्लीन नहीं आती?"

"नहीं आती न! लाठी लेकर खट-खट हल्ला करते हैं. मम्मी की नींद खुल जाती है."

और ? बड़े प्यार से आहिस्ते से पूछा उन्होंने.

"कुर्सी पर पैर चढ़ाकर बैठ जाते है. कांटा चम्मच से तो खाना आता ही नहीं. कभी कांटा गिराते हैं कभी चम्मच. कई ग्लास भी तोड़ दिए. मेरी मम्मी क्रॉकरी टूटने से बड़ी नाराज होती हैं."

"कितने दिन हो गए तुम्हारे दादा को हॉस्टल गए?"

"चार साल पहले. मुझे थोड़ा-थोड़ा याद है. लेकिन मुझे उनके साथ बहुत अच्छा लगता था."

गोपाल बाबू ने उसके सिर पर हाथ फेरा- आंख नम हो गई थीं. बच्ची वहां से जा चुकी थी. वह भी तो हॉस्टल में ही रहते हैं. लेकिन उन्हें कभी छुट्टी नहीं लेनी. बेटे बहू की घूरती आंखों से डर लगता है उन्हें. अपने ही बनाए घर में पराये से हो चुके है. घर की ईंटें जोड़ते वक्त सपने में भी ख्याल नहीं आया था कि कभी इनसे जुदा भी होना होगा. तभी स्टेज का परदा हटा. एक के बाद एक कार्यक्रम आते गए. छोटे-छोटे बच्चों का नाटक में अभिनय- बुजूर्ग बनकर, गाने, नाच, कविता पाठ.

"दादी अम्मा दादी अम्मा मान जा छोड़ो जी ये गुस्सा जरा हंस के दिखा " गाने पर बच्चों का अभिनय क्या खूब था. मगर, मंच से बाहर की दादी अम्मा कैसे हंसे? मंच से बाहर की दादी अम्मा के कलेजे पर तो नश्तरों के अनगिनत निशान हैं. हर क्षण कलेजा कटता है. अब तो खून भी नहीं बचा. सब सन्नाटा. व्हील चेयर पर बैठी सावित्री देवी की आंखें बच्चों का देख चमक रहीं थीं. बाजू में बैठी एक महिला के पास नन्हीं सी बच्ची दौड़कर आई और गोद में सर रख दिया.

"दादी मेरा प्रोग्राम कैसा लगा तुम्हें?" बहुत बढ़िया मेरी गुड़िया. मेरी सुलेखा तो परी जैसी लगती है नजर न लगे किसी की. कहते हुए उसने पोती के माथे पर चूम लिया. मम्मी कहती थी लंगड़े लूल्हे लोग स्कूल फंक्शन में नहीं जाते. लेकिन देखा तुमने मेरे स्कूल वाले कितने अच्छे हैं.

"मगर तुम अपनी मम्मी से मत कहना कि मैं आई थी यहां. यहां से फिर मैं अपने भाई के घर चली जाउंगी. प्रॉमिस करो."

"प्रॉमिस दादी मां."

तभी मंच से घोषणा हे रही थी. कई बच्चों के दादा दादी नाना नानी इस संसार में नहीं हैं. उन सबको स्कूल प्रबंधन और बच्चों की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि. उनके नाम भी पुकारे गए. उन नामों में सुलेखा की दादी का नाम भी पुकारा गया. "जानकी देवी को भावभीनी श्रद्धांजलि" सुलेखा और जानकी एक दूसरे का मुहं ताक रहे थे. मेरी मम्मी ने मेरे इनविटेशन कार्ड में लिखा था- " हर ग्रैंड पेरेन्टस आर नो मोर". वह तो मामा दादा को फोन करके तुम्हें भेजने कहा था. दादी सुलेखा के गालों पर आंखों के मोती लुढ़क आए थे. दादी बोलीं- कोई बात नहीं मेरी नन्हीं परी. तुम्हारी मम्मी के लिए तो मैं नो मोर ही हूं.

कार्यक्रम का संचालन करने वाली स्कूल की हेड गर्ल अंतिम भाषण दे रही थी- हम सभी बच्चे प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने बुजुर्गों का सम्मान करेंगें. उन्होंने उंगली पकड़कर चलना सिखाया – हम उनकी लाठी बनेंगे. वे हमारे लिए आकाश हैं, सूरज हैं, प्रकाश स्तंभ हैं. आकाश न बिखरे, सूरज न बूझे और प्रकाश स्तंभ छिन्न भिन्न न हो. शिलालेखों के अक्षर आंसूओं के सागर में निमग्न थे. संगीत बज रहा था. " खो न जाएं ये सूरज गगन के"

**समाप्त**

व्यंग्य >> बर्बरीक

# सैंया झूठों का बड़ा सरताज निकला




भारतीय जनमानस में झूठ का बड़ा महत्व रहा है. शायद इसीलिए हमारे जितने भी पुराने ग्रंथ हैं सबमें सत्य बोलने पर बहुत ज़ोर दिया गया है. ज़ाहिर है कि लोग झूठ से ज्यादा काम लेते रहे होंगे तभी बार बार आगाह किया जाता था कि सच बोलो, सच बोलो. धर्मग्रंथों के बाद गांधीजी ने इस बात को पकड़ा कि हम हिंदुस्तानी लोग दो चीजों से बड़ा प्रेम रखते हैं- झूठ और हिंसा. तभी उन्होंने इस बीमारी से बचाव के लिए दो टीके प्रस्तावित किए - सत्य और अहिंसा. लेकिन यह बीमारी ऐसी महामारी की तरह हमारे खून में घुसी हुई थी कि बहुत असर नहीं हुआ. साथ में साइड इफेक्ट की तरह भ्रष्टाचार, जातिवाद आदि आ गए.

टीके से अच्छा याद आया कि भारत में जिस टीके को रामबाण के रूप में प्रचारित किया गया था और कहा जाता रहा कि इसके कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है वह लंदन पहुंचते ही सत्य बोलने लगा. बहुत सारे दावे झूठे साबित हुए पर हम भारतीयों को बहुत फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि हम तो बरसों से झूठ के सहारे ही हैं. हर पांच साल में हमसे तरह तरह के झूठ बोले जाते रहे हैं. आजादी के बाद हमारी सारी समस्या खत्म हो जाएगी, नहीं हुई. गरीबी हट जाएगी, नहीं हटी. सबको काम मिलेगा, नहीं मिला. हर पांच साल में झूठों की संख्या बढ़ती रही हमारा झूठ पर विश्वास भी बढ़ता ही रहा. झूठ का आकार भी बढ़ता ही रहा. बड़े बड़े झूठों पर यकीन करने लगे. हर दिन खाते में बैलेंस चेक करने लगे कि पंद्रह लाख आ गए क्या? रोज इसलिए चेक करते कि कहीं पंद्रह लाख आकर पड़े होंगे और अपनी उपेक्षा से नाराज होकर वापस चले गए तो...

फिर हमने हर साल दो करोड़ रोजगार का भी इंतज़ार किया. सपने देखने लगे कि हर तरफ युवा सज संवर कर नौकरी पर जा रहे हैं. लेकिन हकीकत में युवा सिर्फ हाथों में तलवारें लेकर माथे पर रनर बिरंगे पटके पहनकर नारे लगाते नजर आए. यह भी कहा गया कि बस अब पांचवी अर्थव्यवस्था बन गए हैं और महाशक्ति बनने की राह पर है लेकिन फिर सीढ़ियां उतरकर कहीं नीचे पहुंच गए. विश्व गुरु बनने के लिए अभी तैयार हो ही रहे थे कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की सूची आ गई कहीं सौ दो सौ में भी हमारा कोई विश्वविद्यालय नहीं था.

फिर तो झूठों की श्रृंखला ही चल पड़ी. किसिम किसिम के झूठ -- तुम्हारा मंगलसूत्र छीन लेंगे, तुम्हारी संपत्ति छीन कर बांट देंगे, तुम्हारा आरक्षण छीन लेंगे. अरे भाई! आपलोगों के रहते जब सब कोई छीन ही लेगा तो आप आखिर किस मर्ज़ की दवा हैं. सब लगे हैं कि इस झूठ की प्रतियोगिता में कौन अव्वल आता है. लेकिन सबका झूठ एक तरफ और बड़े साहेब का झूठ भी बड़ा. उसकी बराबरी भला कौन कर पाएगा. झूठ चल गया तो अति उत्तम नहीं तो कह दिया जाएगा यह सब गारंटी वारंटी सब जुमला था. आपने झूठ को सच मान लिया तो आप जाने. फिर आप गाते रहिए -- सैंया झूठों का बड़ा सरताज निकला...

कविता/ग़ज़ल

## कुमार बृजेंद्र की दो गजलें



कुमार बृजेंद्र

### कोई बात महज बात रहे

आसमानों पे सितारों के बहाने निकले
घर जो छूटा तो कई और ठिकाने निकले.
वक्त बदले तो बदल जाते हैं दुनिया के उसूल
दोस्तों में कई दुश्मन भी पुराने निकले.
कितना मुश्किल है कोई बात महज बात रहे
हमने कुछ और कहा, और ही माने निकले.
इश्क और हुस्न ओ वफा से ही दुनिया का वजूद
तुम मुझे इनकी ही फितरत से डराने निकले.
ऐ मेरे वक्त की तस्वीर बनाने वालों
हम हैं नादान मगर तुम तो सयाने निकले.

### तुझसे बस्ती में उड़ी चिन्गारी

तू परेशान इस कदर नाहो
उसकी चौखट पे तेरा सर ना हो.
ठीक है बुलबुल-औ मैना होना
तुझ पे सैय्याद की नजर ना हो.
आप चाहें तो सरकलम कर दें
मुझपर तोहमत की कलम सर ना हो.
तुझसे बस्ती में उड़ी चिन्गारी
जलने वालों में तेरा घर ना हो.
फिर वो पूजा के फूल भेजेगा
देखना फूल में जहर ना हो.
तब तो बच्चे सड़क पे खेलेंगे
धूल हो, आंधियां हो, डर ना हो.
अब तो इस गांव की रवायत हो
ख्वाब में भी अगर-मगर ना हो.



चंद्रिका ठाकुर 'देशदीप'

### 'आज' रहोगे मौन तो

वही पुराने खेल दिखाकर ठग जाए हर बार जमूरा !
शायद कोई खेल नया इस बार दिखाएं यार जमूरा !!


बाकी सब तो ठीक-ठाक है कारबार भी साहब का
एक तुम्हारी खुशहाली का मंदा है बाजार जमूरा !!

भूखे -नंगे रहकर भी तुम उसकी जय- जय कर करो
तेरे ही भोग चढ़ावे पर वो कहलाए अवतार जमूरा!!

सड़क-गाड़ियां-पुल चौराहे सबको तेज भगाकर भी
सोचा कभी तुम्हारी कैसे कम जाए रफ्तार जमूरा!!

सब कुछ सहकर भी न बदले तुम तो तिलभर अच्छा है
इन्हीं अदाओं पर तो उनको तुम पर आए प्यार जमूरा!!

'आज' रहोगे मौन तो तेरा 'कल' गूँगा हो जाएगा
और तुम्हारे गूंगेपन का बढ़ न जाए भार जमूरा !!



राजीव थेपड़ा

### जब नदी में पानी नहीं होता

बस इसी तरह उतरती है यह नदी....
बरसती....उफनती
छलकती.....बलखाती
छाती के पत्थरों से टकराती
उछलती....तिलमिलाती
सच्चाई यह है कि
जब नदी में पानी ही नहीं होता
तब दिल में बाढ़ आ जाती है !!



तेज नारायण राय

### पहाड़ पर बसा गांव

पहाड़ पर बसे गांव में
जिधर देखो नजर आते हैं
पहाड़ ही पहाड़.

पत्थर ही पत्थर नजर आते हैं
पहाड़ पर बसे गांव में
पर यहां बसने वाले लोगों का
दिल पत्थर नहीं होता !

पहाड़ी झरने के मीठे जल-सा
होता है पहाड़ी लोगों का दिल.

भले ही काले पत्थर जैसे
काले होते हैं पहाड़ी बच्चे
पहाड़ी लोग पहाड़ी स्त्रियां
पर उनके चेहरे पर होती है
पहाड़ी फूलों से मुस्कान.

कितने भी पथरीले क्यों न हो
यहां के रास्ते
पर आसानी से
पार कर जाने का हुनर
जानते हैं पहाड़ी लोग.

जब यहां की पहाड़ी औरतें
माथे पर लकड़ी का गट्ठर लादे
उतरती हैं पहाड़ से
तब पहाड़ का पहाड़ सा दिल भी
पसीज जाता है
पहाड़ी औरतों की मेहनत देखकर.

जब पहाड़ की तराई में
खिलते हैं रंग-बिरंगे फूल
तब पहाड़ से तन के काले
पहाड़िया लोगों का मन भी
हो जाता है पहाड़ों के पीछे से उगते
सूरज की लालिमा सा टहटह लाल.

बज उठते हैं मांदर नगाड़ा
थिरकने लगती हैं पहाड़ी नवयोवना
खोपे में खोसकर पहाड़ी फूल.

ऐसे में जब पहाड़ के पहाड़ी बाबा
अपना मौन व्रत तोड़
देते हैं आशीर्वाद पहाड़ी लोगों को
तब पहाड़ पर बसे गांव के
पहाड़िया लोगों का पहाड़ सा दुख
रुई जैसा हो जाता है हल्का
और उड़ने लगता है
पहाड़ के चारों ओर ....

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**टी20 : आज सीएसके दूसरी बार पंजाब किंग्स से भिड़ेगी, वहीं एलएसजी और केकेआर की टीमें होंगी आमने-सामने**

# सीएसके की निगाहें पंजाब से हार का बदला लेने पर



**टीमें**

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धौनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी.

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ.

*मैच का समय : दोपहर 3.30 बजे से*

**एजेंसी। धर्मशाला**

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां लगातार दूसरी बार आईपीएल में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी, तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी.तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था. घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है. सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैम्पियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जाएगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं. सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी, जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था. उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है. गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे जबकि रविंद्र जडेजा और समीर रिज्वी स्पिन के खिलाफ जूझते नजर आये. सीएसके अपने तेज गेंदबाजों के स्वास्थ्य और फिटनेस चिंताओं से भी परेशान है जिसमें दीपक चाहर भी शामिल हैं जो महज दो गेंद फेंकने के बाद अपनी हैमस्ट्रिंग को पकड़ कर लंगड़ाते दिखे जिससे उनके पंजाब किंग्स के खिलाफ इस दूसरे मुकाबले में खेलने की संभावना नहीं है.मुख्य गेंदबाज मथिशा पाथिराना (हल्की चोट) और तुषार देशपांडे (फ्लू) की अनुपस्थिति से टीम को नुकसान हुआ. और फिर ओस ने स्पिनरों की अहमियत कम कर दी जिससे पंजाब किंग्स ने आसानी से जीत हासिल की. रिचर्ड ग्लीसन ने पिछले मैच में आईपीएल पदार्पण किया था और सीएसके मुकेश चौधरी को वापस बुला सकती है.वहीं पंजाब किंग्स की बात करें जो तो उसने लगातार जीत हासिल कर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को उड़ान दी है. सीएसके पर जीत के साथ पंजाब किंग्स गत चैम्पियन सीएसके पर लगातार पांच जीत दर्ज करने वाली मुंबई इंडियंस के बाद दूसरी टीम बनी और अब वह इसका फायदा उठाना चाहेगी. पंजाब किंग्स हालांकि अप्रत्याशित टीम है जिसने अहमदाबाद में गुजरात पर, चेपक में चेन्नई पर जीत हासिल की तथा केकेआर के खिलाफ टी20 रिकॉर्ड स्कोर का पीछा किया. हालांकि घरेलू सरजमीं पर राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ जूझती नजर आयी. लगातार जीत के बाद पंजाब किंग्स आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गयी और अपनी उम्मीदों को बचाये रखने के लिये लय जारी रखनी होगी.

# एलएसजी के सामने होगी केकेआर की मजबूत चुनौती



**टीमें**

**एलएसजी :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान

**केकेआर :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट

*मैच शाम 7.30 बजे से शुरू होगा*

**एजेंसी। लखनऊ**

इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी, तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा. मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर के नाम 14 अंक हो गये है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है. ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे. एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है. चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है. एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी. टीम आखिरी ओवर में सिर्फ चार विकेट से जीत हासिल कर सकी. कप्तान राहुल और हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस ने एलएसजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और यह देखना होगा कि क्या दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी क्विंटन डिकॉक को युवा अर्शिन कुलकर्णी के स्थान पर वापस लाया जाता है. कुलकर्णी ने पिछले मैच में पारी की शुरुआत की थी. निकोलस पूरन ने इस सत्र में अब तक अर्धशतक नहीं बनाया है लेकिन उन्होंने कई मौके पर आखिरी ओवर में टीम के लिए तेजी से रन बनाये हैं. वह हालांकि मुंबई के खिलाफ रन बनाने में संघर्ष करते दिखे जिससे उनका 'फिनिशिंग कौशल' सवालों के घेरे में है. आयुष बडोनी भी इस सत्र में एकाध मैच छोड़ कर प्रभावित करने में विफल रहे हैं. वह केकेआर के खिलाफ लय हासिल करना चाहेंगे.

लखनऊ की टीम के गेंदबाजों को केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा टीम को तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मयंक यादव की सेवाएं नहीं मिलेंगी. केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है. टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया. दोनों ने शानदार तरीके से दबाव झेलने के साथ तेजी से रन बनाये. इसके बाद गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते हुए मुंबई की टीम को 18.5 ओवर में आउट कर 24 रन की यादगार जीत दर्ज की.

## पीठ में जकड़न से इम्पैक्ट के तौर पर खेले रोहित शर्मा : चावला

**मुंबई।** लेग स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि भारतीय कप्तान और मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को पीठ में थोड़ी जकड़न के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में बतौर इम्पैक्ट सब खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा था. इम्पैक्ट सब के तौर पर खेलने उतरे रोहित 12 गेंद में महज 11 रन ही जोड़ सके. इस मैच में मुंबई इंडियंस को केकेआर से 24 रन की हार का सामना करना पड़ा. इससे पांच बार की चैम्पियन टीम इस साल के आईपीएल से लगभग बाहर हो गयी है. चावला ने वानखेडे स्टेडियम में मैच के बाद मीडिया से कहा, उन्हें पीठ में थोड़ी जकड़न थी इसलिए ऐहतियातन यह फैसला किया गया. मुंबई इंडियंस की यह 11 मैच में आठवीं हार है जिससे हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली टीम के लिए प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद हो गये हैं और चावला ने भी स्वीकार किया कि वे सिर्फ अब सम्मान के लिए खेलेंगे. उन्होंने कहा, हम सम्मान के लिए खेलेंगे क्योंकि जब आप मैदान में उतरते हो तो आप यह नहीं सोचते कि आप क्वालीफाई करोगे या नहीं करोगे.



फाफ डु प्लेसिस ने 23 गेंद में 10 चौके और 3 छक्के के साथ **64** रनों की धुआंधार पारी खेली.

**स्कोर बोर्ड**

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 152/6
- गुजरात टाइटंस :147/10
- बेंगलुरु के मोहम्मद सिराज बने प्लेयर ऑफ द मैच
- गुजतरात के जोशुआ लिटिल ने झटके चार विकेट

# बेंगलुरु की लगातार तीसरी जीत

### प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार, गुजरात की मुश्किलें बढ़ीं, फाफ ने लगाई फिफ्टी

**एजेंसी। बेंगलुरु**

**आरसीबी के अब 11 मैचों में 8 अंक**

इस जीत के साथ ही आरसीबी के अब 11 मैचों में 8 अंक हो गए हैं. ऐसे में बचे हुए तीनों मैचों में अगर आरसीबी जीत हासिल करती है तो रनरेट के समीकरण से उसके पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका बरकरार रहेगा. वहीं गुजरात टाइटंस के लिए अब प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई है. गुजरात 11 मैचों में 8 अंक के साथ 9वें स्थान पर है और रन रेट भी आरसीबी से खराब हो गया है.

फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली की तूफानी बल्लेबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को अपने घर में 4 विकेट से पीट दिया. मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते गुजरात की पारी को 19.3 ओवर में ही 147 रन पर समेट दिया था. इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी के लिए फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली ने मिलकर धूम मचा कर दी. फाफ डु प्लेसिस ने 23 गेंद में 10 चौके और 3 छक्के के साथ 64 रनों की धुआंधार पारी खेली. इस दौरान उन्होंने सिर्फ 18 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली थी.सिर्फ फाफ डु प्लेसिस ही नहीं, विराट कोहली ने भी बल्ले से खूब धमाल मचाया. कोहली ने 27 गेंद में 42 रनों की पारी खेली. हालांकि फाफ के आउट होने के बाद आरसीबी की पारी पावर प्ले खत्म होते ही लड़खड़ा गई, लेकिन दिनेश कार्तिक एक बार फिर से फिनिशर की भूमिका निभाते हुए आरसीबी को जीत दिलाकर वापस लौटे.गुजरात के खिलाफ इस मुकाबले में आरसीबी की टीम ने तूफानी अंदाज में बैटिंग करते हुए पहले 6 ओवर में 92 रन बना लिए थे. इस दौरान टीम ने सिर्फ एक विकेट गंवाया. फाफ डु प्लेसिस के आउट होने के बाद विल जैक्स बल्लेबाजी के लिए उतरे थे. पहले विकेट के बाद आरसीबी की रन गति पर थोड़ा ब्रेक सा लग गया. इसके साथ ही टीम ने 99 रन के स्कोर पर विल जैक्स का भी विकेट गंवा दिया.दो विकेट के बाद तो गुजरात के गेंदबाज मानों अपने पूरे फॉर्म में लौट आए. जोशुआ लिटिल और नूर अहमद ने मिलकर मैच को रोमांचक मचा दिया. पावर प्ले के बाद गुजरात कीम टीम ने 6 विकेट झटक कर आरसीबी को मुश्किल में डाल दिया था.

**दिनेश कार्तिक ने आखिर में संभाला मोर्चा :** फाफ डुप्लेसिस के आउट होने के बाद आरसीबी के चार बल्लेबाज मिलकर सिर्फ 8 रन ही बना पाए. लगातार गिर रहे विकेट के बीच गुजरात के लिए वापसी का एक बेहतरीन मौका बन गया था, लेकिन दिनेश कार्तिक ने मोर्चा संभालने का काम किया और उन्होंने आखिर तक बैटिंग करते हुए टीम को जीत दिलाई.

## इंग्लैंड की महिला टीम चयन के लिए हो रहा एआई का इस्तेमाल

**लंदन।** इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जहां तक मुकाबलों का संबंध है तो उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक मुहैया कराया है और उन्हें एशेज श्रृंखला जीतने में भी मदद की. लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक (लंदन की कंपनी पीएसआई द्वारा मुहैया करायी जाने वाली) के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कोचिंग कर रहे थे.ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया था. इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई प्रणाली से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज में दो फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली.

**फीफा विश्व कप 2026** भारतीय कोच ने शनिवार को 26 सदस्यीय संभावित सूची जारी की

# फुटबॉल विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित

**संवाददाता । नयी दिल्ली**



कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक द्वारा शनिवार को घोषित 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है. मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही. रीयल कश्मीर के डिफेंडर मुहम्मद हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल एफसी के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी टीम में जगह मिली है. एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें आईएसएल फाइनल में भिड़ेगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में की जाएगी. भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा. भारतीय टीम ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में छह जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 जून को दोहा में कतर का सामना करेगी. भारत चार मैचों में चार अंक के साथ ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर है. ग्रुप की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने के साथ एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपनी जगह पक्की करेगी.

**भारतीय टीम के संभावित खिलाड़ी:** गोलकीपरः अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू. डिफेंडरः अमेय गणेश रानावाडे, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मुहम्मद हम्माद, नरेंद्र, निखिल पुजारी, रोशन सिंह नाओरेम. मिडफील्डरः ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, इमरान खान, इसाक वनलालरुआतफेला, जेकसन सिंह थौनाओजम, महेश सिंह नाओरेम, मोहम्मद यासिर, नंदकुमार सेकर, राहुल कन्नोली प्रवीण, सुरेश सिंह वांगजाम, विबिन मोहनन फॉरवर्डः डेविड लालह्लानसंगा, जितिन मदाथिल सुब्रान, लालरिनजुआला लालबियाकनिया, पार्थिब गोगोई, रहीम अली, सुनील छेत्री.

# रिद्धिमा के शतक से रांची ने कोडरमा को 278 रन से हराया

**संवाददाता। रांची**



पाकुड़ में खेले जा रहे जेएससीए विमेंस अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को रांची ने कोडरमा को 278 रन के बड़े अंतर से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 286 रन बनाए. रांची की रिद्धिमा गौतम ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सभी का मन मोहा और शानदार 132 रनों की पारी खेली. टीम के लिए रागिनी ने 62 व गुरलीन ने 23 रनों का योगदान दिया. वहीं कोडरमा की सुमन एक विकेट प्राप्त हुआ.

**महज 8 रन पर सिमटी कोडरमा की टीम :** जवाबी पारी में कोडरमा की पूरी टीम 6.3 ओवर में मात्र 8 पर ढेर हो गई. रांची की शानवी ने मैच में शानदार गेंदबाजी की. उन्होंने महज 7 रन देकर विपक्षी टीम के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन का रस्ता दिखाया. रिद्धिमा को शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** बारहवें भाव में चार ग्रहों का योग है. मानसिक तनाव रहेगा. कार्यों में अपेक्षाकृत विलंब होगा. विवेक से कार्य करें. स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी. पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा. जल का दान किसी शिवमंदिर में करें.

**वृषभ** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. शत्रु भय रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी. नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी. मशक्कत करने से लाभ होगा. चिंता होगी. शत्रु पराजित होंगे.

**मिथुन** मान-सम्मान मिलेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्त्री कष्ट संभव. कलह से बचें. कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे. विवेक से कार्य बनेंगे. पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना. वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग. किस्मत का साथ मिलेगा.

**कर्क** विवाद न करें. लेन-देन में सावधानी रखें. कानूनी बाधा दूर होगी. देव दर्शन होंगे. राज्य से लाभ होने की संभावना. मातृपक्ष की चिंता. वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें. धनागम की संभावना. मित्र मिलेंगे.

**सिंह** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. झंझटों में न पड़ें. आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना. शत्रु पराजित होंगे. लाभ होगा. स्वास्थ्य गड़बड़ हो सकता है. अनजाना भय सताएगा. राज्य से लाभ.

**कन्या** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. राजकीय बाधा दूर होगी. नेत्र पीड़ा की संभावना. धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा. शत्रु से परेशान होंगे. अपमान होने की संभावना. कष्ट की संभावना. धनहानि. कष्ट-पीड़ा.

**तुला** स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. भागदौड़ रहेगी. भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. धनागम सुस्त रहेगा. कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा. दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है. कुछ लाभ की संभावना.

**वृश्चिक** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना. कुसंग से हानि. धनागम सुखद रहेगा. प्रेमिका प्रसन्न होगी. कुछ आय होगी. माता को कष्ट रहेगा.

**धनु** भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना. लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा. दुःसमाचार प्राप्त होंगे. हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा. भयकारक दिन रहेगा. मंदिर में घी दान करें.

**मकर** मेहनत से किया गया प्रयास सफल होगा. धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे. कुछ कष्ट होने की संभावना. लाभ के योग बनेंगे. स्त्री वर्ग को कष्ट साथ ही कुसंग से कष्ट. कलहकारक दिन रहेगा. अन्न और फल का दान करें.

**कुंभ** धन का आगमन होगा. पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. आय में वृद्धि होगी. विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना. चिंताएं जन्म लेंगी.

**मीन** समय सामान्य है. किस्मत का साथ मिलेगा. परिवार की चिंता रहेगी. लाभ होगा. अस्वस्थता का अनुभव करेंगे. चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी. शत्रु दबे रहेंगे. कलह-अपमान से बचें. संभावित यात्रा होगी. सावधानी बरतनी होगी.

## पेज एक का शेष

### झारखंड सरकार के लोग ...

आप चोरों को सजा देना चाहते हैं या नहीं? झारखंड में चोरों को जेल जाना चाहिए या नहीं? जिसने झारखंड को लूटा, उसके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई हो रही है. कोर्ट भी कह रहा है कि हां, चोरी हुई है. मोदी का एक ही संकल्प है कि भ्रष्टाचार मिटाओ और इंडी गठबंधन के लोग कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ. मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी.

**एक सीएम भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में जेल में है बंद** : पीएम ने कहा कि पेपर लीक का मामला देखिए. इस राज्य में कोई ऐसा एक्जाम नहीं है, जिसका पेपर लीक नहीं होता. मैंने देखा कि यहां के लोग सुधरने वाले नहीं है. इसलिए मैंने दिल्ली से डंडा चलाकर एक कड़ा कानून बना दिया है. अगर हमारे पास 100, 200, 500 रहता है तो हम संभाल के रखते हैं कि जरूरत के समय में काम आएगा. एक-एक रुपये की कीमत होती है, लेकिन झारखंड में देखिए कांग्रेस के सांसद के घर से नोटों के ढेर निकले. मशीन लाई गई तो मशीन भी हांफने लगी. मुझे बताइए ये पैसा किसका है. ये पैसा आपके हक का है कि नहीं है. एक सीएम भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में जेल में बंद है. अब आप बताइए कि कोई आपके घर में चोरी करे तो आप उसको सजा देंगे कि नहीं. ये झारखंड भी तो आपका घर ही है ना इसमें कोई चोरी करे तो उसको सजा होनी चाहिए कि नहीं. जिसने झारखंड को लूटा उसपर कानून के तहत कार्रवाई हो रही है. अदालत ने भी कहा चोरी की है. मोदी का एक ही संकल्प है भ्रष्टाचार हटाओ. ये कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ.

### महिलाएं नहीं कर सकेंगी...

स्थिति को संभालने और शादी को बचाने के बजाय, छोटी-छोटी बातों पर उनके कदम वैवाहिक बंधन को पूरी तरह से नष्ट कर देते हैं. जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि महिला, उसके माता-पिता और रिश्तेदारों के दिमाग में सबसे पहली चीज जो आती है, वह है पुलिस. मानो की सभी बुराइयों का रामबाण इलाज पुलिस ही हो. पीठ ने कहा कि मामला पुलिस तक पहुंचते ही पति-पत्नी के बीच सुलह की संभावना नष्ट हो जाती है.

**तो अपहरण का दोषी माना जाएगा आरोपी...**

सामाजिक दबाव के कारण उसे वापस लौटाया गया. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच में हुई. सुनवाई के दौरान कोर्ट में इस बात के साक्ष्य प्रस्तुत किये गये कि पीड़ित लड़की घटना के समय 18 वर्ष से कम उम्र की थी. इसलिए, उसकी सहमति महत्वहीन होगी. एक व्यक्ति जो 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी नाबालिग को उसके अभिभावक की सहमति के बिना ले जाता है या फुसलाकर ले जाता है, तो वह अपहरण माना जाएगा.

### शहजादा 4000 किमी पैदल चला है...

हर तरफ महंगाई, मेरी बहनों... सब्जी खरीदने जाती हो, मिलती है क्या? भाव क्या है उसका. पेट्रोल-डीजल का दाम क्या है मेरे किसान भाइयों? किस तरह से गुजारा कर रहे हो. खेती के हर सामान पर जीएसटी है. हर सामान महंगा हो चुका है. अगर कोई त्योहार होता है, कुछ खरीदना पड़ता है, नए कपड़े, बच्चों के लिए कोई वर्दी खरीदनी पड़ती है, फीस भरनी पड़ती है, कोई बीमार पड़ जाता है... इलाज कराना पड़ता है, तो क्या हालत होती है आपकी... ये मोदी नहीं जान सकते. मोदी की सरकार हमेशा महिला अत्याचारियों के साथ खड़ी रहती है. मणिपुर हो, हाथरस हो, उन्नाव हो, ओलंपिक महिला खिलाड़ियों की बात हो. मोदी कहते है कांग्रेस एक्स-रे मशीन लाएगी और आपके मंगलसूत्र, भैंस ले जाएगी. हमारी 55 साल सरकार रही, कब किसी की भैंस ले ली हमने? आज देश कह रहा है... बहुत हुई आपकी नौटंकी, हमारे लिए क्या किया इसका जवाब दीजिए.

डीआरएम ने आदित्यपुर, सीनी, टाटानगर रेलवे स्टेशन व बादामपहाड़ स्टेशनों पर चल रहे रिडेवलपमेंट कार्य का निरीक्षण किया

# ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: डीआरएम

संवाददाता। जमशेदपुर

टाटानगर स्टेशन समेत अन्य स्टेशनों को अमृत भारत योजना तहत पुनर्विकास किया जाना है. इसको लेकर शनिवार को चक्रधरपुर डिवीजन के डीआरएम अरुण जे राठौड़ टाटानगर स्टेशन पहुंचे. वे सुबह 11 बजे अपने निरीक्षण यान से टाटानगर पहुंचे. डीआरएम के साथ चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आरके गुप्ता व सीनियर डीसीएम गजराज सिंह समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे. डीआरएम ने आदित्यपुर, गम्हरिया, सीनी, राजखरसावां, टाटानगर रेलवे स्टेशन और बादामपहाड़ स्टेशनों में चल रहे रिडेवलपमेंट कार्य को लेकर निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर को समय पर कर पूरा करने का निर्देश दिया.

**विकास कार्य का लिया जायजा**



टाटानगर रेलवे स्टेशन पर के प्लेटफार्म नंबर वन का निरीक्षण करते हुए डीआरएम ने स्टेशन नए फुट ओवर ब्रिज का भी निरीक्षण किया जहां लिफ्ट के साथ यात्रियों को किसी भी तरीके का कठिनाई का सामना न करना पड़े दिव्यांग को लेकर भी क्या व्यवस्था होगी उनको लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए. डीआरएम ने कहा कि ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान किसी भी तरीके की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी कार्य गुणवत्ता तरीके से कार्य करने एवं तेजी गति से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं. डीआरएम बादामपहाड़ स्टेशन का निरीक्षण करते हुए रांची की ओर रवाना हो जाएंगे.

### डालटनगंज होकर चलेगी एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन

**मेदिनीनगर।** यात्री सुविधाओं के मद्देनजर रांची-नई दिल्ली के बीच एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलायी जाएंगी. गाड़ी संख्या 02877/02878 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन मुरी-बरकाकाना-टोरी-लातेहार-डालटनगंज-गढ़वा रोड-जपला-सासाराम-डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते चलायी जाएगी. गाड़ी संख्या 02877 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल 10 मई से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से 23:55 बजे खुलकर शनिवार को 2:40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी. यहां से 2:45 बजे प्रस्थान करेगी और 3:53 बजे टोरी पहुंचेगी. यहां से 03:55 बजे प्रस्थान कर 4:20 बजे लातेहार पहुंचेगी. यहां से 04:22 बजे प्रस्थान कर 05:13 बजे डालटनगंज पहुंचेगी. यहां से 05:15 बजे आगे रवाना होगी और छह बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी. यहां से 06:05 बजे प्रस्थान कर 22:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी. गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली-रांची समर स्पेशल 11 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23:45 बजे खुलकर रविवार को 17:08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी.

राहुल गांधी सात को चाईबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे

# राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे : गुलाम अहमद

प्रमुख संवाददाता। रांची

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि पूरे देश की 140 करोड़ जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं. मीर शनिवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है, जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं, तो मैं उन्हें बता दूं कि राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं, जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुर्बानी का इतिहास रहा है. लेकिन मोदी जी जिस जमात से आते हैं, उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है यह पूरा देश जानता है.




### मोदी को रिस्पांस नहीं मिला

मीर ने कहा कि पिछले दो दिन से मोदी झारखंड में हैं. जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला. प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं, उसे जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है. 10 साल में उन्होंने क्या किया, इसकी उन्होंने चर्चा तक नहीं की. इस कारण अपने 10 साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा. भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर पीएम शाम में 70 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं, 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उपमुख्यमंत्री बना देते हैं. असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है.

### भाजपा ने करोड़ों का चंदा लिया

इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रुपये कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया. वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं. 10 वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया. झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया. जब उन्होंने पीएम आवास नहीं दिया, तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की. पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास पांच वर्ष पूर्व मोदी द्वारा किया गया था, परंतु उसमें कोई काम नहीं हुआ. सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे.

### मोदी मूल मुद्दों को डायवर्ट कर रहे हैं : मीर

कांग्रेस प्रभारी मीर ने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है. मोदी हिंदू-मुसलमान पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डायवर्ट कर रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि राहुल गांधी सात मई को चाईबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे. झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए. जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है, यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है. प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया को-ऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा, सुमेर चरण, वैभव शुक्ला, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी और ऋषिकेश सिंह उपस्थित थे.

## सड़क किनारे बेहोश पड़ा था युवक थाना प्रभारी ने अस्पताल पहुंचाया

संवाददाता। चक्रधरपुर

टोकलो थाना क्षेत्र टोकलो से कुचाई वाले रास्ते में तुरामडीह गांव के समीप एक युवक बेहोशी की हालत में ग्रामीणों को मिला. इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना टोकलो थाना को दी. युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान रहने पर उसे शनिवार को चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया. इस संबंध में टोकलो थाना के प्रभारी परमेश्वर उरांव ने बताया कि टोकलो के तुरामडीह गांव के समीप सड़क किनारे घायल अवस्था में एक युवक के पड़ा रहने के बाद ग्रामीण युवक को टोकलो थाना लेकर पहुंचे थे. जहां युवक ने बताया कि वह ओड़िसा के क्योंझर जिला के जोड़ा का रहने वाला विक्की खान है. मोटरसाइकिल पर सवार होकर चक्रधरपुर स्थित रिश्तेदार के यहां आने के दौरान वह बेहोश हो गया और गिर गया. जिससे वह घायल हो गया.युवक पुलिस के साथ अस्पताल नहीं आना चाहता था. वह सिर्फ कह रहा था कि मुझे अस्पताल किसी अन्य व्यक्ति के साथ भिजवा दें, लेकिन फिर भी पुलिस द्वारा युवक को ईलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, साथ ही इसकी सूचना युवक के परिजनों को भी दी. इधर चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में युवक विक्की खान ने कुछ लोगों को बताया कि जोड़ा से चक्रधरपुर सड़क मार्ग से आने के दौरान कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और चेहरे पर कपड़ा ढंककर टोकलो के जंगल ले गये, जहां उसके साथ मारपीट कर पांच हजार रुपये लूट लिये. इधर युवक द्वारा बयान बदले जाने से पुलिस व युवक के परिजन भी परेशान है.

## सिमरिया में पत्रकार के साथ स्कूल संचालकों ने की मारपीट

संवाददाता। चतरा/सिमरिया

खबर प्रकाशित करने पर एक पत्रकार सिमरिया प्रखंड निवासी मोकिम अंसारी के साथ शनिवार को कुट्टी स्थित प्रगति सेंट्रल स्कूल के संचालकों ने मारपीट की. जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल अवस्था में पत्रकार के भाई तबारक अंसारी घटनास्थल से उठाकर थाना लाए. जिसके बाद उनका इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया. इस संबंध में पत्रकार ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज करवाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है. आवेदन में बताया गया है कि तीन मई को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेश के बावजूद स्कूल खुले रहने पर प्रगति सेंट्रल स्कूल कुट्टी और श्रीराम कृष्ण परमहंस स्कूल से संबंधित खबर चार मई को प्रकाशित किए थे. खबर छपने के बाद नरेश महतो ने बुलाया था.

## एनडीए को इस बार 400 से ज्यादा सीटों पर विजयी बनाना है : डॉ मेहता



संवाददादाता। मेदिनीनगर

चियांकी हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया. इस अवसर पर बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा शक्ति का नाम मोदी है. बताया कि 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी थी. उस समय भारत अर्थव्यवस्था में दसवें स्थान पर था. अभी पांचवें स्थान पर है. आने वाले समय में मोदी ने कहा है कि भारत तीसरे स्थान पर आएगा. लोगों को धन-धन योजना के तहत अकाउंट खोला गया. महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया. कहा कि वीडी राम देखने में छोटे लगते हैं, लेकिन काम बड़े-बड़े करते हैं. इसलिए वीडी राम को वोट दें. वहीं पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि इस बार पूरे देश में एनडीए गठबंधन को 400 से पार सीट लाना है. नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं विश्व के नेता हैं. पलामू के लोकसभा प्रत्याशी वीडी राम को अपार मतों से जिताना है. लोगों से अपील किया कि बीजेपी को वोट दें. कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने गरीबों की उम्मीद को पूरा करने का काम किया है. जबकि इंडिया गठबंधन एक ठगबंधन है. डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में ही देश विकास करेगा. संस्कृति व देश की विचारधारा को यदि बचाना है तो मोदी को वोट देना जरूरी है. उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार वीडी राम को वोट देकर विजयी बनाना है, ताकि नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत हो सके.

सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर के घडसाना के नई मंडी का रहनेवाला है

## झारखंड का मोस्ट वांटेड अपराधी कर रहा हवाई यात्रा

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड पुलिस का मोस्ट वांटेड अपराधी, इन दिनों विदेश रहकर हवाई यात्रा कर रहा है. जिसकी एक तस्वीर सामने आयी है. हम बात कर रहे हैं, जेल में बंद अपराधी अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े सुनील मीणा के बारे में. जिसकी गिरफ्तारी झारखंड समेत कई अन्य राज्यों की पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है.

सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है. सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील कुआलालंपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिये लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़ें जमाने लगा. वह लॉरेंस के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा. वहीं झारखंड पुलिस की एटीएस ने सुनील का पासपोर्ट रद्द करा दिया है. वह एटीएस के डीएसपी व एसआई साहू को गोली मारने से जुड़े मामले में वांछित है. राजस्थान पुलिस और दिल्ली स्पेशल सेल की जांच में यह बात सामने आयी है कि पासपोर्ट रद्द होने के बाद सुनील मीणा डंकी रूट के जरिये सिंगापुर, ईरान, मेक्सिको होते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में दाखिल हो चुका है. वह वहीं से अमन साहू गैंग के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के आपराधिक गिरोहों से रिक्रूटमेंट का काम कर रहा है. साथ ही सुनील मयंक सिंह के साथ बैठकर झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ़ के कोल और ट्रांसपोर्ट कंपनियों से रंगदारी वसूली का पिच तैयार कर पलामू सेंट्रल जेल में बंद अमन साहू के गैंग का प्रभाव बढ़ा रहा है.



**बना सिरदर्द**

- सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है
- भारत से मलेशिया गया सुनील लॉरेंस के संपर्क में आया

### अमन साहू गैंग से जुड़ा है सुनील मीणा

सुनील लॉरेंस गैंग के अलावा झारखंड के डॉन अमन साहू के राइट हैंड माने जाने वाले मयंक सिंह से जुड़ा और आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा. अमन साहू गैंग के इशारे पर सुनील ने ही झारखंड में कोल ट्रांसपोर्ट कर रही छत्तीसगढ़ की आरकेटीसी कंपनी के कोरबा स्थित ऑफिस में अधिकारियों पर फायरिंग करायी थी. सुनील ने इस कंपनी के डायरेक्टर सुशील सिंघल की हत्या की नीयत से रायपुर स्थित कंपनी के हेड ऑफिस पर फायरिंग करावायी थी. इसे लेकर बीते दिनों झारखंड के डीजीपी और एनआईए के डीजी के बीच चर्चा भी हुई है कि विदेश में बैठकर झारखंड में आपराधिक गिरोह चला रहे दो मोस्ट वांटेड अपराधियों को भारत लाने की कवायद तेज होगी. इन दोनों मोस्ट वांटेड अपराधियों में धनबाद पुलिस के लिए चुनौती बने प्रिंस खान और अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह उर्फ सुनील सिंह मीणा शामिल हैं. ये दोनों अपराधी विदेश में रहकर झारखंड में अपने शूटर के माध्यम से आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिला रहे हैं. प्रिंस खान शारजाह में रहकर तो सुनील मलेशिया में रहकर गिरोह का संचालन कर रहा है.

**कार्रवाई** देवेंद्र गुपचुप तरीके से आदिवासी पारंपरिक पोशाक में समाहरणालय पहुंचे थे

# जेबीकेएसएस प्रत्याशी देवेंद्र महतो गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

नामांकन दाखिल करने पहुंचे जेबीकेएसएस के रांची लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. देवेंद्रनाथ को रांची पुलिस ने शनिवार को रांची समाहरणालय से गिरफ्तार किया. रांची में विधानसभा घेराव मामले में पुलिस ने देवेंद्र को गिरफ्तार किया. विधानसभा घेराव मामले में नगड़ी थाना केस संख्या 48/22 में दर्ज हुआ था.

इस मामले में देवेंद्र समेत कई अन्य के खिलाफ वारंट जारी हुआ था. जानकारी के मुताबिक, देवेंद्र गुपचुप तरीके से आदिवासी पारंपरिक पोशाक पहनकर समाहरणालय पहुंचे थे.



इस दौरान पहले से ही इंतजार कर पुलिस की नजर देवेन्द्र पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया. दूसरी ओर गिरिडीह लोकसभा सीट से बुधवार को जयराम महतो ने नामांकन दाखिल किया था. बोकारो डीसी विजया जाधव को उन्होंने नामांकन पत्र सौंपा. इसके बाद उन्होंने पुलिस से आग्रह किया कि बोकारो के चास में उनकी चुनावी सभा है. चुनावी सभा की इजाजत दे दी जाए. पुलिस ने इसकी इजाजत दे दी. जयराम ने जनसभा को संबोधित किया और उसके बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है. रांची में विधानसभा घेराव मामले में उनको गिरफ्तार करने के लिए रांची पुलिस पहुंची थी, लेकिन उसे खाली हाथ लौटना पड़ा था.

**लोस प्रत्याशी**

- देवेंद्र महतो समेत कई अन्य के खिलाफ वारंट जारी हुआ था
- विधानसभा घेराव मामले में नगड़ी थाने में दर्ज की गई थी प्राथमिकी

## स्क्रूटनी में 23 प्रत्याशियों का नामांकन वैध, आठ रद्द

संवाददाता। चतरा

चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल से 3 मई 2024 तक नाम निर्देशन की तिथि निर्धारित थी. जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया था. शनिवार को नाम निर्देशन पत्र की स्क्रूटनी हुई. जिसमें 23 प्रत्याशियों का नाम निर्देशन पत्र वैध पाया गया. वहीं 08 प्रत्याशियों का त्रुटिपूर्ण रहने के कारण नाम निर्देशन पत्र रद्द किया गया. नाम निर्देशन पत्र सीताराम सिंह, रूपेश उरांव, नब्बू भुइयां, अनुज कुमार, उमेश गंझु, राजेश कुमार सिंह, सुचित्रा सिन्हा, अशेष सिंह का रद्द हुआ है. ऐसे में अब अर्जुन दांगी (सीपीआई), काली चरण सिंह (भारतीय जनता पार्टी), दीपक कुमार गुप्ता (स्वतंत्र), डॉ. अभिषेक कुमार सिंह (निर्दलीय), केएन त्रिपाठी कांग्रेस, जय प्रकाश सिंह भोगता (निर्दलीय) व नागमणि (बहुजन समाज पार्टी) सहित कुल 23 प्रत्याशी बचे हैं. अब नाम वापसी का समय बचा है.

**चतरा चुनाव**

- 31 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था
- सीताराम सिंह व रूपेश उरांव का नामांकन पत्र रद्द हुआ

## ब्रीफ खबरें

### इंडोनेशिया में बाढ़ से 14 लोगों की मौत

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 14 लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के लुवु जिले में गुरुवार से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ. बाढ़ से 13 उप-जिले प्रभावित हुए हैं. क्षेत्र में अधिकतर जगह पानी और कीचड़ नजर आ रहा है. बारिश के कारण 1,000 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 42 तहस-नहस हो गए हैं. बचाव दल ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया.

### कांगो में बम विस्फोट 12 लोगों की मौत

**गोमा (कांगो) ।** पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में विस्थापित लोगों के दो शिविरों पर किए गए हमलों में बच्चों सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई. स्थानीय अधिकारियों, एक सहायता समूह और संयुक्त राष्ट्र ने यह जानकारी दी. संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में बताया कि उत्तरी किवु की प्रांतीय राजधानी गोमा शहर के पास लैक वर्ट और मुगुंगा में विस्थापित लोगों के दो शिविरों पर बम से हमले किए गए. संयुक्त राष्ट्र ने इन हमलों को कानून का घोर उल्लंघन बताया.

### हैती में भारी बारिश से 13 लोगों की मौत

**पोर्ट ऑ प्रिंस ।** उत्तरी हैती में दो दिन से जारी भारी बारिश के कारण कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. हैती की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के गुरुवार के बयान के अनुसार, अधिकतर लोगों की मौत तटीय शहर कैप-हैतीएन के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में भूस्खलन के कारण हुईं. अधिकारियों ने बताया कि 2,200 से अधिक घरों में पानी भर गया और हौट-कैप नदी में पशुओं के बह जाने से लोगों को काफी नुकसान हुआ. बचाव कर्मी उत्तरी हैती में सड़कें साफ कर रहे हैं.

### सीमा पर हेरोइन के दो पैकेट- ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़ :** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तीन अलग-अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए गए. बीएसएफ ने कहा कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के कालिया गांव में एक खेत से टूटी हालत में ड्रोन बरामद किया गया. प्रवक्ता ने कहा कि ड्रोन चीन निर्मित 'डीजेआई मविक 3 क्लासिक' था. वहीं, एक अन्य घटना में जवानों ने अमृतसर के हरदो रतन गांव के पास एक खेत से 460 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया.

### कोलकाता के पास फैक्टरी में लगी आग

**कोलकाता ।** कोलकाता के 'न्यू टाउन' इलाके में शनिवार सुबह कपड़े की फैक्टरी में आग लग गई. अधिकारियों ने बताया कि आग की लपटें सुबह करीब आठ बजे पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर देखी गईं जहां अन्य वाणिज्यिक इकाइयां भी हैं. अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को काम पर लगाया गया. अग्निशमन विभाग ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

---

लोकसभा चुनाव में शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव की इंट्री, तंज कसा-

# चैंपियन बनने से पहले राहुल को रायबरेली से जीतना चाहिए

**एजेंसी। नयी दिल्ली/मॉस्को**

भारत के लोकसभा चुनाव में अब विश्वप्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन गैरी कास्परोव की इंट्री हो गयी है. रायबरेली और वायनाड सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार राहुल गांधी पर तंज कसा है. रूसी ग्रैंडमास्टर गैरी कास्परोव ने कहा कि शतरंज का चैंपियन बनने से पहले आपको (राहुल) रायबरेली सीट से जीतना चाहिए. शुक्रवार की रात कास्परोव की पोस्ट एक ट्वीट के जवाब में सामने आयी, जिसमें एक यूजर ने लिखा कि यह राहत की बात है कि रूसी ग्रैंडमास्टर कास्परोव और शतरंज के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद जल्दी रिटायर हो गये. आगे लिखा कि उन्हें हमारे समय की सबसे बड़ी शतरंज प्रतिभा का सामना नहीं करना पड़ा. इस पोस्ट में राहुल गांधी की शतरंज खेलते हुए एक फोटो डाली गयी थी. इसका जवाब कास्परोव ने दिया. लिखा कि यह परंपरा रही है कि चुनौती देने से पहले आपको पहले रायबरेली से जीतना चाहिए! इस क्रम में उन्होंने अभिनेता रणवीर शौरी के उस ट्वीट का भी जवाब दिया, जिसमें शौरी ने राहुल गांधी का एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा था, अच्छा है, लेकिन क्या आप इस कदम को संभाल सकते हैं?

### मेरा छोटा सा मजाक भारतीय राजनीति में वकालत के लिए बेकार नहीं जायेगा



कास्परोव ने लिखा, मुझे बहुत उम्मीद है कि मेरा छोटा सा मजाक भारतीय राजनीति में वकालत के लिए बेकार नहीं जायेगा! राजनेता मेरे प्रिय खेल में दखल दे रहे हैं, जान लें कि रायबरेली से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि रायबरेली से राहुल गांधी को मैदान में उतारने के पार्टी के कदम ने भाजपा को भ्रमित कर दिया है. राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की खबर पर कई लोगों की कई राय हैं.

### याद रखें, वह राजनीति और शतरंज के अनुभवी खिलाड़ी हैं : जयराम रमेश

जयराम रमेश ने लिखा, याद रखें वह राजनीति और शतरंज के अनुभवी खिलाड़ी हैं. लिखा कि पार्टी नेतृत्व बहुत चर्चा के बाद और एक बड़ी रणनीति के तहत अपने फैसले लेता है. इस एक फैसले ने भाजपा, उसके समर्थकों और उसके चाटुकारों को भ्रमित कर दिया है. दो दिन पूर्व राहुल गांधी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने शतरंज के खेल की तुलना राजनीति से करते हुए बताया था कि उन्होंने पहली बार शतरंज तब खेला था जब वह सात साल के थे. उस व्यक्ति को हराया था, जिसने उन्हें खेल के नियम सिखाये थे. राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि उनके पसंदीदा शतरंज खिलाड़ियों में गैरी कास्परोव भी थे.

---

कनाडा में हरदीप निज्जर हत्याकांड

# तीन भारतीय नागरिक गिरफ्तार कुछ अन्य की भी गिरफ्तारी संभव

**एजेंसी। ओटावा/न्यूयॉर्क**



कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने वाले कनाडाई प्राधिकारियों ने कहा कि उनकी जांच अभी समाप्त नहीं हुई है और इस हत्याकांड में अन्य लोगों ने भी अहम भूमिका निभाई है, जिन्हें गिरफ्तार किया जाएगा. एडमॉन्टन में रहने वाले 22 वर्षीय करण बराड़, 22 वर्षीय कमलप्रीत सिंह और 28 वर्षीय करणप्रीत सिंह पर हत्या व हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है. रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने शुक्रवार को कहा कि वह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता की जांच कर रही है. निज्जर एक कनाडाई नागरिक था. मामले की जांच कर रहे अधिकारियों का मानना है कि गिरफ्तार किए गए लोग उस कथित समूह के सदस्य हैं जिन्हें पिछले साल भारत सरकार ने निज्जर की हत्या करने का काम सौंपा था. निज्जर (45) की 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी.

---

सांसद प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का मामला

# राहुल गांधी ने पीड़िताओं को मदद देने के लिए सीएम को लिखा पत्र

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर सांसद प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है. पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में सांसद प्रज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया. प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर लगातार चुप्पी साधे रखी हो. गांधी ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, मैं आपसे (सिद्धरमैया) अनुरोध करता हूं कि कृपया पीड़िताओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें. उन्होंने कहा, वे हमारी करुणा और एकजुटता की पात्र हैं क्योंकि वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ रही हैं. यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को सजा दी जाए. संबंधित घटनाओं को भयावह यौन हिंसा करार देते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना ने बीते कई वर्षों में सैकड़ों महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उनका वीडियो बनाया.



गांधी ने कहा, उनमें से कई महिलाएं, जो उसे भाई और बेटे के रूप में देखती थीं, उनके साथ भी हिंसक तरीके से क्रूरता की गई और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई. हमारी माताओं और बहनों से दुष्कर्म के लिए सबसे सख्त सजा दिए जाने की आवश्यकता है. कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे यह जानकर गहरा सदमा लगा कि दिसंबर 2023 में जी देवराजे गौड़ा ने प्रज्वल रेवन्ना की हरकतों, विशेष रूप से उनके यौन हिंसा के इतिहास और वीडियो के बारे में हमारे गृह मंत्री अमित शाह को बताया था. उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्र में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को इन वीभत्स आरोपों की जानकारी थी लेकिन इसके बावजूद मोदी ने एक बलात्कारी के लिए प्रचार किया.

गांधी ने कहा, इसके अलावा केंद्र सरकार ने जानबूझकर रेवन्ना को भारत से भागने दिया ताकि जांच को नुकसान पहुंचाया जा सके. इन अपराधों की प्रकृति को देखते हुए और प्रधानमंत्री व गृह मंत्री का सिर पर हाथ होने से जद-एस नेता को मिले फायदे की कड़ी निंदा होनी चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया, अपने दो दशकों के जनसेवा इतिहास में मैंने कभी ऐसा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर निरंतर चुप्पी साधे रखी हो. हरियाणा की हमारी पहलवानों से लेकर मणिपुर की हमारी बहनों तक सभी भारतीय महिलाओं को ऐसे अपराधियों को प्रधानमंत्री के मौन समर्थन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. गांधी ने कहा कि माताओं और बहनों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ना कांग्रेस का नैतिक कर्तव्य है. उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि कर्नाटक सरकार ने इन गंभीर आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और प्रधानमंत्री से प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने व उन्हें जल्द से जल्द भारत लाए जाने का अनुरोध भी किया है.सिद्धरमैया ने 'एक्स' पर गांधी के पत्र को पोस्ट किया.

### रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि एसआईटी ने होलेनरासीपुर से जद (एस) के विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है और उनके खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं. रेवन्ना और उनके बेटे तथा सांसद प्रज्वल रेवन्ना यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मंत्री रेवन्ना के पास मामले की जांच कर रही एसआईटी के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए शनिवार शाम तक का समय है. रेवन्ना को इस मामले में दूसरा नोटिस (समन) जारी किया गया है. परमेश्वर ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, पूछताछ के सिलसिले में एसआईटी के सामने पेश होने के लिए रेवन्ना के पास शनिवार शाम तक का समय है. उन्हें दूसरा नोटिस दिया गया था. इस बीच, पता चला है कि मैसूरू अपहरण मामले में उन्होंने जमानत के लिए आवेदन किया है.

---

# पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने लौटा दिया टिकट

पार्टी से वित्तीय मदद नहीं मिलने पर जतायी नाराजगी

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी टिकट लौटा दिया. सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि पुरी लोकसभा क्षेत्र में उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजॉय कुमार ने स्पष्ट रूप से उनसे अपने दम पर चुनाव लड़ने को कहा है. सुचरिता ने कहा, मैं एक वेतनभोगी पेशेवर पत्रकार थी और 10 वर्ष पहले चुनावी राजनीति में प्रवेश किया था. मैंने पुरी में प्रचार अभियान में अपना सबकुछ झोंक दिया. मैंने प्रगतिशील राजनीति के लिए अपने प्रचार अभियान के समर्थन में चंदा अभियान चलाने की भी कोशिश की लेकिन अब तक कोई खास सफलता नहीं मिली है. मैंने अनुमानित अभियान खर्च को कम से कम रखने की भी पूरी कोशिश की. चूंकि सुचरिता अपने दम पर धन जुटाने में सक्षम नहीं थीं, इसलिए उन्होंने पुरी लोकसभा क्षेत्र में प्रभावशाली अभियान चलाने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व सहित सभी वरिष्ठ नेताओं से वित्तीय मदद के लिए संपर्क किया था.



### ईडी ने एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया

**लखनऊ ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ पार्टियों में मादक पदार्थ के रूप में सांप के जहर का संदिग्ध रूप से इस्तेमाल के आरोप में धनशोधन का मामला दर्ज किया है. केंद्रीय एजेंसी ने पिछले महीने उत्तर प्रदेश में गौतम बौद्ध नगर (नोएडा) जिला पुलिस द्वारा एल्विश और उससे जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ दायर एक प्राथमिकी और आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है. सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान यादव और मामले से जुड़े कुछ अन्य लोगों से पूछताछ की जाएगी. नोएडा पुलिस ने कथित तौर पर यादव द्वारा आयोजित पार्टियों में मादक पदार्थ के रूप में सांप के जहर के इस्तेमाल की जांच के सिलसिले में 17 मार्च को यादव को गिरफ्तार किया था.

### रोहित वेमुला की मां ने सीएम से की मुलाकात

**हैदराबाद ।** रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर न्याय दिलाने का अनुरोध किया. इस संबंध में एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रेड्डी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2016 में हैदराबाद विवि के छात्र वेमुला की आत्महत्या से जुड़े मामले की दोबारा जांच की जाएगी और न्याय दिलाया जाएगा. पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक स्थानीय अदालत के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था.

# दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली भाजपा में शामिल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंदर सिंह लवली शनिवार को बीजेपी में शामिल हो गए हैं. लवली के साथ ही कांग्रेस नेता राजकुमार चौहान, अमित मलिक, नसीब सिंह और नीरज बसोया ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया है. लवली केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए. इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि रायबरेली में प्रियंका गांधी के पोस्टर लगे थे, कांग्रेस कार्यकर्ता चाहते थे कि प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ें. लेकिन राहुल गांधी आए और उन्होंने रायबरेली से नामांकन दाखिल किया. पीएम मोदी का नारा है बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, लेकिन कांग्रेस का नारा है बेटा बचाओ, बेटा बढ़ाओ. इस तरह की राजनीति से तंग आकर लवली भाजपा में शामिल हो गए हैं.

---

### ठाणे में टेंपों और टैंकर में टक्कर, चार की मौत

**ठाणे ।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मालशेज घाट पर दूध ले जा रहे एक टैंकर के टेम्पो से टकराकर नदी में गिर गया. पुलिस ने शनिवार को बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को देर रात करीब दो बजे कल्याण-नगर मार्ग पर बोरान्डे गांव के समीप दुर्घटना हुई. तोकावडी पुलिस थाने के निरीक्षक दिनकर चाकोर ने बताया कि दूध टैंकर और सब्जी से लदा हुआ टेम्पो आलेफाटा से कल्याण की ओर जा रहे थे. अधिकारी ने बताया कि टैंकर ने टैम्पो को टक्कर मारी और फिर नदी में गिर गया. हादसे में टैंकर में यात्रा कर रहे एक दंपती, उसके चालक और टेम्पो के चालक की मौत हो गई.

अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट ने की खारिज

# अपहरण मामले में एचडी रेवन्ना को एसआईटी ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी। बेंगलुरु**

सैकड़ों महिलाओं के यौन शोषण के मामले में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के बेटे जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को कर्नाटक पुलिस की एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है. उनसे एक पीड़ित महिला के अपहरण के मामले में पूछताछ की जा रही है. बीते गुरुवार को मैसूरु में एक महिला के अपहरण के आरोप में केस दर्ज कराया गया था. वो महिला भी यौन शोषण की शिकार है.

### प्रज्वल के खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी हो सकती है

**बेंगलुरु ।** प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े 'सेक्स स्कैंडल' की जांच कर रहे एसआईटी ने शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सूचित किया कि सीबीआई द्वारा प्रज्वल के खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने की संभावना है. मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, सिद्धरमैया ने एसआईटी अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की थी.

### बसपा ने जसवीर सिंह गढ़ी को मैदान में उतारा

**चंडीगढ़।** बसपा ने शनिवार को अपनी पंजाब इकाई के प्रमुख जसवीर सिंह गढ़ी को आनंदपुर साहिब संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया. इस संबंध में बसपा के पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने घोषणा की. बेनीवाल ने कहा कि इसके साथ ही बसपा ने अब पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. आनंदपुर साहिब सीट का प्रतिनिधित्व वर्तमान में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी कर रहे हैं, जिन्हें अब पार्टी ने चंडीगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है.

थरूर बोले- 'इंडिया' गठबंधन का पीएम सबको समान भाव से देखेगा

# चुनाव बाद साथ आएंगे विपक्षी दल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस के नेता शशि थरूर ने कहा है कि एक साथ या एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार कर रहे विपक्षी दल लोकसभा चुनाव के बाद साथ आ जाएंगे और 'इंडिया' गठबंधन की सरकार में लोगों को ऐसा प्रधानमंत्री मिलेगा, जो सबको समान भाव से देखता हो और दूसरों की बात सुनता हो. थरूर ने पीटीआई के मुख्यालय में बातचीत में कहा कि गठबंधन सरकार को लेकर डर की कोई बात नहीं है. एक पार्टी की सरकारों की तुलना में ऐसी (गठबंधन) सरकारों के तहत



भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर होता है. थरूर ने कहा कि यह परिवर्तन का चुनाव है और भाजपा ने विमर्श पर अपनी पकड़ खो दी है. थरूर ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने के पार्टी के फैसले का भी बचाव किया और कहा कि निमंत्रण को अस्वीकार करना सही था क्योंकि यह प्रधानमंत्री मोदी के महिमामंडन के लिए आयोजित एक राजनीतिक समारोह था.

उन्होंने कहा, मेरे विचार से अगर हमने ऐसा किया होता तो यह एक गलती होती. एक विशुद्ध राजनीतिक फैसले के तौर पर देखें तो यह सही निर्णय था. थरूर ने कहा कि यह सच है कि गठबंधन सरकार एकदलीय सरकार से बहुत अलग तरह से काम करती है. मुझे लगता है, गठबंधन सरकार को लेकर डर की कोई बात नहीं है. मैंने जिन मतदाताओं से बात की उनमें से अधिकतर की सोच थी कि मैं जिस उम्मीदवार को वोट दे रहा हूं वह कौन है.

---

कॅरियर-काउंसिलिंग

# आईआईटी मद्रास करा रहा है डेटा साइंस एंड एप्लीकेशन में चार साल का बीएस डिग्री कोर्स

**शुभम संदेश नेटवर्क**

डेटा साइंस और एप्लीकेशन में आईआईटी मद्रास की बीएस डिग्री के चार साल पूरे हो रहे हैं. संस्थान ने अब तक इस प्रोग्राम के 2,500 से अधिक स्टूडेंट्स को को नौकरी या पदोन्नति लेने में सक्षम बनाया है. 850 से अधिक स्टूडेंट्स कॉर्नेल यूनिवर्सिटी और जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएस और आल्टो यूनिवर्सिटी, फिनलैंड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के मास्टर और पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश पाने में सफल रहे हैं. इतना ही नहीं, बहुत से स्टूडेंट अपने प्राथमिक डोमेन से स्ट्रीम बदल कर कंप्यूटर साइंस या डेटा साइंस में एडमिशन ले चुके हैं. जून 2020 में शुरू किया गया यह एक अभूतपूर्व प्रोग्राम है, जो आईआईटी मद्रास से पढ़ने के इच्छुक छात्रों का सपना जेईई की कठिन परीक्षा दिए बिना संभव बनाता है. वर्तमान में पूरे भारत के 27,000 से अधिक छात्र इस प्रोग्राम में नामांकित हैं. पढ़ाई ऑनलाइन होती है और परीक्षाएं फिजिकल मोड में होती हैं. देश भर में और विदेशों में भी कुल 150 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं. इस तरह बीएस डिग्री के माध्यम से संस्थान ने भौगोलिक और उम्र जैसी बाधाओं को दूर कर विद्यार्थियों को आईआईटी की उच्च गुणवत्ता के साथ उच्च शिक्षा जन-जन के लिए सुलभ बना दिया है.



### 26 मई तक कर सकते हैं आवेदन

- मई 2024 बैच के लिए 26 मई 2024 तक आवेदन कर सकते हैं. उम्मीदवार वेबसाइट - https://study.iitm.ac.in/ds/के माध्यम से आवेदन करें. आईआईटी, मद्रास के निदेशक प्रो वी कामकोटि ने प्रोग्राम की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे बीएस डेटा साइंस प्रोग्राम और इसके छात्रों की उपलब्धियों पर मुझे गर्व है. इस प्रोग्राम के माध्यम से हमने कड़ी मेहनत करने और सीखने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए आईआईटी- एम के दरवाजे खोल दिए हैं. हमें विश्वास है कि हम समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने के लिए ऐसे और प्रोग्राम शुरू करेंगे. सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को भी शिक्षा का समान अवसर मिले, इसलिए इस प्रोग्राम में शुल्क माफ करने और अन्य सहायता देने का भी प्रावधान किया गया है.
- सालाना पांच लाख रुपये (5 एलपीए) से कम पारिवारिक आय वाली सभी छात्राओं के लिए शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया गया है. इसी तरह सालाना एक लाख रुपये (1 एलपीए) से कम पारिवारिक आय वाले सभी छात्रों के लिए यह शुल्क पूरी तरह माफ है. यह सीएसआर के सहयोग से संभव होता है, जिसमें वेरिजोन, रेनॉल्ट निसान, एचएसबीसी, टाटा एआईए, सदरलैंड, एलटीटीएस, एलएंडटी थेल्स, डन एंड ब्रैड स्ट्रीट और वॉलमार्ट जैसी कंपनियों के अलावा लोगों के निजी आर्थिक योगदान और फिर सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत आर्थिक योगदान शामिल है. अब तक 3,645 से अधिक छात्र ये लाभ उठा चुके हैं और सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और इसमें उनकी आर्थिक तंगी बाधक नहीं बन रही है.
- प्रोफेसर इन चार्ज, बीएस (डेटा साइंस एंड एप्लीकेशन), आईआईटी मद्रास प्रो एंड्रयू थंगराज ने बताया कि हमारे चार वर्षीय बीएस डिग्री प्रोग्राम के सबसे आरंभिक बैच के विद्यार्थियों के लिए चार साल की पढ़ाई पूरी करना और ग्रेजुएट होना अभी बाकी है. लेकिन इसके छात्रों की उपलब्धियां और प्रशस्तियां उल्लेखनीय हैं.

### प्रोग्राम में एग्जिट के कई विकल्प दिए गए हैं : प्रो विग्नेश

बीएस प्रोग्राम की विशिष्टताएं बताते हुए प्रोफेसर-इन-चार्ज, बीएस (डेटा साइंस एंड एप्लीकेशन), आईआईटी मद्रास प्रो विग्नेश मुत्थुविजयन ने कहा कि प्रोग्राम में एग्जिट के कई विकल्प दिए गए हैं. इससे छात्रों के लिए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक कौशल हासिल करना संभव होता है और वे वांछित लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहते हैं. इसके अलावा इस प्रोग्राम का एक समग्र दृष्टिकोण है, जिसके तहत प्रोजेक्ट के आधार पर असाइनमेंट, अनुसंधान, शिक्षा प्रतियोगिताओं में भागीदारी और छात्र समुदायों में लीडरशिप, शिक्षा का बेहतर अनुभव और प्रतिभागियों के अंदर मूल्यवान कौशल का विकास किया जाता है.

आईआईटी मद्रास की बीएस टीम की पुरजोर कोशिश प्रोग्राम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए अवसर बढ़ाना है. यह विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से साझेदारी कर डिग्री स्तर के बीएस छात्रों को उनके कैंपस में कोर्स करने और उनके कोर्स का बीएस प्रोग्राम में क्रेडिट लेने में सक्षम बना रहा है. इस तरह छात्रों को खुद फैकल्टी से बात करने और उनके साथ काम करने की संभावना तलाशने का अवसर मिलता है. इस प्रोग्राम में शिक्षा सहायक और मेंटर भी नियुक्त किए गए हैं, जो कोर्स के विद्यार्थियों को शैक्षिक सहायता देते हैं और उन्हें इस कार्य अवधि में आईआईटीएम कैंपस में रहने की सुविधा दी जाती है.

#### केस स्टडी

1. प्रोग्राम में लचीलापन होने से विद्यार्थी पढ़ाई के बैकग्राउंड और उपलब्ध समय के अनुसार अपनी गति से कोर्स पूरा कर सकते हैं. पाठ्य सामग्री हर हमेशा उपलब्ध रहती है. यही वजह है कि रेनी नोरोन्हा और आराधना आनंद जैसी छात्राएं अपनी वैकल्पिक अभिरुचि और शिक्षा के बीच संतुलन बनाने में सफल हैं.उन्हें किसी से भी नाता नहीं तोड़ना पड़ा.
2. 18 साल की रेनी नोरोन्हा भारत की सबसे कम उम्र की महिला 'आयरनमैन' एथलीट हैं. 16 घंटे के रिकॉर्ड समय में न्यूजीलैंड में आयरनमैन का लक्ष्य पूरा कर चुकी हैं. रेनी इसके लिए हर दिन कुछ घंटे प्रशिक्षण लेती हैं और मई 2024 में डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेनेवाली हैं.
3. 21 साल की आराधना आनंद एक प्रोफेशनल हरिकथा परफॉर्मर हैं, जो लगातार अलग-अलग शहरों और देशों में परफॉर्म करती हैं. फिर भी वे अपनी पढ़ाई और परीक्षा जारी रख पाती हैं, क्योंकि भारत और विदेशों में कुल मिला कर 150 से अधिक शहरों में परीक्षा केंद्र हैं. जिन देशों में सेंटर नहीं हैं, वहां ऑनलाइन रिमोट प्रॉक्टरिंग के साथ परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)